ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी 09:56 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 3 जून 2025
वर्ष 5, अंक 102, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2026 तक मिलेंगे बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम 14

कार्लसन को हराकर गुकेश ने चुकता किया बदला 13

# जेईई एडवांस्ड में रजित और देवदत्ता नेशनल टॉपर

## परीक्षा परिणाम जारी, अलग-अलग वर्ग में दस टॉपर, रजित को 332 और देवदत्ता को 312 अंक मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जेईई एडवांस्ड का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 रजित गुप्ता ने हासिल की है। बालिका वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर देवदत्ता माझी हैं। रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक और देवदत्ता माझी ने 360 में से 312 अंक पाए हैं। परीक्षा परिणाम में अलग-अलग वर्ग में 10 टॉपर घोषित किए गए हैं।

आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 1,80,422 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 54,378 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। जिनमें 9,404 बालिकाएं शामिल हैं। परीक्षा परिणामों में सीआरएल (कॉमन रैंक लिस्ट) 10 मेधावी घोषित किए गए हैं। इनमें रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, माजिद मुजाहिद हुसैन, पार्थ मंदर वर्तक, उज्जवल केसरी, अक्षत कुमार चौरसिया, साहिल मुकेश देओ, देवेश पंकज, अर्णव सिंह व वाडलामुदी लोकेश शामिल हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा कुल 360 अंकों की हुई जिसमें पेपर-1 एवं पेपर-2 दोनों ही 180-180 अंकों के थे। जेईई एडवांस में विदेशी छात्रों ने भी परीक्षा दी थी। 129 विदेशी परीक्षार्थियों ने भी पंजीकरण कराया था। इनमें दोनों पेपर में 116 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में 13 विदेशी परीक्षार्थी क्वालीफाई हुए हैं।



रजित गुप्ता



देवदत्ता माझी

### काउंसलिंग 28 जुलाई तक

परीक्षा परिणाम आने के बाद अब युवा काउंसिलिंग में शामिल होंगे। जिसके बाद वे अपनी पसंद के इंस्टीट्यूट्स में दाखिला लेंगे। जोसा काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन 3 जून से शुरू होंगे। काउंसलिंग 28 जुलाई तक चलेगी। काउंसलिंग 6 राउंड में होगी। जेईई एडवांस्ड के कट-ऑफ अंक और मिनिमम क्वालिफाइंग प्रतिशत सभी श्रेणियों जनरल, ओबीसी-एनसीएल, ईडब्ल्यूएस, एससी और एसटी के लिए कम कर दिया गया है। अभ्यार्थियों को 10 जून तक च्वाइस फिलिंग करने का मौका मिलेगा।

### लखनऊ के श्रेयस को मिली 68वीं रैक



**लखनऊ ।** देशभर के आईआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई (ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम) एडवांस परीक्षा में लखनऊ के श्रेयस लोहिया को अखिल भारतीय स्तर पर 68वीं रैक हासिल हुई है। श्रेयस का बेस्ट परसेंटाईल स्कोर 100 प्रतिशत रहा है। लखनऊ के ही कृष्णा को 75वीं रैक हासिल हुई है। लखनऊ के तत्सत मिश्रा को 775 वीं रैक जबकि अथर्व गुप्ता को 1152 वीं रैंक मिली है।

# ठाणे में एटीएस का छापा, 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया

- सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों व सदस्यों के घरों को खंगाला

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई।

एक अधिकारी ने मामले का ब्यौरा दिए बिना बताया कि एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस की सहायता से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली गांव में सुबह करीब चार बजे छापेमारी शुरू की। उन्होंने बताया कि दोनों गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि एटीएस के अधिकारियों ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग दो दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इनमें साकिब नाचन, आकिब साकिब नाचन, अब्दुल लतीफ कासकर, कैफ नाचन और शाजिल नाचन के घर एवं परिसर शामिल हैं।

## एक नजर

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में ग्रीष्मावकाश घोषित

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित हो गया है। एक जुलाई से फिर से कोर्ट नियमित सुनवाई करेंगी। हालांकि, ग्रीष्मावकाश में जरूरी मामलों की सुनवाई के लिए सिविल और क्रिमिनल दोनों तरफ की आवश्यक पीठें काम करेंगी। उधर केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में भी पूरे जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। 8, 14, 21 और 28 जून को पीठें आवश्यक मामलों की सुनवाई करेंगी। कैट के उप रजिस्ट्रार एसके श्रीवास्तव ने कहा कि 21 जून को वर्चुअल मोड में सुनवाई होगी।

### नीट - पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है और संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी एक नोटिस में बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप नीट - पीजी 2025 की परीक्षा एक पाली में आयोजित की जाएगी। नोटिस के अनुसार न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप एक पाली में परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है और परीक्षा की संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है।

# भारत बनेगा विमान रखरखाव और मरम्मत का वैश्विक केंद्र

## आईएटीए की बैठक में मोदी ने वैश्विक कंपनियों को दिया निवेश का न्योता

- देश में 2030 तक इस क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का लक्ष्य : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वैश्विक कंपनियों को देश के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित नियामकीय ढांचे, अनुपालन में सुगमता और सरल कर ढांचे के साथ भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने उभरते क्षेत्र में रखरखाव और मरम्मत (एमआरओ) का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विमान रखरखाव के लिए वैश्विक केंद्र बनने के प्रयासों में तेजी ला रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व हवाई परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में भारत में 96 एमआरओ सुविधाएं थीं, जो अब बढ़कर 154 हो गई हैं। इसके अलावा स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी और कर को युक्तिसंगत बनाने के उपायों ने एमआरओ क्षेत्र को नई गति दी है।

मोदी ने यह भी कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक मरम्मत और रखरखाव क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का है। उन्होंने कहा कि नया भारतीय विमान अधिनियम वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप है। इसके साथ एक सुव्यवस्थित नियामकीय ढांचा, अनुपालन में सुगमता और सरल कर व्यवस्था है। यह सब प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश अवसर का प्रदान करता है। भारत में पिछली आईएटीए की सालाना आम बैठक 42 साल पहले 1983 में आयोजित की गई थी। इस बार की बैठक में 1,600 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए हैं जिनमें शीर्ष वैश्विक विमानन उद्योग के प्रमुख, सरकारी अधिकारी और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले चार दशक में देश में हुए परिवर्तनकारी बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरा हुआ है।



### वैश्विक विमानन परिवेश में देश की भूमिका बढ़ी

प्रधानमंत्री ने वैश्विक विमानन परिवेश में भारत की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक विमानन परिवेश में भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि नीति, नेतृत्व, नवोन्मेष और समावेशी विकास का प्रतीक भी हैं। मोदी ने कहा कि आज, भारत अंतरिक्ष-विमानन के क्षेत्र में एक वैश्विक अगुवा के रूप में उभर रहा है। नागर विमानन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जिसे हर जगह स्वीकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के विमानन क्षेत्र को आगे बढ़ाने वाले तीन बुनियादी स्तंभों का जिक्र किया। एक विशाल बाजार, जो केवल उपभोक्ताओं का समूह नहीं, बल्कि भारत के महत्वाकांक्षी समाज का प्रतिबिंब है, एक मजबूत जनसांख्यिकी और प्रतिभा, जहां युवा नवोन्मेषक कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी सफलताएं हासिल कर रहे हैं और एक खुला तथा सहायक नीति परिवेश, जो औद्योगिक विकास को सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने में लाएं तेजी

## मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हर क्षेत्र में तेजी लाएं। विकसित उत्तराखंड के लिए वर्ष 2047 तक गांव से जिला स्तर तक का कैसा स्वरूप होगा, इस दिशा में जिलाधिकारी काम करें। समाज के अंतिम छोर के लोगों तक पहुंचकर उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं व मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में काम करें।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि अपने जिलों में जनहित से जुड़े 5-5 बेस्ट प्रैक्टिस और नवाचारों पर काम करें।

राज्य में सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। सभी जिलाधिकारियों को नियमित स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से 25 जुलाई तक जिलों में वृहद पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए। एक पेड़ मां के नाम' अभियान को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने के साथ ही प्लास्टिक मुक्त उत्तराखंड के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा। निर्देश दिए कि जलस्रोतों के संरक्षण और अमृत सरोवरों की कार्यप्रगति की नियमित निगरानी करें और प्रत्येक जिले में इसके लिए नोडल अधिकारी बनाएं।

### ये भी दिए निर्देश

- मानसून में राज्य में औसत से ज्यादा बारिश की चेतावनी को ध्यान में रख तैयारी पूरी रखें
- डेंगू, मलेरिया और कोरोना से बचाव को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें
- सभी जिलों में आपदा प्रबंधन तंत्र अलर्ट मोड पर रखें
- चारधाम यात्रा रूट पर विशेष सतर्कता एवं सक्रियता बरतें,
- सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण हटाने को विशेष अभियान चलाएं
- अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं
- कैंची धाम स्थापना दिवस पर बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन रखें,
- सत्यापन अभियान अधिक प्रभावी एवं तेज गति से चलाएं
- फर्जी आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड व अन्य दस्तावेज के खिलाफ अभियान जारी रखें
- स्वदेशी उत्पाद बढ़ाने के साथ एक जिला-दो उत्पाद पर विशेष ध्यान दें
- सीएम की घोषणाओं की नियमित समीक्षा करें
- अपने जिलों में भूमि बैंक की स्थिति पर विशेष ध्यान दें।

# आंधी-बारिश से बदला मौसम, यलो अलर्ट

- रुद्रप्रयाग में भूस्खलन से पुल क्षतिग्रस्त, नैनीताल में पेड़ गिरा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मानसून की आमद से पहले ही उत्तराखंड का मौसम फिर बिगड़ गया है। उच्च पर्वतीय स्थानों पर बर्फबारी के अलावा निचले इलाकों में आंधी-बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने 6 जून तक इसी तरह का मौसम बने रहने का अनुमान जताते हुए तीन दिन का यलो अलर्ट जारी किया है।

सोमवार को गढ़वाल मंडल के कई जिलों में आंधी और बारिश का जोर रहा। देहरादून और टिहरी में भी मौसम में तब्दीली रही। रुद्रप्रयाग में भूस्खलन से ताला-बंरगाली मोटर मार्ग स्थित स्पान स्टील गार्डर सेतु का बायां एबटमेंट आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। लोक निर्माण विभाग, ऊखीमठ के अधिशासी अभियंता राम प्रकाश नैथानी ने बताया कि यह पुल भारी वाहनों के लिए असुरक्षित हो गया है इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत एक बार में एक हल्के वाहन का ही संचालन किया जाएगा। साथ ही, अन्य आवश्यक परीक्षण भी किए जा रहे हैं। उधर, नैनीताल में दोपहर के समय आंधी-बारिश से स्थानीय लोगों के साथ ही सैलानियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

प्री मानसून की करीब एक घंटे तक जोरदार बारिश से नगर के नाले उफान पर आ गए। आंधी से माल रोड पर बांज का पेड़ धराशायी हो गया, जिसके कारण करीब आधा घंटा तक जाम की स्थिति रही। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अभी तीन दिन राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश की संभावना के चलते यलो अलर्ट रहेगा। छह जून के बाद से मौसम सामान्य होना शुरू हो जाएगा। तापमान सामान्य से ऊपर जाएगा।



नैनीताल में माल रोड पर गिरे पेड़ को काटकर अलग करते फायर कर्मी।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज मोदी कैबिनेट की पहली बैठक

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बैठक में मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर का ब्योरा दिए जाने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से अगले हफ्ते शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र किए जाने की उम्मीद है।

सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर पर बोलने के अलावा इस बात पर प्रकाश डाल सकते हैं कि उनकी सरकार का समग्र जोर किन चीजों पर है, क्योंकि मंत्री सरकार के एक साल पूरे होने के मौके पर देशभर में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में लोगों के बीच जाने को तैयार हैं।

# शहीद सैनिकों के आश्रितों को अब 50 लाख की अनुग्रह राशि

- शासनादेश जारी, 26 जुलाई, 2024 से होगा अनुमन्य, मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य में अब शहीद सैनिकों के आश्रितों को 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि अनुमन्य होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस पर प्रदेश में शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन से संबंधित शासनादेश सोमवार को जारी कर दिया गया। सैनिक कल्याण अनुभाग के स्तर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के क्रम में यह धनराशि शहीद आश्रितों को 26 जुलाई, 2024 से अनुमन्य की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ वीर भूमि भी है। हमारे वीर जवानों ने देश की सीमाओं की सुरक्षा में अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सैनिकों के हित में भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। वन रैंक-वन पेंशन, नेशनल वॉर मेमोरियल का निर्माण, रक्षा बजट में वृद्धि के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। शहीदों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 50 लाख किया है।

# गिद्ध से टकराया विमान रांची में इमरजेंसी लैंडिंग

- पटना से आ रहे इंडिगो के विमान में सवार थे कुल 175 यात्री

रांची, एजेंसी

इंडिगो की एक उड़ान के करीब 175 यात्री सोमवार को तब बाल-बाल बच गए जब विमान को पक्षी से टकराने के बाद आपात स्थिति में रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतारा गया। एक अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं, जबकि विमान एयरबस 320 को नुकसान पहुंचा है।

बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आर आर मौर्य ने बताया कि रांची के पास इंडिगो की एक उड़ान से गिद्ध टकरा गया। घटना के वक्त विमान रांची से करीब 10 से 12 नौटिकल मील दूर, करीब 3,000 से 4,000 फुट की ऊंचाई पर था। विमान पटना से रांची आ रहा था और पायलट को उसे यहां आपातस्थिति में विमान उतारना पड़ा। यह घटना दोपहर 1 :14 बजे हुई। विमान का कोलकाता जाने का कार्यक्रम था।





# पूर्वोत्तर के राज्यों को उत्तराखंड देगा मदद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने असम, त्रिपुरा एवं अरुणाचल प्रदेश में हाल में आई बाढ़ की स्थिति को लेकर संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से सोमवार को दूरभाष पर वार्ता की।

मुख्यमंत्री ने असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू से बात कर उनके राज्यों में हो रही भारी वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। कहा कि उत्तराखंड की जनता पूर्वोत्तर राज्यों के साथ खड़ी है। उत्तराखंड सरकार आवश्यकता पड़ने पर संबंधित राज्यों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

# कम शुल्क पर आयात कर सकेंगे इलेक्ट्रिक कार

## दिशा-निर्देश जारी, 4,150 करोड़ निवेश वाली कंपनियों को 15% शुल्क पर आयात की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के तहत सोमवार को दिशानिर्देश अधिसूचित कर दिए। इसमें स्थानीय विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने पर 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली कंपनियों को महज 15 प्रतिशत आयात शुल्क पर सालाना 8,000 इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात की अनुमति दी गई है।

इस योजना को पिछले साल 15 मार्च को अधिसूचित किया गया था, लेकिन भारी उद्योग मंत्रालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश सोमवार को जारी किए। इससे इलेक्ट्रिक कार विनिर्माताओं के लिए आवेदन खिड़की खुलने पर आवेदन करने का रास्ता साफ हो गया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, वैश्विक ईवी विनिर्माताओं को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीकृत आवेदकों को आवेदन मंजूर होने की तारीख से पांच साल के लिए 15 प्रतिशत के कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य वाली पूरी तरह तैयार (सीबीयू) इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहनों के आयात की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, आयात शुल्क में राहत पाने के लिए स्वीकृत आवेदकों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

वहीं चार्जिंग ढांचा तैयार करने पर किए गए व्यय को प्रतिबद्ध निवेश के पांच प्रतिशत तक माना जाएगा। योजना के तहत आवेदकों को अनुमोदन पत्र जारी करने की तारीख से तीन साल के भीतर 25 प्रतिशत का न्यूनतम घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) और 50 प्रतिशत का न्यूनतम डीवीए पांच साल के भीतर हासिल किया जाना चाहिए।



### शुल्क में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट

प्रति आवेदक को शुल्क के रूप में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट देने या फिर योजना के तहत किए गए उसके निवेश तक सीमित किया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने कहा कि तीन साल की अवधि में आवेदक को भारत में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये (लगभग 50 करोड़ डॉलर) की निवेश प्रतिबद्धता जतानी होगी। आवेदक को आवेदन मंजूर होने की तारीख से तीन साल के भीतर इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने और परिचालन शुरू करना होगा। नए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और संबद्ध सुविधाएं, इंजीनियरिंग शोध एवं विकास पर किया गया व्यय भी इस योजना के तहत निवेश से जुड़े लाभ पाने के लिए पात्र होगा। हालांकि, संयंत्र के लिए भूमि पर किया गया व्यय इसका हिस्सा नहीं होगा लेकिन मुख्य संयंत्र की नई इमारतों को निवेश का हिस्सा माना जाएगा, बशर्ते यह प्रतिबद्ध निवेश के 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य के मद्देनजर की गई यह व्यवस्था

# विशेष स्वास्थ्य शिविर में 172 लोगों का हुआ परीक्षण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य की समग्र जांच एवं देखभाल सुनिश्चित करने के लिए राजभवन में सोमवार को विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं रोगियों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने शिविर में मौजूद लोगों से भी संवाद कर उनके अनुभव जाने और चिकित्सकीय व्यवस्था की सराहना की। शिविर में बी.डी. पांडे जिला चिकित्सालय से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा 172 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न चिकित्सा विभागों जैसे नेत्र रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा तथा हड्डी रोग (ऑर्थोपेडिक) के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में ईसीजी सहित विभिन्न परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया।



राजभवन में स्वास्थ्य शिविर में सेवाएं देने वाली टीम के साथ राज्यपाल गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही अच्छे जीवन की आधारशिला है। राजभवन परिवार का उत्तम स्वास्थ्य मेरी प्राथमिकता है। जब कार्मिक एवं उनके परिजन स्वस्थ होंगे, तभी वे पूरी क्षमता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, राजभवन के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. एनएस गुंज्याल, सीएमओ डॉ. हरीश चंद पंत, पीएमएस डॉ. तरुण टम्टा, फिजिशियन डॉ. अभिषेक कुमार गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचि गुप्ता, सर्जन डॉ. बीके मिश्रा, पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव, नेत्र शल्यक डॉ. स्नेही कन्याल, मनोचिकित्सक डॉ. गरिमा कांडपाल एवं कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुधांशु सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल भारत का स्वर्णिम कालः धामी

- सीएम धामी ने 'मोदी सरकार के 11 वर्ष-संकल्प से सिद्धि तक' वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित किया

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'मोदी सरकार के 11 वर्ष-संकल्प से सिद्धि तक' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के 11 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण करने जा रहे हैं।



11 वर्षों का यह युग परिवर्तनकारी कालखंड भारत के आत्मगौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीयता की भावना के पुनर्जागरण का ऐतिहासिक काल रहा है जिसमें हमारा देश वैश्विक मंच पर एक सशक्त, सक्षम और समर्थ राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 से प्रारंभ हुई ये यात्रा भारतीय जनमानस की आकांक्षाओं को यथार्थ में बदलने की यात्रा रही। इस यात्रा में प्रधानमंत्री ने ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' के मूलमंत्र के साथ राष्ट्रप्रथम की भावना को आत्मसात करते हुए राष्ट्र के नव निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री ने शासन व्यवस्था को न केवल नई कार्य संस्कृति से समृद्ध किया, बल्कि नीतियों को निर्णायक बनाकर सही नीयत और नतीजों से विकास के नए आयाम स्थापित किए। प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज भारत जी-20, क्वाड और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। 2014 से पूर्व भारत का कोई भी बड़ा शहर आतंकवाद के साए से सुरक्षित नहीं था। परंतु आज दुश्मन देश के किसी भी आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज उत्तराखंड में भी विकास की गंगा बह रही है। दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड, ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ-बद्रीनाथ मास्टर प्लान और भारतमाला- पर्वतमाला जैसी महत्त्वाकांक्षी योजनाएं इसके कुछ उदाहरण हैं।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर रेवोल्यूशन का अभूतपूर्व दौर

मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्व है कि आज भारत 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था बनकर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। आज ''वोकल फॉर लोकल'', ''मेक इन इंडिया'', ''स्किल इंडिया'' और ''स्टार्टअप इंडिया'' जैसी पहलों के माध्यम से देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। इतना ही नहीं, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम वाला देश भी बन गया है। बीते 11 वर्षों में देश ने 'इन्फ्रास्ट्रक्चर रेवोल्यूशन' का अभूतपूर्व दौर भी देखा है। भारत के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, हाईस्पीड ट्रेन नेटवर्क, मेट्रो रेल नेटवर्क, विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे और रोड नेटवर्क को देखकर दुनिया का प्रत्येक देश चकित है। इन 11 वर्षों में पीएम मोदी के मजबूत नेतृत्व में अनुच्छेद 370 की समाप्ति, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, ट्रिनागरिकता संशोधन कानून और वक्फ संशोधन अधिनियम आदि ऐतिहासिक निर्णय लिए गए।

# बागेश्वर डीएम कमेटी बनाएं और नौ माह में अतिक्रमण को हटवाएं

हाईकोर्ट ने बागेश्वर में सरकारी जमीन व बंगलों पर अतिक्रमण संबंधी याचिका पर की सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने बागेश्वर जिले में सरकारी जमीन व पुराने बंगलों पर अतिक्रमण संबंधी याचिका पर सुनवाई की।



खंडपीठ ने जिलाधिकारी बागेश्वर को निर्देश दिए कि राजस्व, लोक निर्माण और वन सहित सम्बंधित विभागों की कमेटी बनाकर नौ माह में अतिक्रमण हटवाकर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। याचिका पर अब नौ माह बाद सुनवाई होगी।

### प्रशासन ने माना, लोगों ने अतिक्रमण कर खोले रिसॉर्ट

पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने प्रशासन से स्थिति से अवगत कराने को कहा था। सोमवार को जिला प्रशासन ने बताया कि, सरकारी भूमि व सार्वजनिक सम्पतियों पर अतिक्रमण हुआ है। सम्पतियों पर कब्जा करके लोगों ने होटल, होम स्टे व रिसॉर्ट खोल दिए हैं। जिन लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है, उन सभी को खाली करने का नोटिस दे दिया गया है। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि प्रशासन ने केवल कोर्ट के आदेश पर औपचारिकता निभायी है जबकि हकीकत में अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है।

### जनहित याचिका में यह है मामला

गोपाल चंद वनवासी ने याचिका में कहा कि गरुड़, बागेश्वर, कौसानी व चौकोड़ी समेत अन्य स्थानों पर सरकारी जमीन व सम्पतियों पर कब्जा करके 20 से ज्यादा रिजॉर्ट खोल दिए गए हैं। याचिकाकर्ता ने अगस्त 2024 में शिकायत दर्ज करायी लेकिन रसूखदार होने के चलते इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पर्यटन सीजन के दौरान स्थानीय लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब सड़क पर जाम लगता है तो एम्बुलेंस तक कई घन्टे जाम में फंस जाती है। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि सरकारी भूमि व सरकारी सम्पतियों से अतिक्रमण हटवाया जाए।

# स्लॉटर हाउस आदेश की अनुपालन रिपोर्ट तलब

- दून वैली में बिना परीक्षण खुले में मछली, मुर्गे व बीमार जानवर काटने संबंधी याचिका पर सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने दून वैली में बिना स्लॉटर हाउस के दुकानदारों द्वारा बिना परीक्षण के खुले में मुर्गे व मछली और मीट कारोबारियों द्वारा बीमार जानवर काटने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि हाईकोर्ट ने जो आदेश स्लॉटर हाउसों के सम्बंध में वर्ष 2016-17 में दिए थे, उनका अभी तक कितना अनुपालन हुआ है, उसकी रिपोर्ट चार सप्ताह के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत करें। मामले के अनुसार, देहरादून निवासी मोनिका मोसेस ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि नगर निगम देहरादून द्वारा स्लॉटर हाउसों के नियमों का पालन नहीं कराया जा रहा है जबकि वर्तमान में मीट कारोबारी बड़े जानवरो को स्लॉटर हाउस में काटकर बेच रहे हैं परन्तु मछली व मुर्गी बिना स्लॉटर हाउस के अपनी दुकानों में ही काट रहे है जबकि फूड इंस्पेक्टर द्वारा इनकी जांच तक नहीं की जाती। पूर्व में उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि बकरे, मछली, सूकर व मुर्गे को बिना स्लॉटर हाउस के नहीं काटा जाए। काटने से पहले उनका चिकित्सीय परीक्षण किया जाए लेकिन अभी मछली व मुर्गे बिना चिकित्सीय परीक्षण के, बिना स्लॉटर हाउस के खुले में काटे जा रहे हैं, जो उच्च न्यायालय, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश व नगर पालिका व नगर निगम की नियमावली के विरुद्ध है। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि अगर किसी जानवर को कैद किया जाता है तो उसके लिए उसके शरीर के अनुसार पिंजड़ा होना चाहिए। मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

## तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई

**हल्द्वानी :** शहर में अपराह्न तक मौसम सामान्य बना हुआ था लेकिन बाद में अचानक मौसम बदल गया। पहाड़ों में बारिश हो रही थी तो वहीं हल्द्वानी में धूल भरी तेज हवा चल रही थीं। सड़क पर राहगीरों का चलना भी मुश्किल हो गया। बाद में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। सोमवार को भी मौसम ने एक बार फिर से करवट ली। विगत दिनों की अपेक्षा अब दिन के समय तेज गर्मी पड़ रही है। दोपहर के समय काफी तेज धूप थी। बाद में बादल छाने लगे। हल्द्वानी में धूल भरी तेज हवा चलने लगी। आंधी इतनी तेज थी कि लोगों को अपने वाहनों को रोककर खड़ा होना पड़ गया। करीब एक घंटे तक इसी तरह का मौसम बना रहा। बाद में हल्की बूंदाबांदी हुई।

## 10 से 12 जून तक आ सकता है मानसून

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मौसम विभाग केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, जून के पहले सप्ताह में प्री-मानसून की बारिश होगी। पांच जून के बाद बारिश थम जाएगी। इससे पहले उत्तराखंड में कई जगहों पर हल्की बारिश होती रहेगी, जिसे प्री मानसून शॉवर भी कहा जा सकता है। उत्तराखंड में इस बार 10 जून के बाद मानसून सक्रिय होने की उम्मीद है। मानसून आने के बाद प्रदेश में बारिश भी जोर पकड़ेगी।



सरोवर नगरी में बारिश होने के बाद कुछ इस तरह का रहा मौसम। ● अमृत विचार

# सरोवर नगरी में झमाझम बारिश

- तेज हवाओं के साथ करीब एक घंटे होती रही बरसात
- माल रोड पर बांज का पेड़ गिरा आधा घंटा तक लगा रहा जाम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में सोमवार दोपहर प्री मानसून ने जमकर पानी बरसाया। तेज हवाओं के साथ घंटा भर बारिश हुई।

नगर में सुबह से घने बादल छाए हुए थे लेकिन दोपहर तक मौसम सामान्य बना रहा। करीब 3:15 बजे तेज हवाएं चलनी शुरू हो गईं। बाद में तेज बौछारें गिरनी शुरू हो गई। बारिश इतनी तेज थी कि भीगने से बचने के लिए अफरातफरी मच गई। इधर, सरोवर नगरी में काफी संख्या में सैलानी पहुंचे हुए हैं। ऊंची चोटियों की सैर पर पहुंचे सैलानियों की फजीहत हो गई। नगर के नाले उफान पर आ गए। नैनी झील में कूड़े के ढेर समा गए।

कई मार्गों पर जलभराव हो गया। इस बीच माल रोड पर बांज का पेड़ गिर गया। इस दौरान कुछ दुकानदारों को नुकसान हुआ जबकि बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा पेश नहीं आया। वन विभाग ने जल्द पेड़ काटकर मार्ग साफ करवाया। इस दौरान लगभग आधा घंटे तक जाम लगा रहा। वर्षा थमने के बाद मौसम के साथ ही पर्यटन गतिविधियां भी सामान्य हो गईं। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश 10 मिमी हुई। आद्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 50 प्रतिशत दर्ज की गई।



लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

## प्रतियोगिता में नीलगिरी हाउस बना विजेता

**भीमताल :** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल के जूनियर इंटर हाउस सांस्कृतिक प्रतियोगिता में नीलगिरी हाउस ने विजय प्राप्त की। विद्यालय सभागार में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य निदेशक एसएस नेगी, रंगकर्मी अनिल घिल्डियाल और बृजमोहन जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता के हनुमान वंदना में हिमालय हाउस, क्रॉप एरोबिक डांस में शिवालिक हाउस, लोक नृत्य राजस्थानी नृत्य में विध्यां हाउस, पंजाबी भांगड़ा में नीलगिरी हाउस, हिमाचली लोकगीत में नीलगिरी हाउस, भारतीय सांस्कृतिक नृत्य में नीलगिरी हाउस, अंग्रेजी नाटक में हिमालय हाउस और आर्केस्ट्रा में नीलगिरी हाउस प्रथम रहे। प्रधानाचार्य ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। उपविजेता व प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को और अधिक परिश्रम और लगन के साथ अगले वर्ष तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक कंचन जोशी ने किया।

## नवल किशोर और डॉ. मोहित आमने-सामने

**नैनीताल, अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का 4 जून को चुनाव संपन्न होगा। चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें दस नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। अध्यक्ष पद पर नवल किशोर और डॉ. मोहित सनवाल, उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश सगटा और तारा सिंह रैखोला, महिला उपाध्यक्ष पद पर शैलजा वर्मा, सचिव पद पर नवीन उप्रेती और जगदीश चंद्र, उपसचिव पद पर तारा सिंह और रंजीत कीर्ति तथा कोषाध्यक्ष पद पर संजीत कुमार ने नामांकन दाखिल किए। 4 जून को मतदान किया जाएगा। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. ललित तिवारी, चुनाव अधिकारी राकेश विश्वकर्मा तथा नवीन चंद्र पनेरु ने नामांकन पत्रों की जांच की।

# पत्रकारों को मिलेगा स्वास्थ्य संबंधी लाभ

- संयुक्त निदेशक, डॉ. नितिन उपाध्याय ने पत्रकारों संग की वार्ता

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ. नितिन उपाध्याय ने सोमवार को नैनीताल क्लब में जिला मुख्यालय नैनीताल के पत्रकारों के साथ बैठक कर उत्तराखंड सरकार द्वारा पत्रकारों के हितों में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी । उन्होंने पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को जाना एवं उनके निराकरण हेतु शासन स्तर पर की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया।

संयुक्त निदेशक डॉ. उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार प्रदेश सरकार सूचना विभाग के माध्यम से पत्रकारों को स्वास्थ्य एवं बीमा संबंधी लाभ प्रदान करने हेतु गोल्डन कार्ड एवं बीमा के लिए पॉलिसी तैयार कर रही है। इससे मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ ही सक्रिय तौर पर कार्य कर रहे पत्रकारों को भी लाभ मिलेगा। सरकार की प्राथमिकता है कि पत्रकारों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा मिले।



पत्रकारों से वार्ता करते सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ. नितिन उपाध्याय। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने पत्रकार पेंशन योजना को अब 8000 रुपये मासिक कर दिया है। पत्रकारों को पेंशन सुविधा का लाभ देने हेतु मान्यता संबधी पात्रता में युक्तिसंगत बदलाव को प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

जिला स्तर से पत्रकार कल्याण कोष से पत्रकारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु त्वरित कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने, जिला एवं तहसील स्तर पर मान्यता प्रक्रिया सरल बनाने, प्रेस कवरेज के दौरान वाहन पार्किंग की व्यवस्था कराने, प्रेस कॉलोनी का निर्माण कराने, जिला स्तर पर सूचना विभाग द्वारा प्रेस पास निर्गत करने की मांगें रखीं। बैठक से पूर्व वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, सूचना अधिकारी, मीडिया सेंटर हल्द्वानी, प्रियंका जोशी मौजूद रहीं।

# पत्रकारों के लिए जल्द लगेगा मेडिकल कैंप

- मुख्यमंत्री धामी ने दिखाई संवेदनशीलता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के पत्रकारों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पत्रकारों के लिए शीघ्र एक विशेष मेडिकल कैम्प आयोजित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो हर परिस्थिति में जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। उनके स्वास्थ्य की देखभाल सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार एवं सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल कैम्प में चिकित्सा विशेषज्ञों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।



कैम्प में स्वास्थ्य की सभी आवश्यक जांचें उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि पत्रकारों को समुचित चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार मिल सके। इस क्रम में स्वास्थ्य सचिव ने निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कैम्प जल्द ही सूचना विभाग परिसर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आगे भी समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए जाएंगे, ताकि पत्रकारों को निरंतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

उत्साह | ऑल सेंट्स कॉलेज में वार्षिक क्रीड़ा दिवस और रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मचाया धमाल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल में वार्षिक क्रीड़ा दिवस व रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर धमाल मचा दिया।

कॉलेज की खेल कप्तान इकनूर कौर विर्क और उप कप्तान गुर्दृष्टि कौर मशाल को स्टेडियम लेकर आईं। कार्यवाहक प्रधानाचार्या अंजना रिचर्ड्स ने मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। नन्हें बच्चों की एरोबिक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 6 से 8 की छात्राओं ने प्रस्तुत फैन डांस से पारंपरिक कला और संस्कृति को जीवंत किया। कक्षा 9 से 12 की छात्राओं ने ट्रस्ट एंड हार्मनी विषय पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 4 और 5 की छात्राओं ने मेपोल डांस के माध्यम से वसंत, रंगों और एकता का उल्लासपूर्ण प्रदर्शन किया। मास पीटी प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहा। छात्राओं ने त्रिनिटी नॉट के प्रतीक के माध्यम से शक्ति, संतुलन और आत्मिक समर्पण को दर्शाया। ऑल सेंट्स कॉलेज की छात्राओं ने इंटरस्कूल गर्ल्स गवर्नर कप गोल्फ टूर्नामेंट में पहला स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में ऋतिका भट्ट, हिताक्षी बिष्ट, आनिया शाह, समैरा नरूला और नंदिनी बिष्ट शामिल रहीं। गोल्फ में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आनिया शाह को चीफ जस्टिस कप से सम्मानित किया गया।



ऑल सेंट्स कॉलेज में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमाऊं मंडल विकास निगम के एमडी विनीत तोमर, विशिष्ट अतिथि डॉ. अविनाश चंद, डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह, संचिता दान, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी, पास्टर जॉन जॉर्ज मुनव्वर, एडवोकेट राजीव सिंह बिष्ट, गीता साह, वृंदावन पब्लिक स्कूल के आलोक साह व गीता साह आदि मौजूद रहे।

## 25 व्यापारियों को बकाया नोटिस जारी

**नैनीताल :** जीएसटी विभाग ने जिले के 25 व्यापारियों को बकाया नोटिस जारी किए हैं। इन व्यापारियों पर विभाग का 10 लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया है। नोटिस प्राप्त करने वाले व्यापारी नैनीताल, रामगढ़, मुक्तेश्वर, भीमताल, और बेतालघाट क्षेत्र से संबंधित हैं।

इनमें अधिकांश कंपोजिशन स्कीम के तहत पंजीकृत व्यापारी हैं, जिन्होंने पिछले दो से तीन तिमाहियों से जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किया है। राज्य कर विभाग ने व्यापारियों को टैक्स जमा करने के लिए एक माह की समय-सीमा दी है। यदि निर्धारित अवधि में टैक्स जमा नहीं किया गया, तो संबंधित व्यापारियों पर 25,000 रुपये प्रतिमाह की दर से जुर्माना लगाया जाएगा।

### लंबित समस्याओं के निस्तारण की मांग

**नैनीताल, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत अधिकारी एसोसिएशन एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी, नैनीताल को पांच सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। आनंद सिंह जलाल ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की कई महत्वपूर्ण मांगें लंबे समय से लंबित हैं।पदाधिकारियों ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को पिछले डेढ़ वर्ष से लंबित एसीपी (वेतन वृद्धि) का लाभ शीघ्र प्रदान करने, वरिष्ठता सूची जल्द जारी करने, पंचायत कार्यों के सुचारु संचालन को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री सत्य प्रकाश द्विवेदी, आनंद बल्लभ पांडे, गीतांजलि पडियार व हेमा बृजवाल आदि शामिल रहे।

### 30 किमी ट्रैकिंग कर लोगों को किया जागरूक

**भवाली :** रामगढ़ रोड से एडिडास रनर ग्रुप दिल्ली की ओर से ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। 40 धावक रामगढ़, नावली, नथुवा खान व ओढाखान शीतला से जंगलों के रास्ते मुक्तेश्वर पहुंचे। कप्तान ज्योति कुमार व आमना ने बताया कि 30 किमी का सफर 12 घंटे में तय किया गया। इसका उद्देश्य समाज को उत्तम स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना है। सदस्य रमेश नेगी ने बताया कि फिट रहने को सदस्य दौड़ लगाते हैं।

**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

| 31.0° | 21.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.13 | सूर्यास्त 19.08 |

## एक नजर



### देहरादून में हल्द्वानी के वैभव का जलवा

**हल्द्वानी :** वैभव पांडे ने देहरादून में 1 जून को आयोजित एक दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में 7 में से पांच अंक बनाकर बेस्ट अंडर 18 का खिताब जीता है। वैभव ने आखिरी दो राउंड में अपने से शीर्ष क्रम के वरीयता खिलाड़ियों को हराया। हल्द्वानी के रहने वाले वैभव इससे पहले भी वह सीबीएसई क्लस्टर में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। वैभव पूर्व में राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। वैभव ने शतरंज खेलना अपने दादा डॉ. चंद्रशेखर पांडे से सीखा। वैभव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा व कोच नीरज शाह को दिया है।

### लाइनमैन की करंट लगने से मौत

**लालकुआं :** विद्युत लाइन में फॉल्ट ढूंढने के दौरान अचानक लाइन में करंट आने से लाइनमैन की मौत हो गई। सोमवार शाम विद्युत आपूर्ति ठप होने पर बिंदुखत्ता क्षेत्र का लाइनमैन सुनील सिंह दानू (28) हाटाग्राम क्षेत्र में फॉल्ट ढूंढ रहा था, तभी अचानक विद्युत लाइन में करंट आने से सुनील झुलसकर पोल से गिर गया और बेहोश हो गया। सुनील को एसटीएच हल्द्वानी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुनील बिंदुखत्ता क्षेत्र के तिवारीनगर चित्रकूट क्षेत्र का निवासी था। सुनील की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी मंजू, पिता कुंवर सिंह, माता कमला देवी, बड़े भाई करन और बच्चों 4 वर्षीय सिद्धार्थ और तीन वर्षीय पुत्री निहारिका का रो-रोकर बुरा हाल है। जेई इंतजार अली के अनुसार, संभवत: लाइन में बैक करंट आने के चलते यह घटना हुई। एसडीओ संजय प्रसाद ने बताया कि सुनील ने ब्रेकडाउन लिया था, इसी दौरान यह घटना घटित हो गई।

**देवी-देवताओं की मूर्तियां पहुंचीं, चार जून को मंदिर प्रबंधन को सौंप दिया जाएगा नया भवन, कल से शुरू होगी शिफ्टिंग**

# प्राचीन कालू सिद्ध मंदिर का नया भवन बनकर तैयार

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



कालू सिद्ध मंदिर के लिए पहुंचीं मूर्तियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कालू सिद्ध मंदिर के नए भवन में शिफ्टिंग की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। कल नया भवन मंदिर प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया जाएगा। छह जून से मंदिर में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा का विधि विधान से शुभारंभ होगा।

नैनीताल रोड में चौड़ीकरण की जद में आ रहे प्राचीन श्री कालू सिद्ध मंदिर अब नए भवन में शिफ्ट होने के लिए तैयार है। नए भवन को उत्तर भारतीय नागर शैली में बनाया गया है। मंदिर में संगमरमर और दीवारों पर नक्काशी की गई है। नए भवन का श्री कैंची धाम मंदिर की तर्ज पर रंग रोगन किया गया है। जो बरबस ही श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा।

श्री हरि विष्णु, शनिदेव, श्रीगोल्ज्यू देवता, राम दरबार, शिव परिवार, मां दुर्गा समेत देवी-देवताओं की 15 प्रतिमाएं पहुंच चुकी हैं। संभावना है कि आज साफ-सफाई के बाद कल तक नए भवन को मंदिर प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया जाएगा। फिर पांच जून को बरेली से महंत कालू गिरी जी महाराज पहुंचेंगे और नया भवन विद्युत झालरों से सजाया जाएगा। फिर छह जून से विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा शुरू होगी जो आठ जून तक होगी। प्राण प्रतिष्ठा के समापन पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

**वृक्ष मंदिर के समीप ही होगा रिलोकेट**

प्राचीन श्री कालू सिद्ध मंदिर में वर्षों पुराना वृक्ष अब गोशाला में रिलोकेट नहीं किया जाएगा। श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए डीएम वंदना ने निर्देश दिए थे कि वृक्ष को मंदिर परिसर में ही स्थापित किया जाए। इसके बाद वृक्ष को लॉपिंग करने के बाद मंदिर से सटे रिक्त स्थान पर रिलोकेट किया जाएगा।

**बोलीं नगर आयुक्त**



प्राचीन कालू सिद्ध मंदिर का नया भवन लगभग तैयार है। कल मंदिर प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया जाएगा। छह जून से देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का विधिवत शुभारंभ होगा।

**-ऋचा सिंह**, नगर आयुक्त

# किशोरी के अपहरण में युवक के खिलाफ केस

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- **सितारगंज के युवक पर नाबालिग को ले जाने का आरोप**
- **परिजन बोले, घर से दवा लेने गई थी और लौटकर नहीं आई**

**अमृत विचार :** शहर से नाबालिगों के गायब होने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हल्द्वानी कोतवाली के राजपुरा क्षेत्र से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। परिजनों ने एक युवक पर उसके अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर किशोरी और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

वार्ड 13 राजेंद्र नगर राजपुरा निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसकी 16 साल की बेटी बीती 1 जून की शाम को घर से मेडिकल स्टोर से दवा लेने की बात कह निकली थी। लेकिन इसके बाद वह लौट कर घर नहीं आई। देर रात तक परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे। इस दौरान उन्हें पता लगा कि सितारगंज ऊधमसिंह नगर में रहने जितेंद्र नाम के युवक ने उसका अपहरण कर लिया है। परिजनों को आशंका है कि जितेंद्र उनकी बेटी के साथ अनहोनी कर सकता है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# रात में नहीं हुआ अल्ट्रासाउंड और गर्भ में ही मर गया बच्चा

## 29 मई की हल्द्वानी के राजकीय महिला अस्पताल की है घटना

**दुर्भाग्य**

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** राजकीय महिला अस्पताल में बीती 29 मई को एक घटना हुई, अस्पताल में एक गर्भवती प्रसव के लिए पहुंची तो डॉक्टरों ने अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहा लेकिन रात के समय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं थी। बाद में महिला का प्रसव हुआ तो मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। परिजनों का कहना है कि अस्पताल में रात के समय भी अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था होनी चाहिए।

दीपा बिष्ट पंचायत घर के पास रहती हैं। उनकी शादी अल्मोड़ा जिले में हुई है। उनके भाई संतोष बिष्ट ने बताया कि वह अपनी गर्भवती बहन का प्रसव कराने के लिए अन्य परिजनों के साथ महिला अस्पताल पहुंचे। उनके घर की महिलाओं का कहना है कि अस्पताल ले जाते समय पेट में बच्चा हरकत कर रहा था। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि दीपा का अल्ट्रासाउंड कराना होगा। महिला अस्पताल में रात के समय अल्ट्रासाउंड नहीं होता है। परिजनों ने बहुत कोशिश की लेकिन दीपा का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाया। इसके बाद बिना अल्ट्रासाउंड हुए ही दीपा प्रसव हुआ। दीपा के भाई संतोष ने बताया कि दीपा ने मृत बच्चे को जन्म दिया। घटना ने पूरे परिवार को झकझोर दिया है। उनका कहना है कि एसटीएच ले जाने का समय ही नहीं मिला। सबको यही लगता है कि अस्पताल में जरूरी सेवाएं हर समय होनी चाहिए।

**सामाजिक कार्यकर्ता ने उठाई आवाज**



**हल्द्वानी :** हल्द्वानी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता बीसी पंत ने बताया कि संतोष उनके परिचित हैं और उनके साथ सामाजिक मुद्दों पर संघर्ष करते रहते हैं। कहा कि घटना के बाद हमने इस बात पर सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत से बात की थी। बीसी पंत ने कहा कि हमारी बस यही मांग है कि जो हमारे परिचित के साथ हुआ वह अन्य के साथ न हो और सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू तरीके से दी जाएं। इधर सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत ने कहा कि महिला डॉक्टरों के पास डॉप्लर की सुविधा होती है जिससे गर्भ में बच्चे की धड़कन पता की जा सकती है। कहा कि महिला अस्पताल में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक अल्ट्रासाउंड होते हैं। बाकी आकस्मिक होने पर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा जाता है।

**स्टाफ हो तो नहीं होगी परेशानी**

**हल्द्वानी :** महिला अस्पताल में जब अल्ट्रासाउंड नहीं होता है तब गर्भवती को एसटीएच ले जाना पड़ता है। हर बार समय और गर्भवती की ऐसी हालत नहीं होती कि गर्भवती को सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाकर उसका अल्ट्रासाउंड करवाया जा सके। बेहतर यही होगा कि महिला अस्पताल में भी अल्ट्रासाउंड सेवा को 24 घंटे के लिए शुरू किया जाए।



बीपाल्म पद्धति से टीबी मरीज का उपचार करने वाली चिकित्सकीय टीम। ● अमृत विचार

# बीपाल्म पद्धति से ठीक होंगे टीबी मरीज

**सुविधा**

- **चार दवाओं के संयोजन से तैयार होती है दवा,**
- **उपचार में छह से नौ माह का लगता है समय**

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** टीबी रोगियों के उपचार में अब नई पद्धति का इस्तेमाल किया जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के टीबी और चेस्ट अस्पताल में बीपाल्म पद्धति की शुरूआत हो गई है। इस पद्धति में चार दवाओं को मिलाकर एक दवा बनाई जाती है। साथ ही पारंपरिक पद्धति के मुकाबले इससे उपचार कम समय में होता है।

सोमवार को टीबी व रेस्पाईरेट्री मेडिसन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरजी नौटियाल की उपस्थिति में एक 72 वर्षीय मरीज का बीपाल्म पद्धति से उपचार शुरू किया गया और उसे दवा की किट दी गई। नोडल आफिसर एनटीईपी डॉ. रवि कुमार शर्मा ने बताया कि इस पद्धति से 14 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों को ठीक किया जाता है। राजकीय टीबी क्लीनिक हल्द्वानी के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र पनेरू ने बताया कि बीपाल्म पद्धति उन टीबी मरीजों के लिए आशा की किरण है जो पारंपरिक पद्धति से ठीक नहीं हो पा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग से जानकारी मिली कि बीपाल्म पद्धति में चार दवाएं बीडाक्विलाइन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड और माक्सीफ्लोक्सासिन हैं। इनके संयोजन से यह दवा तैयार होती है। इससे उपचार छह से नौ माह तक चलता है जबकि पारंपरिक पद्धति से टीबी उपचार में 18 से 20 माह तक लग जाते हैं। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन के कुमाऊं मंडल सलाहकार डॉ. यतिन मल्होत्रा, जिला क्षय उन्मूलन संयोजक संतोष पांडेय, टीबीएचबी अमित जोशी, एसए त्रिभुवन तिवारी आदि रहे।

### शादी में जाने से रोका तो महिला ने खाया जहर

**हल्द्वानी :** घर में मामूली कहासुनी के बाद एक महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया। महिला ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मुखानी थाना क्षेत्र के बेल बसानी में रहने वाली मीना (35) यहां परिवार के साथ रहती है। 14 वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी और 9 साल का एक बेटा भी है। पुलिस के मुताबिक बीते रविवार को परिवार में एक शादी का निमंत्रण आया था। मीना भी इस शादी में जाना चाहती थी, लेकिन परिवार के किसी सदस्य ने इस पर एतराज जताया। जिसके बाद घर में कहासुनी हुई और इससे नाराज होकर मीना अपने कमरे में चली गई और जहर खा लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई। जिसके बाद उसे आनन-फानन में परिजन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। यहां उपचार के दौरान सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया प्राथमिक जांच में पारिवार विवाद की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मौत के कारणों की असल वजह जानने के लिए फॉरेंसिक टीम की मदद भी ली जा रही है।

# खतरनाक रपटों, भूस्खलन वाले क्षेत्रों में फोर्स करें तैनात : रावत

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



**अमृत विचार :** मानसून में आपदा से निबटने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। आयुक्त दीपक रावत ने सभी जिलाधिकारियों को खतरनाक बरसाती रपटें, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में बारिश के दौरान फोर्स की तैनाती के निर्देश दिए ताकि आमजन की आवाजाही नहीं हो।

आयुक्त ने बताया कि मानसून को लेकर ड्रिल की जा रही हैं। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आपदा को लेकर तैयारियां पूरी रखें। सभी उपकरणों की जांच कर ली जाए ताकि विषम हालातों में जरूरत होने पर उपकरण चालू मिलें। कहा कि इस बार विशेष निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे संवेदनशील स्थान जहां हर वर्ष बारिश आने पर भूस्खलन होता है, बरसाती नाले जिनमें इंसान या वाहन बहते हैं उन्हें चिह्नित किया जाए। बारिश होने पर वहां फोर्स की तैनाती जरूर की जाए और पानी के बहाव को देखते हुए लोगों की आवाजाही रोकी जाए। यदि उक्त स्थानों पर फोर्स की तैनाती के लिए व्यवस्था नहीं है तो अस्थायी तौर पर टीन शेड, फाइबर के जरिए अस्थाई चौकी बनाई जाए। लोनिवि, पीएमजीएसवाई आदि विभागों को भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में जेसीबी लगाने के लिए निर्देश दिए हैं ताकि मार्गों पर यातायात सुचारू रहे। बाकी नाले-नालियों, कलवर्ट की सफाई के लिए भी कहा गया है।

**जहां गड्ढे खोदें तुरंत भरान करें ताकि हादसा नहीं हो**

**हल्द्वानी :** आयुक्त रावत ने कहा कि शिकायतें मिल रही हैं जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल लाइन बिछाने के लिए गड्ढे खोदे जा रहे हैं लेकिन फिर भरान समय पर नहीं हो रहा है। इसके लिए नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम की तीन टीमें बनाई थी जिन्होंने रिपोर्ट सौंपी है। बारिश में सड़क बनाना संभव नहीं होता है इसलिए उन्हें निर्देश दिए हैं कि गड्ढा खोदने के बाद भर दिया जाए ताकि जलभराव नहीं हो और कोई हादसा नहीं हो। यदि फिर भी इसमें लापरवाही मिलती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



राज्य कर विभाग में समीक्षा करते वित्त सचिव दिलीप जावलकर।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए विशेष प्रयास करें सचल इकाइयां : जावलकर

**हल्द्वानी :** वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने सोमवार को गौलापार स्थित राज्य कर विभाग में कुमाऊं स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष के लक्ष्य की प्राप्ति की समीक्षा की। विभिन्न विषयों पर अधिकारियों के सुझाव भी लिए। सचिव जावलकर ने खंड कार्यालयों में राजस्व संग्रहण के लिए प्रभावी प्रयास बढ़ाने, अधिकारियों को फील्ड में उतरने, संविदाकारों की ओर से मिले भुगतान के सापेक्ष कर जमा किये जाने की जांच के निर्देश दिए। ऑडिट इकाई की समीक्षा में अवशेष मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण, अपील में व्यापारियों को ऑनलाइन सुनवाई का मौका देने एवं लम्बित वादों का निस्तारण जल्द से जल्द करने को कहा। उन्होंने राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान इकाईयों को कर चोरी में संलिप्त फर्मों का चिह्नीकरण, कैटरिंग, ब्यूटीपार्लर, कार्पोरेटस ईवेंट्स तथा बड़े होटल एवं रिसोर्ट से संबंधित सूचनाएं संकलित कर कार्यवाही के निर्देश दिए। समीक्षा में सचल दल इकाइयों को आवंटित लक्ष्यों की शतप्रतिशत प्राप्ति एंव राजस्व वृद्धि के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। इस दौरान अपर आयुक्त राकेश वर्मा, संयुक्त आयुक्त रणवीर सिंह, विनय प्रकाश ओझा, रोहित श्रीवास्तव, रोशन लाल, स्मिता, एसएस तिरूवा मौजूद रहे।

# भारी पत्थर के एक ही वार से तरुण को उतार दिया था मौत के घाट

**फॉलोअप**

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



तरुण। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** तरुण के साथ हैवानियत की ताजा कहानी सामने आई है। बताया जा रहा है कि घटना की रात गीता के पति अनिल ने भारी-भरकम पत्थर के एक ही वार से तरुण को मौत के घाट उतार दिया था, लेकिन फिर भी अनिल ने हमला नहीं रोका। वह तब तक तरुण का सिर कुचलता रहा, जब तक उसे तरुण के शरीर में हलचल दिखती रही। बताया जा रहा है कि तरुण के सिर पर पत्थर से छह से सात बार हमला किया गया था।

राजपुरा के राजेंद्र नगर निवासी 28 वर्षीय तरुण सिंह रावत दमुवाढूंगा में किराए के मकान में रहता था। तरुण और गौजाजाली में रहने वाली गीता साहू पत्नी अनिल साहू के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था, लेकिन तरुण के पिता के मुताबिक यह सब षड्यंत्र का हिस्सा था।

गीता और उसके पति अनिल, तरुण को रुपये ऐंठने के लिए इस्तेमाल किया और इसके लिए गीता ने तरुण को अपने प्यार के जाल में फंसाया। वादा यहां तक किया कि जल्द ही वो अनिल को तलाक देकर तरुण से शादी कर लेगी, लेकिन गीता और अनिल के षड्यंत्र का भांडा फूट गया। तरुण खर्च किए रुपए वापस मांगने लगा और फिर दोनों ने मिलकर हत्या का षड्यंत्र रचा। बीते शुक्रवार को गीता ने तरुण को रुपये वापस करने के लिए घर बुलाया और रात घर पर ही यह कहकर सुला लिया कि रात ज्यादा हो गई है, रुपये सुबह देगी। रात करीब डेढ़ बजे जब तरुण गहरी नींद में सोया था, तभी अनिल ने भारी भरकम पत्थर से उसके सिर पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि पहले पत्थर के वार के बाद तरुण जमीन से उठ नहीं सका, लेकिन फिर भी अनिल का हमला नहीं रुका। वो तब तक हमले करता रहा, जब तक तरुण का सिर पूरी तरह कुचल नहीं गया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है।

**आयोजन** | **धूमधाम से मनाया गया सेना शिक्षा कोर का 105वां स्थापना दिवस**

# कार्यक्रम में झूमे बच्चे, महिलाओं ने बांधा समां

- **वक्ताओं ने कोर के स्वर्णिम इतिहास के बारे में बताया**

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



सेना शिक्षा कोर के स्थापना दिवस का शुभारंभ करते मेयर गजराज बिष्ट व पूर्व सैनिक।

**अमृत विचार :** सेना शिक्षा कोर के 105वें स्थापना दिवस पर बच्चों और महिलाओं ने समां बाध दिया। बच्चों ने जहां रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, वहीं महिलाओं ने झोड़ा गाकर पहाड़ी परंपरा का निर्वहन किया। रविवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुए कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर गजराज बिष्ट ने किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कोर का स्वर्णिम इतिहास पढ़ा। बताया कि कोर का नया अध्याय 24 फरवरी 1971 को तब जुड़ा जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. वीवी गिरी ने कोर को ध्वज सौंपा।

ट्रेनिंग कॉलेज एंड सेंटर पचमढ़ी की शुरुआत 24 अप्रैल 1921 में हुई। ब्रिटिश भारतीय सेना मुख्यालय ने दो अलग-अलग विंगों के साथ आर्मी स्कूल ऑफ एजुकेशन की स्थापना की। 11 नवंबर 1924 को ब्रिटिश विंग को वेलिंगटन से बेलगाम स्थानांतरित किया गया, ताकि आर्मी स्कूल ऑफ एजुकेशन इंडिया बेलगाम का गठन किया जा सके। 1949 में स्कूल फिर से एइसी सेंटर और स्कूल पंचमढ़ी के रूप में नामित किया गया।

1962 में ऑडियो-विजुअल और मौलिक शिक्षा में डिप्लोमा, बाद में बैचलर आफ नाम एक डिग्री कोर्स में अपग्रेड किया गया। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन (सेनि.) राजेंद्र सिंह राठौर, उपाध्यक्ष बीसी जोशी, सचिव केएस बसवाल व कैप्टन (सेनि.) प्रेम गिरी गोस्वामी, कैप्टन (सेनि.) नरेंद्र सिंह, एचसी उप्रेती, एचएस बोरा आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने महिला के परिजनों को चेक सौंपा

- **गुलदार के हमले में मारी गई थी महिला पुष्पा देवी**
- **छह लाख रुपये की मुआवजा राशि दी**

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



गुलदार का शिकार बनी महिला के परिजन को मुआवजा राशि का चेक सौंपते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने गुलदार के हमले में मारी गई पुष्पा देवी निवासी बल्यूटी के परिजनों को छह लाख रुपये मुआवजा राशि का चेक सौंपा।

सोमवार को विधायक भगत मृतका पुष्पा देवी के बल्यूटी स्थित आवास पहुंचे और उनके निधन पर शोक जताया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से परिजनों को छह लाख रुपए का चेक सौंपते हुए कहा कि परिवार के प्रति उनकी संवेदनाएं हैं, परिवार को जो क्षतिपूर्ति हुई हो वह पूरी नहीं की सकती लेकिन भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए काम किया जाएगा। उन्होंने वन विभाग को मोरा गांव को जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ झाड़ियां काटने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि झाड़ी कटान स्थानीय ग्रामीणों को सौंपा जाए। वहीं, सड़क निर्माण में आ रही जंगलात की आपत्तियों का जल्द से जल्द निस्तारण करने को कहा। इसके अलावा क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाने को भी कहा। वन विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर दो पिंजड़े लगा दिए हैं। इस दौरान डीएफओ चंद्रशेखर जोशी, एसडीओ ममता चंद, रेंजर मुकुल चंद्र शर्मा, प्रधान हंसी पलड़िया, गिरीश जोशी, मुन्नी देवी, चन्दन पलड़िया, कमल जंतवाल, ऋतु बिष्ट, सूरज रमोला, प्रताप जीना, गौरव रमोला, राजू जीना रहे।

## सार-संक्षेप


शिविर में योग करते साधक। ● अमृत विचार

### योग को अपने दैनिक जीवन में अवश्य अपनाएं

**हल्दूचौड़ :** गायत्री शक्तिपीठ के सहयोग से शिवपुरी इंद्रा आवास कालोनी स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। योग प्रशिक्षक प्रिया पाल, अक्षिता शर्मा व अनामिका ने कहा कि एकमात्र योग ही निरोगी रहने का मंत्र है, इसलिए दैनिक जीवन में कम से कम 1 घंटा योग को अवश्य अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग इंसान को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। यह हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहिए। योग साधकों को कठिन आसनों का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षकों ने मरकट आसन, योग मुद्रा आसन, सूर्य नमस्कार, भुजंग व मंडूक आदि आसनों का अभ्यास कराया। शिविर में देवेंद्र सिंह बिष्ट, किशन सिंह बिष्ट, हरीश पांडे, रमेश चंद्र जोशी, राजकुमार सिंह बिष्ट, बहादुर सिंह करायत, नंद बल्लभ सनवाल, बच्ची सिंह रावत, जितेंद्र सिंह बोरा, दिनेश सिंह बोरा, भगवत सिंह बिष्ट, केआर पंत, आनंद सिंह राणा आदि मौजूद थे।

### हाईवे पर डंपर घर में घुसने से बचा, हादसा टला

**रामनगर :** रामनगर–काशीपुर हाईवे 309 पर सोमवार तड़के एक हादसा टल गया। पिरूमदारा लालढांग के पास 64 नंबर गेट के समीप एक बेकाबू 22 टायरा डंपर अचानक सड़क किनारे एक घर में घुस गया। डंपर ने सबसे पहले सड़क किनारे मौजूद खोखे, गन्ने की मशीनों और घर की रेलिंग को टक्कर मारी और उसके बाद घर के अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन आम के पेड़ ने उसकी रफ्तार को रोक दिया। इसमें आम का पेड़ भी टूट गया। घर के मालिक पूर्व डिप्टी रेंजर राम संजीवन सिंह निवासी पिरूमदारा 64 नंबर गेट ने बताया कि हादसे के समय पूरा परिवार घर के अंदर सो रहा था। बताया जा रहा है कि डंपर ने इससे पहले एक कार को भी टक्कर मारी थी, जिसमें लगभग पांच लोग सवार थे। इसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने और डंपर मालिक की पहचान करने में जुटी है। पीरुमदारा पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील धनिक ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।


प्रतियोगिता के दौरान शॉट लगाता खिलाड़ी।। ● अमृत विचार

### टेनिस प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

**कालाढूंगी :** प्रथम आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन आईटा आप्टिमम टेनिस एकेडेमी की ओर से चूनाखान बैलपड़ाव में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में 8 मैच खेले गए। सोमवार को पहले मैच में रंजीत वीएम तामिलनाडू ने अनुरुद्ध मुखर्जी उत्तरप्रदेश को 7-1- 6-1 से हराया। दूसरे मैच में देव सिंघा छत्तीसगढ़ ने रामचंद्रा रेड्डी केशी रेड्डी तेलंगाना को 6-4-6-4 व तीसरे मैच ओम यादव उत्तरप्रदेश ने वैभव कुमार चिरोतिया उत्तरप्रदेश को 6-3 ,6-3 से हराया। रामानंद तमिलनाडू ने सानिध्य गुप्ता उत्तरप्रदेश को 6-1-6-2 से पराजित किया। दिल्ली के हर्षित यादव ने उत्तराखंड के सुमित गोदियाल को 6-2-6-1 से हराया। शोभित टंडन उत्तरप्रदेश ने आयुष शर्मा राजस्थान को 6-3-6-1 से शिकस्त दी। तेलंगाना के पार्थ मलिक ने उत्तरप्रदेश के वंश यादव को 6-4-4-6-6-2 से हराया, तो प्रशांत प्रोचा हरियाणा ने रितविक दत्त उत्तरप्रदेश 6-2-6-1 से परास्त किया। चीफ रेफरी एंटन डिसूजा मुंबई ने परिणाम आनलाइन अपडेट किए। डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कि अगले राऊंड के मैच आज मंगलवार को खेले जाएंगे। अवनीश ररस्तोगी ने बताया कि आइटा अंडर-12 व अंडर-14 प्रतियोगिता 7 जून से इसी वेन्यू आप्टिमम टेनिस एकडेमी पर होगी।

# सूखे हैंडपंपों को मिला नया जीवन पेयजल किल्लत से मिलेगी राहत

## जल संस्थान ने शुरू की यह पहल, निष्क्रिय पड़े हैंडपंप को दोबारा से किया गया शुरू

कवायद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों को राहत दिलाने के लिए जल संस्थान ने एक सराहनीय पहल की है। वर्षों से सूखे पड़े सार्वजनिक हैंडपंपों को अब नया जीवन मिल गया है। जल संस्थान द्वारा निष्क्रिय पड़े हैंडपंपों को दोबारा चालू किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। इस अभियान की शुरुआत काठगोदाम के चांदमारी और नई बस्ती क्षेत्र से की गई है। यहां पुराने हैंडपंपों में मोटर और टंकियां लगाई गईं हैं। नई बस्ती क्षेत्र में हैंडपंप पर मोटर के साथ एक हजार लीटर की पानी की टंकी, जबकि चांदमारी क्षेत्र में 500 लीटर की टंकी लगाई गई है। इन टंकियों को भरकर 24 घंटे सार्वजनिक पेयजल के रूप में लोगों को जल उपलब्ध कराया जा रहा है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि यह पहल उन हैंडपंपों पर लागू की जा रही है, जो तकनीकी कारणों से बंद हो गए थे।


खराब हैंडपंप में मोटर लगाकर पेयजल के लिए बनाया गया सार्वजनिक स्थान।

अब इन स्थानों पर मोटरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बरसात के मौसम में जब गौला के पानी में सिल्ट (गाद) आ जाती है और पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, तब यह वैकल्पिक व्यवस्था स्थानीय लोगों के लिए और भी ज्यादा उपयोगी सिद्ध होगी।

#### अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय होंगे पुराने हैंडपंप

**हल्द्वानी :** जल संस्थान ने काठगोदाम क्षेत्र में वर्षों से सूखे पड़े हैंडपंपों को फिर से चालू कर आमजन को राहत पहुंचाई है। इस पहल को अब अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार दिया जाएगा। जल संस्थान द्वारा उन स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां हैंडपंप खराब पड़े हैं। वहां भी मोटर और टंकी की मदद से पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

## अब दिन के साथ रात्रि में भी बिजली कटौती शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली कटौती भी जारी है। बिजली विभाग ने दिन के साथ अब रात में भी बिजली कटौती शुरू कर दी है।

रविवार की रात में भी बिजली की आंख मिचौली चलती रही। जिसके चलते उमस भरी गर्मी में लोग परेशान रहे। शहर में बिजली विभाग के करीब 60 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं, जबकि ग्रामीण में 90 हजार से ज्यादा उपभोक्ता है। लेकिन विभाग इन्हें नियमित रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। इनमें राजपुरा, बनभूलपुरा, इंदिरा नगर, तिकोनिया, बिठौरिया समेत कई इलाकों में बीती रात भी बिजली आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। जिसके चलते आधी रात लोग उठकर छत की शरण लेने को मजबूर हो गए। साथ ही बच्चों से लेकर घर के बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इधर बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार लाइन में फाल्ट होने के चलते कुछ समय तक आपूर्ति सेवा रोकी गई थी। फाल्ट दूर होते ही फिर से बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।


एसडीओ को ज्ञापन देते बिंदुखत्ता के ग्रामीण। ● अमृत विचार

## लो वोल्टेज की समस्या से दिलाई जाए निजात

संवाददाता, लालकुआं

- बिंदुखत्ता क्षेत्र के ग्रामीणों ने एसडीओ को दिया ज्ञापन
- विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की भी उठाई मांग

**अमृत विचारः** बिंदुखत्ता क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने व जर्जर विद्युत पोल एवं तारों को बदलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी लालकुआं को ज्ञापन दिया।

बिंदुखत्ता के इंदिरा नगर द्वितीय क्षेत्र से आए दर्जनों ग्रामीणों ने विद्युत उपखंड अधिकारी संजय प्रसाद को ज्ञापन देकर बताया कि क्षेत्र में लगे विद्युत पोल एवं तारों की हालत जर्जर हो चुकी है। ट्रांसफार्मर में लोड अधिक होने के चलते लो वोल्टेज की समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में नए विद्युत पोल एवं तार लगाते हुए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की। उपखंड अधिकारी संजय प्रसाद ने बताया कि विद्युत लाइन, तार एवं ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए एस्टीमेट की स्वीकृति मिल चुकी है। इसकी टेंडर प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही नई विद्युत लाइन डालकर समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान सीमा रावत, हरीश रावत, सुंदर रजवार, गिरीश चंद्र जोशी, केडी शर्मा, रंजित मेहरा, सीमा रावत, तनू परिहार, दीपा रावत, पुष्पा रजवार, विनीता, ममता, हेमा व जानकी आदि मौजूद रहे।

## जाम से निपटने के लिए यातायात प्लान जारी

संवाददाता, रामनगर

- शाम छह बजे से रात नौ बजे तक भारी वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

**अमृत विचारः** मुख्य मार्ग में बढ़ती जाम की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन और पुलिस ने यातायात प्लान लागू किया है। अब सड़क किनारे पटरी में कोई वाहन पार्क नहीं किया जाएगा। सड़क पर वाहनों के आवागमन के लिए सिर्फ दो लाइन होगी। यदि किसी वाहन स्वामी, टेंपो , ई-रिक्शा, कार व जिप्सी संचालक ने तीसरी लाइन बनाने की कोशिश की ,तो उस पर कार्रवाई होगी। तीसरी लाइन बनने से जाम की समस्या बढ़ जा रही है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि अब प्रत्येक दिन सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे बजे तक ढिकुली अल्मोड़ा से आने वाला ट्रैफिक लखनपुर चुंगी से मुड़कर बैराज ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए भवानीगंज तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जाएगा। काशीपुर से ढिकुली अल्मोड़ा आदि स्थानों की तरफ जाने वाला ट्रैफिक भवानीगंज कॉर्बेट किंग्डम से लखनपुर होते हुए गंतव्य को जाएगा। बताया कि काशीपुर से हल्द्वानी नैनीताल आदि स्थान को जाने वाला ट्रैफिक भवानीगंज से लखनपुर से दाहिने मुड़कर बैराज होते हुए गंतव्य को जाएगा। हल्द्वानी से रामनगर ढिकुली आदि को जाने वाला ट्रैफिक नया पुल से कॉर्बेट किंगडम से बाएं मुड़कर अपने गंतव्य को जाएगा। शाम को 6 बजे से 9 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहनों की आमडंडा से शिवलालपुर चुंगी तक नो एंट्री रहेगी। यदि यातायात दबाव ज्यादा होगा, तो यह प्लान पूरे दिन के लिए लागू रहेगा।

## संचार व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालु परेशान

**भीमताल, अमृत विचार :** भवाली के समीप सेनेटोरियम और उसके आसपास संचार व्यवस्था नहीं होने के कारण कैंची धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सैनिटोरियम के पास प्रशासन की ओर से कैंची धाम जाने वाले श्रद्धालुओं और अन्य लोगों के लिए पार्किंग बनाई गई है। वर्तमान में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए यह पार्किंग कई किलोमीटर लंबी तक हो जाती है, लेकिन यहां संचार व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। एक तो नया क्षेत्र होने के कारण पर्यटक क्षेत्र से अनभिज्ञ रहते हैं, वहीं दूसरी तरफ संचार व्यवस्था नहीं होने के कारण किसी से भी संपर्क नहीं हो पता है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के केंद्रीय सदस्य अखिलेश सेमवाल ने संचार विभाग से सैनिटोरियम व उसके आसपास स्थायी तौर पर संचार व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## रिसॉर्ट के गार्ड और स्टाफ पर लगाया मारपीट का आरोप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** ग्राम छोई स्थित एक रिसॉर्ट के गार्ड एवं स्टाफ पर जिप्सी चालकों ने मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है।

जिप्सी चालक शोएब ने बताया कि ग्राम छोई स्थित एक रिसॉर्ट में कुछ बच्चों का ग्रुप कॉर्बेट पार्क घूमने के लिए आया था। सोमवार सुबह उसके कुछ साथी अपने-अपने वाहनों से इन बच्चों को कॉर्बेट पार्क का भ्रमण कराकर वापस रिसॉर्ट पहुंचे थे। आरोप है कि इसी बीच एक जिप्सी चालक से रिसॉर्ट के अंदर खड़ी एक कार में टक्कर लग गई। इस मामले में कार स्वामी पर्यटक एवं जिप्सी चालक के बीच में समझौता भी हो गया था। आरोप है इसी बीच होटल के गार्ड एवं अन्य स्टाफ ने उसके साथ और कुछ अन्य जिप्सी चालकों के साथ गेट बंदकर गाली- गालौज करते हुए मारपीट की।


कोतवाली में पुलिस को तहरीर देते जिप्सी चालक। ● अमृत विचार

धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का भी प्रयास किया गया। जिप्सी चालकों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उधर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि पर्यटक द्वारा भी तहरीर दी जाती है तो उस पर भी जांच की जाएगी। इस दौरान नूर खान, मोहम्मद फैसल, हूर खान, मोहम्मद सलमान, उमर, राजेश कुमार, अकरम, मोहम्मद आसिफ, नदीम, मनोज और सूरज आदि शामिल रहे।

### पेंशन नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

**रामनगर :** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने राज्य आंदोलनकारियों को चार माह से पेंशन न मिलने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पेंशन के लिए राज्य आंदोलनकारियों को बार-बार परेशान किया जा रहा है। बताया कि आंदोनकारियों को एक बड़ा जनआंदोलन छेड़ने और कानूनी कार्रवाई के लिए मजबूर किया जा रहा है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## भवाली बाजार में आग लगने से भवन व दुकानें जलकर राख

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचारः** भवाली मुख्य बाजार में देवी मंदिर के पास पुराने लकड़ी के बने भवन में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरा भवन व कई दुकानें जलकर राख हो गई। आग लगने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मौके पर पहुंची एयरफोर्स भवाली की टीम ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। इस दौरान फायर टैंकर से आग बुझाने का प्रयास किया गया। वहीं पुलिस व फायर विभाग की टीम भी मौक पर पहुंच गई। एयरफोर्स के सिक्योरिटी आफिसर बालिया व सार्जेन्ट राहुल की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। इस दौरान उन्होंने घरों में रखे गैस सिलेंडरों को हटवा दिया। समाचार लिखे जाने तक भीषण आग धधक रही थी और उसे नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा था। सार्जेन्ट राहुल ने बताया कि भारी भीड़ ने उनके सिक्योरिटी ऑफिसर के साथ धक्का-मुक्की भी की और बार-बार पाइप भी छीन लिया।


भवाली मुख्य बाजार में भवन में लगी भीषण आग। ● अमृत विचार


पत्रकारों से वार्ता करते पालिकाध्यक्ष और सभासद। ● अमृत विचार

### पालिकाध्यक्ष व सभासदों के बीच चल रहा विवाद थमा

**रामनगर :** स्लाटर हाउस को लेकर पिछले तीन दिनों से नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम एवं सभासदों के बीच चल रहा विवाद सोमवार को थम गया है। इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने सभासद शिवि अग्रवाल पर भी टिप्पणी की थी। जिसको लेकर नगर के हिंदूवादी संगठनों ने भी आपत्ति जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष से माफी न मांगने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने कहा कि सभासद शिवि अग्रवाल पर जो बयान दिया, उससे यदि उनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो वह उसके लिए खेद व्यक्त करते हैं। उन्होंने अन्य सभासदों पर जो आरोप लगाए थे, उसके लिए भी सभी सभासदों से खेद जताते हैं। बताया कि नगरपालिका में जो भी विकास के कार्य के जाएंगे, सभी सभासदों को विश्वास में लेकर ही होंगे। वहीं, सभासद शिवी अग्रवाल ने भी नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा खेद जताए जाने पर उनका आभार जताया है।

## कार्यों में अनियमितता का आरोप, सभासद मुखर

- कुमाऊं आयुक्त को भेजे पत्र में नगरपालिका के कार्यों की जांच कराने की उठाई मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** भीमताल में नवगठित नगर पालिका की ओर से कराए जाए कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए सभासदों ने कुमाऊं आयुक्त को पत्र भेजा है।

वार्ड संख्या से नौ निर्वाचित सभासद नीरज रेकुनी और वार्ड संख्या छह से बंटी आर्य समेत अन्य सभासदों ने कुमाऊं आयुक्त को पत्र लिखकर अब तक कराए गए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच किसी बाहरी एजेंसी से करने की मांग की है। सभासदों ने अवगत कराया कि नगर पालिका में बिना सदस्यों को विश्वास में लिए कई लाखों रुपए के टेंडर कर दिए गए हैं, जबकि इसकी जानकारी क्षेत्र के सभासद को ही नहीं है।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका ने किसी भी सभासद को विश्वास में लिए लगभग नौ कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी हैं।

जिसके लिए कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। क्षेत्र में कई निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिसकी जानकारी बोर्ड के सदस्यों को नहीं है। आरोप है कि पिछली बोर्ड के बैठकों के प्रस्ताव पर भी हस्ताक्षर अभी तक नहीं कराए गए हैं। कुछ सभासदों ने वर्तमान अधिशासी अधिकारी को हटाने की मांग भी कुमाऊं आयुक्त से की है।


" मैं दूसरी बार चुनकर अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। मुझे जानकारी ही नहीं है कि हमारे क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा क्या कार्य कराए जा रहे हैं। नगर पालिका के द्वारा कराए गए टेंडर की भी कोई जानकारी नहीं है।
**-नीरज रैकुनी**, सभासद, वार्ड नंबर 9


" मैं भी दूसरी बार चुन कर आया हूं। नगर पालिका में सब गोपनीय रखा जा रहा है। कुमाऊं आयुक्त को पत्र भेजकर जांच की मांग की गई है।
**-बंटी आर्य**, सभासद, वार्ड नंबर 6


" दो या तीन वार्ड मेंबर का मसला है। बाकी सब को विश्वास में लेकर निविदा की गई है। जहां तक बाहरी कर्मचारियों को रखने का प्रश्न है, वह आउटसोर्स एजेंसी से रखे गए हैं। जिसका प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में पास हुआ था। **-उदयवीर सिंह**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका

### रैली की सफलता के लिए शुरू किया अभियान

**लालकुआं :** अखिल भारतीय किसान महासभा ने बिंदुखत्ता को राजस्व गांव व आवारा गोवंश से निजात दिलाने की मांग को लेकर 18 जून को लालकुआं में रैली निकालने का निर्णय लिया है। इसकी सफलता को महासभा ने बिंदुखत्ता क्षेत्र में जन जागरण अभियान भी शुरू कर दिया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने में देरी की जा रही है। भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ . कैलाश पांडेय ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर महासभा 18 जून को रैली के माध्यम से तहसील में राज्य सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपेगी। इस दौरान पुष्कर दुबड़िया, किशन सिंह बघरी, गोविंद जीना, निर्मला शाही, हरीश भंडारी, बिशन दत्त जोशी आदि मौजूद थे।

# कहीं गड्ढे में पार्किंग तो कहीं वाहनों का पथ नहीं

## आयुक्त दीपक रावत ने किया कॉम्पलेक्स, शोरूमों का निरीक्षण, तो सामने आईं विभिन्न खामियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



कॉम्पलेक्स व शोरूम के निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर नाराजगी जताते कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शहर के कॉम्पलेक्स व शोरूम में बेसमेंट व पार्किंग का औचक निरीक्षण किया। इसमें किसी कॉम्पलेक्स में पार्किंग ही गायब थी तो किसी ने 'गड्ढे' को पार्किंग दर्शाया था। आयुक्त दीपक रावत ने जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

आयुक्त रावत सोमवार को सर्वप्रथम वर्कशॉप लाइन पहुंचे और ड्रेनेज सिस्टम में साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने नगर आयुक्त ऋचा सिंह को रोस्टर बनाकर नाले-नालियों की सफाई के निर्देश दिए। इस बीच पता चला कि बसों, कार, बाइक की मरम्मत सड़कों पर की जाती है। इस पर उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व नगर आयुक्त को निर्देश दिए किए ऐसे व्यापारी जिन्हें ट्रांसपोर्ट नगर में दुकानें आवंटित हैं, फिर भी सड़क पर अतिक्रमण कर रहे हैं तो उन्हें चेतावनी दी जाए कि यदि दुकान शिफ्ट नहीं करते हैं तो आवंटन निरस्त किया जा सकता है। सड़कों पर अतिक्रमण की रोकथाम के लिए कैमरा आधारित चालान, नियमित निगरानी व चालानी कार्यवाही के लिए कहा। यहां से उनका काफिला डीएम आवास के सामने बने जनपथ कॉम्पलेक्स पहुंचा। जहां उन्हें पार्किंग नहीं मिली बल्कि सभी वाहन सड़क पर खड़े थे।

उन्होंने डीडीए को कॉम्पलेक्स का नक्शा जांचने और चालानी कार्यवाही के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स का नक्शा जांचने के निर्देश दिए। इसके बाद वह आगे बढ़े तो श्रीराम अस्पताल के बाहर वाहनों की कतारां लगी हुई थीं। अस्पताल की एंबुलेंस भी सड़क पर खड़ी थी। इस पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा करवाने के निर्देश दिए। फिर आयुक्त रावत ब्लू स्टोन ज्वैलरी शोरूम पहुंचे। यहां पार्किंग तो थी लेकिन वाहनों के जाने के लिए व्यवस्था नहीं थी।

उन्होंने डीडीए को इसके इंतजाम के लिए कहा। अंत में वह कल्याण ज्वैलर्स पहुंचे और उनकी पार्किंग देखी। इस पर एक प्लॉट दिखाया गया जो आधा गड्ढे में था जबकि आधे में फिलिंग थी। इस पर आयुक्त ने कहा कि पहले से ही पार्किंग में शोरूम बना दिया। इस पर कंपाउंडिंग हुई है। अब इस तरह की पार्किंग बनाई है जोकि सिर्फ दिखावा है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में प्लॉट को ढंग से पार्किंग की तरह बनाएं। चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया तो फिर से चालानी कार्यवाही होगी। इस दौरान जल संस्थान ईई रवि लोशाली, विद्युत ईई वेगराज सिंह, सिंचाई जेई कैलाश बिष्ट, एसएनए गणेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज कर्मचारी करेंगे आंदोलन

**हल्द्वानीः** उत्तराखंड परिवहन निगम में लंबे समय से वेतन और अन्य देयकों के भुगतान में हो रही देरी से रोडवेज कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। निगम प्रबंधन की ओर से नियमित वेतन और मानदेय नहीं दिए जाने के साथ-साथ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर कार्रवाई न होने से कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ रहा है।

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने सभी प्रांतीय, मंडलीय और शाखा कार्यकारिणियों को पत्र भेजकर अपने-अपने डिपो में बैठक आयोजित कर आंदोलन के प्रस्ताव पारित करने के निर्देश दिए हैं। यूनियन का कहना है कि निगम के कई डिपो से अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं, लेकिन प्रबंधन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। महामंत्री अशोक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 जून से पहले सभी शाखाएं प्रस्ताव पारित करें। यूनियन की प्रमुख मांगों में संविदा चालकों और परिचालकों के प्रति किमी. मानदेय में वृद्धि भी शामिल है। पूर्व में निगम निदेशक मंडल ने यह निर्णय लिया था कि जब भी नियमित कर्मचारियों के डीए में वृद्धि की जाएगी, उसी अनुपात में विशेष श्रेणी व संविदा कर्मचारियों के मानदेय में भी वृद्धि की जाएगी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

## उत्तराखंड राज्य मुए थाई में देहरादून बना चैंपियन


विजेता खिलाड़ियों के साथ मुए थाई एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश जोशी।

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुए थाई एसोसियेशन ऑफ़ उत्तराखंड के तत्वावधान में देहरादून के परेड ग्राउंड बॉक्सिंग एरिना में "उत्तराखंड स्टेट मुए थाई चैंपियनशिप -2025" में शानदार प्रदर्शन करते हुए देहरादून जिले के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 30 पदक जीतकर राज्य में पहला पहला स्थान प्राप्त किया। ऊधमसिंह नगर के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 6 रजत और 9 कांस्य पदक सहित कुल 23 पदक जीतकर दूसरा एवं अल्मोड़ा जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 5 रजत एवं 3 कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। देहरादून के मेयर सौरभ थपलियाल ने पदक विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्डी अरुण कुमार सूद एवं मुए थाई एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश जोशी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी 9 से 14 जून तक महर्षि दयानंद विवि रोहतक हरियाणा में होने जा रही राष्ट्रीय मुआय थाई थाई चैंपियनशिप में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम की घोषणा 5 जून को की जाएगी। तकनीकी निदेशक विशान क्षेत्री सहित निर्णायक मंडल में शामिल सीके जोशी, सुभाष भट्ट, सलीम ख़ान, मोनिका थापा, दुष्यंत जोशी, अतुल रावत, एशियन खिलाड़ी प्रज्ञा जोशी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसोसिएशन के महासचिव नीलेश जोशी ने कार्यक्रम का संचालन किया। चेयरमैन हरीश कोठारी ने सभी का आभार जताया।

## सार-संक्षेप

### बैंक की नई शाखा खुली, 200 लोगों ने खुलवाए खाते

**हल्द्वानी :** अल्मोड़ा अर्बन को-ओपरेटिव बैंक लिमिटेड की नई शाखा का उद्घाटन हुआ। शाखा खुलने के साथ ही पहले दिन 200 लोगों ने अपने खाते बैंक में खुलवाए। लालडांठ-चंबलपुल रोड पर स्थित बैंक शाखा का उद्घाटन हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने किया। शाखा प्रबंधक लीलांबर तिवारी ने कहा कि नैनीताल जिले में बैंक की यह 12वीं और सर्किल में 62वीं शाखा है। शाखा पूरी तरह से सीबीएस, आरटीजीएस, एनईएफटी और आईएमपीएस सुविधाओं से लैस है। बैंक प्रबंधक पीसी तिवारी ने कहा कि साल 1991 में केवल 2 .56 लाख रुपये और पांच कर्मचारियों से इस बैंक की शुरूआत हुई थी। आज के समय बात करें तो 57411 अंशधारकों और 4 .13 लखा खाताधारक बैंक से जुड़े हुए हैं। बैंक का कुल कार्य व्यवसाय 6 हजार करोड़ रुपये है जिसमें 2064 करोड़ रुपये ऋण व्यवसाय शामिल है। शाखा खुलने के साथ ही पहले दिन 200 लोगों ने बैंक में अपने खाते खुलवाए। इस दौरान निदेशक विनय कुमार टंडन, घनश्याम भट्ट, सदी राम आर्या, गिरीश धवन, प्रकाश पांडे, शांति भट्ट, विजयेंद्र जायसवाल आदि रहे।


सफाई अभियान के दौरान अतिक्रमण हटाते हुए नगर आयुक्त ऋचा सिंह।

### वर्कशॉप लाइन से 1 ट्रॉली सामान जब्त, वसूला जुर्माना

**हल्द्वानी :** नगर निगम ने सोमवार को वर्कशॉप लाइन और कालाढूंगी रोड में विशेष सफाई अभियान चलाया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में निगम की टीम ने अभियान के दौरान वर्कशॉप लाइन से एक ट्रॉली सामान जब्त किया। साथ ही जुर्माना भी वसूला गया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेलों पर कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर वर्कशॉप लाइन से फड़-ठेलों को हटाया गया था। लेकिन पिछले कुछ दिनों से यहां पर फिर से फड़-ठेले काबिज हो गए। जिस पर नगर आयुक्त ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। इधर, निगम की टीम ने कालाढूंगी रोड पर भी सफाई अभियान चलाया और अतिक्रमण पर कार्रवाई की।

### सिंथिया में आज होगा लोक इतिहास कार्यक्रम

**हल्द्वानी :** जज फार्म स्थित सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज (मंगलवार) से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से संगीत नाटक अकादमी, दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें उत्तराखंड के मौखिक लोक-गाथा गीतों में विद्यमान श्री कृष्ण का लोक इतिहास के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजक क्रिएटिव उत्तराखंड म्यर पहाड़ है। कार्यक्रम का आयोजन टीएनएफसीआर स्कीम के तहत किया जाएगा। जिसमें मुख्य तौर पर पद्म श्री डॉ. बसंती बिष्ट उपस्थित रहेंगी।

### मानकों के अनुसार होगी शिक्षकों की तैनाती

**हल्द्वानी :** विद्यालयी शिक्षा उत्तराखंड के अपर निदेशक पदमेंद्र सकलानी ने प्रदेश के समस्त जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर समस्त स्कूलों में मानकों के अनुसार शिक्षकों की तैनाती के लिए प्रयास करने को कहा है। उन्होंने बताया कि मानकों के अनुसार 1 से 5 छात्र संख्या वाले स्कूल में 1 शिक्षक, 6 से 30 छात्र संख्या वाले स्कूल में 2 शिक्षक, 31 से 60 छात्र संख्या वाले स्कूल में 3 शिक्षक, 61 से 79 छात्रसंख्या वाले स्कूल में 4 शिक्षक और 80 से अधिक छात्रसंख्या वाले स्कूल में 5 शिक्षकों की तैनाती होनी चाहिए।


शिविर में जनता को संबोधित करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### देवनगर के लिए विधायक निधि से बनाई जाएगी सड़क

**हल्द्वानी :** भाजपा के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को धारी ब्लॉक के देवनगर, पलड़ा, कनर्खा, सरना आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क आदि समस्याएं उठाईं। विधायक ने देवनगर में कहा कि राज्य योजना के अंतर्गत कनर्खा से देवनगर के लिए तीन किमी मोटर मार्ग का निर्माण पूर्व में करा दिया है। उन्होंने देवनगर गांव के लिए विधायक निधि से मोटर मार्ग बनाने की घोषणा की। उन्होंने संबधित अधिकारियों को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चल रहे पेयजल लाईनों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।


समर कैंप में मौजूद प्रधानाचार्य और विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### जिद्दी गुब्बारे व संतुलन ने बच्चों को किया रोमांचित

**हल्द्वानी :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौजाजाली में चल रहे समर कैंप के सातवें दिन विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों ने बच्चों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) भीमताल के प्रवक्ता डॉ. शैलेन्द्र सिंह धपोला की ओर से आयोजित जिद्दी गुब्बारे और संतुलन से जुड़ी गतिविधियां विद्यार्थियों के लिए रोचक और ज्ञानवर्धक रहीं। इस अनूठे प्रयोगात्मक सत्र में बच्चों ने विज्ञान को खेल-खेल में समझा और सीखा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विवेक पांडे ने कहा कि इस वर्ष समर कैंप में विज्ञान की गतिविधियों को विशेष रूप से जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हो सके। इस दौरान कार्यक्रम की संयोजिका लक्ष्मी नेगी, नवीन बृजवासी, नंदी जोशी सहित 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बुधवार को विज्ञान और हम विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विज्ञान को जीवन से जोड़ने वाली विविध गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इसके अतिरिक्त समर कैंप के दौरान संस्कृत भाषा की विविध गतिविधियां जैसे वाद-विवाद प्रतियोगिता, काव्य पाठ, नाटिका और संस्कृत आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, बच्चों को भारतीय सांस्कृतिक और भाषाई समृद्धि से अवगत कराया।

## कोल्ट्स अकादमी ने एसआरएस को हराया

संवाददाता, हल्द्वानी


क्रिकेट मैच में सोमवार को हुए मुकाबले के बाद मैदान में मौजूद खिलाड़ी।

**अमृत विचारः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कराई जा रही अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग का सोमवार को पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरिना में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और एसआरएस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।

कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 335 रन बनाए। टीम के लिए वैभव मेहरा ने शानदार 149 और कार्तिक रावत ने 48 रनों का योगदान दिया। एसआरएस क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज गौरव धपोला, आयुष कुमार और राहुल सिंह ने दो-दो विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएस की पूरी टीम 19वें ओवर में ही 69 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 266 रनों से मैच हार गई। दूसरा मुकाबला एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में काठगोदाम और वेंडी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। वेंडी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर काठगोदाम क्रिकेट अकादमी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। काठगोदाम क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 309 रन बनाएं। टीम के लिए गर्वित ने 118 और देवराज ने 85 रनों का योगदान दिया। वेंडी क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज जतिन ने 2, पीयूष और आयुष्मान में 1-1 विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेंडी क्रिकेट अकादमी की टीम 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 170 रन ही बना सकी और 139 रनों से मैच हार गयी।

तीसरा मुकाबला कॉर्बेट ग्राउंड चकलवा में कुमाऊं क्रिकेट अकादमी और एचसीसी के बीच खेला गया। कुमाऊं क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 267 रन बनाए। टीम के लिए पीयूष जोशी ने 112 और अमित पटवाल ने 71 रनों का योगदान दिया। एचसीसी के गेंदबाज विनय जोशी ने 3 और अंकुश शर्मा ने 2 विकेट लिए। एचसीसी की पूरी टीम 30वें ओवर में 66 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 201 रन से मैच हार गयी। इन मैचों के अंपायर विजय आर्य, हिमांशु चतुर्वेदी, विनय जोशी, गौरव नेगी, नरू कन्याल, मानस पंत जबकि स्कोर हरप्रीत सिंह, नीरज पनेरु और निकित जोशी रहे। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि आज का पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरैना में एकलव्य क्रिकेट अकादमी और जीएनजी के बीच खेला जाएगा।

## उत्तराखंड में स्टेम शिक्षा को मिलेगा नया आयाम : प्रो. पांडे

संवाददाता, हल्द्वानी



एमओयू कार्यक्रम के दौरान मौजूद निदेशक व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की छात्राओं के लिए स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्र में कॅरिअर के नए रास्ते खोलते हुए रविवार को उच्च शिक्षा निदेशालय में 'कल्पना-शी फॉर स्टेम' कार्यक्रम के लिए उच्च शिक्षा विभाग और विज्ञानशाला के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

यह एमओयू प्रदेश के सभी कॉलेजों में अध्ययनरत विज्ञान संकाय की छात्राओं को लाभान्वित करेगा, जिनके लिए यह कार्यक्रम एक सशक्त मेंटरिंग मंच उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. कमल किशोर पांडे और विज्ञानशाला की संस्थापक डॉ. दर्शना जोशी ने की। डॉ. जोशी ने कल्पना कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक बहुउद्देशीय पहल है, जिसका उद्देश्य छात्राओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में न केवल शिक्षा और शोध के लिए प्रेरित करना है, बल्कि उन्हें एंटरप्रेन्योरशिप के अवसरों से भी जोड़ना है। प्रो. पांडे ने इस पहल को राज्य के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के लिए मील का पत्थर बताया। इस मौके पर विज्ञानशाला के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी भुवन जोशी, अपर निदेशक डॉ. आरएस भाकुनी, सहायक निदेशक डॉ. गोविंद पाठक, डॉ. पीसी मठपाल, प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे, प्राचार्या प्रो. संगीता गुप्ता, प्रो. मनीषा तिवारी और प्रदीप बोरा सहित आदि उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 4 से

**हल्द्वानीः** जिला खेल कार्यालय की ओर से शहर के मिनी स्टेडियम में 4 जून से 11 जून तक 16 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर में हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल एवं वुशु खेलों शामिल हैं जिसमें प्रत्येक खेल में अधिकतम 10 खिलाड़ियों का पंजीकरण होगा। इच्छुक खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन के लिए 100 रुपये शुल्क के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा। प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। यह शिविर न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर देगा, बल्कि उन्हें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास से भरने का भी कार्य करेगा।

## जूनियर बॉक्सिंग टीम के लिए 4 जून को होगा ट्रायल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बॉक्सिंग के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। अब देहरादून में होने वाली प्रतियोगिया में नैनीताल जिले की बॉक्सिंग टीम के लिए कल (बुधवार) को शहर के मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों के ट्रायल होंगे।

बता दें कि उत्तराखण्ड बॉक्सिंग संघ के समन्वय से जिला खेल कार्यालय, देहरादून की ओर से दिनांक 07 जून से 09 जून तक परेड ग्राउण्ड, देहरादून में जूनियर बालक/बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस ट्रायल में वही प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे, जो निर्धारित शारीरिक व दस्तावेजीय मापदंडों को पूरा करते हैं। जिला खेल कार्यालय, नैनीताल ने सभी इच्छुक बालक एवं बालिका मुक्केबाजों से समय पर ट्रायल में प्रतिभाग करने की अपील की है। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगे राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में नैनीताल जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### ट्रायल के लिए ये दस्तावेज अनिवार्य

- आधार कार्ड।
- स्थायी निवास प्रमाण पत्र।
- जन्म प्रमाण पत्र।
- आयु मूल्यांकन प्रमाण पत्र (एज एस्टीमेशन)।
- एनुअल मेडिकल रिपोर्ट।
- हेपेटाइटिस बी एवं सी की रिपोर्ट।
- हाईस्कूल की अंकपत्र।

कवायद | सात प्रमुख मानकों पर ग्रेडिंग करता है राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, विभागवार बनाई जा रही रिपोर्ट

## एमबीपीजी कॉलेज में नैक ग्रेडिंग की तैयारियां हुईं तेज

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** एमबीपीजी कॉलेज में जल्द ही राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) की टीम ग्रेडिंग के लिए मूल्यांकन कर सकती है। कॉलेज प्रशासन इसके लिए सक्रिय रूप से तैयारियों में जुट गया है।

गौरतलब है कि 2019 में नैक टीम ने कॉलेज का भौतिक मूल्यांकन किया था, जिसमें कॉलेज को बी ग्रेड प्राप्त हुआ था। अब नए नियमों के तहत नैक ऑनलाइन मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से निर्धारित 7 प्रमुख मानकों पर ग्रेडिंग करता है, जिसमें अकादमिक, प्रशासनिक और नवाचार से जुड़े बिंदु शामिल होते हैं।

कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. सीएस. नेगी ने बताया कि इस समय कॉलेज में एक्यूएआर (एनुअल क्वालिटी एसोरेंश रिपोर्ट) तैयार की जा रही है। इसके लिए विभागवार रिपोर्ट मांगी जा रही है। जिनमें संबंधित विभागाध्यक्ष से सेमिनार व कार्यशालाओं के आयोजन, विभागीय कॉन्फ्रेंस और अकादमिक गतिविधियां, विद्यार्थियों की उच्च शिक्षण संस्थानों जैसे आईआईटी या उच्चस्तरीय नौकरियों में चयन, कॉलेज में आयोजित किए गए उद्यमिता विकास कार्यक्रमों की जानकारी, प्राध्यापकों की शोध, पुरस्कार और अन्य उपलब्धियां शामिल हैं। डॉ. नेगी ने कहा कि एक्यूएआर रिपोर्ट के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि कॉलेज का प्रत्येक विभाग गुणवत्ता, नवाचार और छात्रों के समग्र विकास की दिशा में कितना योगदान दे रहा है। नैक मूल्यांकन की यह प्रक्रिया कॉलेज की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। बताया कि बेहतर ग्रेड मिलने से न केवल कॉलेज की साख बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में अनुदान, नई योजनाओं और उच्च स्तरीय सहयोग की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। इधर, कॉलेज प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार की गई बेहतर तैयारी से पिछली ग्रेडिंग में सुधार होगा और एमबीपीजी कॉलेज को पिछली बार से बेहतर ग्रेड प्राप्त हो सकेगा।

### रैंकिंग में सुधार के लिए किया जाएगा आवेदन

एमबीपीजी कॉलेज अब राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से अपनी रैंकिंग सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाने जा रहा है। कॉलेज प्रशासन ने जानकारी दी है कि विभागवार रिपोर्ट तैयार किए जाने के बाद नैक को पुनः मूल्यांकन के लिए औपचारिक आवेदन भेजा जाएगा। वर्तमान में कॉलेज को वर्ष 2019 में मिले 'बी ग्रेड' को बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत कॉलेज में एनुअल क्वालिटी एसारेंश रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसमें प्रत्येक विभाग से शैक्षणिक, शोध, नवाचार, छात्रों की उपलब्धियों और फैकल्टी की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है। प्राध्यापक डॉ. सीएस नेगी ने बताया कि नैक की प्रक्रिया के अनुसार कोई भी संस्थान यदि अपनी ग्रेडिंग में सुधार चाहता है, तो उसे नैक को आवेदन भेजना होता है, जिसके बाद टीम कॉलेज का ऑनलाइन या भौतिक मूल्यांकन कर सकती है।

## निरंकारी मिशन का पोधरोपण अभियान

**हल्द्वानीः** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2025 को संत निरंकारी मिशन और संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम पर नैनीताल शहर में विशेष सफाई एवं पोधरोपण अभियान चलाया जाएगा।

कार्यक्रम सुबह 8 बजे डीएसए मैदान से प्रार्थना के साथ आरंभ होगा, जिसमें मिशन के हजारों स्वयंसेवक, सेवादल सदस्य, श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक भाग लेंगे। नगर पालिका द्वारा चिन्हित क्षेत्रों में मल्लीताल, तल्लीताल, नारायण नगर, स्नो व्यू, हरीनगर, ठंडी सड़क, अयारपाटा, शेरवानी, डाकघर रोड, भवाली मोटर मार्ग सहित दर्जनों स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटकों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जनजागरूकता फैलाई जाएगी।

# प्रत्येक माह की 3 तारीख तक भेजी जाए रिपोर्ट

## बैठक में एडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश-जिन विभागों की रिपोर्ट शून्य है वह भी समय पर भेजना सुनिश्चित करें

सेवा का अधिकार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर उत्तराखंड सेवा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित हुई। इसमें सभी विभागों को प्रत्येक माह की 3 तारीख तक सेवा का अधिकार की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन विभागों को रिपोर्ट देने का कहा गया जिनकी रिपोर्ट शून्य है। वहीं अपर जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सोमवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडे ने कहा कि आमजन को त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में उत्तराखंड सेवा का अधिकार आयोग का गठन किया गया है। यद्यपि अधिनियम में समयबद्धता निर्धारित की गई है, फिर भी कुछ विभागों द्वारा निर्धारित समय पर रिपोर्ट प्रेषित नहीं की जा रही है, जिससे शासन को समय पर रिपोर्ट भेजने में विलंब हो रहा है।


अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम पंकज उपाध्याय। ● अमृत विचार

उन्होंने समस्त विभागों को प्रत्येक माह की 3 तारीख तक अनिवार्य रूप से सेवा का अधिकार रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने कहा कि सेवा का अधिकार अधिनियम के कुशल क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विभाग द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की जानी चाहिए। ताकि उत्तरदायित्व तय हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सेवाओं के निस्तारण में किसी प्रकार की जल्दबाजी से बचा जाए। यदि कोई प्रकरण अस्वीकार करना हो तो उसका समुचित कारण दर्ज किया जाए।

उन्होंने कहा कि अधिनियम के तहत लंबित सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य है। साथ ही जो सेवाएं अधिनियम के तहत नहीं आती है उनके भी समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में सेवाओं का निस्तारण नहीं होता है तो आयोग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

मुख्य कोषाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, प्रशिक्षु आईएएस अशिमा गोयल, एसीएमओ डॉ.हरेंद्र मलिक, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकरी व्योमा जैन, जिला कीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रतिष्ठित व्यापारी अशोक अग्रवाल का हुआ निधन

संवाददाता, दिनेशपुर

- देवभूमि व्यापार मंडल ने शोक में आधे दिन बाजार बंद रखा

**अमृत विचार:** प्रतिष्ठित व्यापारी अशोक अग्रवाल (60) का रविवार की रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर परिजनों में कोहराम मच गया। वह अपने पीछे धर्मपत्नी बीना अग्रवाल, दो पुत्र मयंक अग्रवाल व अंशु अग्रवाल का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन का समाचार सुनते ही उनके निवास वार्ड-छह डॉक्टर गली में जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों का शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।


अशोक अग्रवाल।

सोमवार को प्रातः देवभूमि व्यापार मंडल ने प्रतिष्ठित व्यापारी अशोक अग्रवाल (60) के निधन पर आधे दिन शोक में बाजार बंद रखा। उनकी अंत्येष्टि नगर के मोक्ष धाम पर की हुई। उनकी चिता को उनके ज्येष्ठ पुत्र मयंक अग्रवाल व अंशु अग्रवाल ने मुखाग्नि दी। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन अध्यक्ष गौतम सरकार, व्यापारी नेता घनश्याम अग्रवाल व विशंभर लाल मिगलानी, पंजाबी सभा अध्यक्ष केके गावा, शिक्षक संघ ब्लाक महासचिव मनोज राय उर्फ मुन्ना, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, समिति डायरेक्टर हरजीत सिंह विर्क, पूर्व सूबेदार कुलदीप सिंह विर्क, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, समाजसेवी तरुण कुमार सिंह, दीपक मक्कड़, सत्यप्रकाश सिंह, राधाकृष्ण अग्रवाल, नरेश बंसल, सुभाष गोयल, रमेश बैरागी, रामविलास गुप्ता, डॉ रमेश अग्रवाल, भोला शर्मा, अशोक कालड़ा, डॉ कुलवंत सिंह विर्क, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, सुनील बंसल, पवन अग्रवाल, चेतन सुखीजा आदि शामिल थे।

## एक नजर

### बर्थ-डे पार्टी में दो पक्षों के बीच आपसी बात को लेकर मारपीट

**बाजपुर :** ग्राम रतनपुरा में बर्थ-डे पार्टी में दो पक्षों के बीच आपसी बात को लेकर मारपीट हो गई, जिसमें दो लोगों के चोटें आई हैं, जिन्हें पुलिस के माध्यम से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम रतनपुरा में रविवार की रात बर्थ-डे पार्टी में शामिल होने गए युवकों के दो गुटों में आपसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों पक्षों ने फोन करके अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया और देर रात गांव के नजदीक कोसी कांटा चौराहे के पास युवकों के बीच गाली-गलौज व मारपीट शुरू हो गई और जमकर हाथापाई हुई। घटना में ग्राम रतनपुरा निवासी अजय (18) पुत्र बृजकिशोर व आदित्य (19) पुत्र वीरेंद्र सिंह घायल हो गया। दोनों को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं एक पक्ष ने पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम GAJENDRA BAHADUR से बदलकर GAJENDRA BAHADUR PAL रख लिया है भविष्य में मुझे GAJENDRA BAHADUR PAL पुत्र बिक्रम बहादुर पाल के नाम से जाना पहचाना जाए आदर्श कॉलोनी भूडमहोलिया खटीमा उधम सिंह नगर

### खटीमा में तहसील दिवस आज

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** जन समस्याओं के निस्तारण के लिए मंगलवार को खटीमा में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन विकास खंड सभागार में किया जाएगा। इस दौरान जनता की समस्याओं को अधिकारियों द्वारा सुना जाएगा।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, खटीमा (ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक : 74/गृह. नामान्तरण/2025-2026 दिनांक : 14.05.2025

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खटीमा के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार दर्ज पूर्व भवन स्वामियों का नाम खारिज कर उनके सम्मुख अंकित ऑलम सं.-5 में उल्लेखित व्यक्तियों के नाम कॉलम सं-6 उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर गृहकर वसूली हेतु गृहकर नामान्तरण/संशोधन दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | वार्ड संख्या | भवन संख्या | पूर्व भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम भवन नामान्तरण किया जाना है | नामान्तरण/संशोधन हेतु प्रस्तुत अभिलेख का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुराना 03 नया 10 | 118/03 | श्रीमती खुशनुदी बेगम पत्नी स्व. नवाबुद्दीन | श्री मो. आरिफ पुत्र श्री मोहम्मद जफीर | रजिस्ट्री बिक्री नामा के आधार पर |
| 2. | पुराना 04 नया 14 | 110/04 | श्री श्रीराम अरोड़ा पुत्र श्री पुरुषोत्तम शरण | श्रीमती अपर्णा अग्रवाल पत्नी श्री आनन्द अग्रवाल श्रीमती प्रज्ञा गोयाल पत्नी श्री पुनीत अग्रवाल | रजिस्ट्री बिक्री नामा के आधार पर |

अतः उक्तानुसार गृहकर अभिलेखों में उक्तानुसार कॉलम सं. 4 में अंकित पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर कॉलम सं. 6 में उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर कॉलम सं. 5 में अंकित वर्तमान भवन स्वामी का नाम गृहकर नामान्तरण/संशोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य एक माह के भीतर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से अपनी आपत्ति प्रेषित कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा उक्तानुसार प्रस्तावित गृहकर नामान्तरण /संशोधन करते हुये गृहकर अभिलेखों में गृहकर की वसूली हेतु पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर वर्तमान भवन स्वामी के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद खटीमा, ऊधम सिंह नगर — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद खटीमा, ऊधम सिंह नगर

# ससुरालियों पर दहेज के लिए उत्पीड़न का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

- पुलिस को सौंपी ससुरालियों के खिलाफ तहरीर
- पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ दर्ज की प्राथमिक रिपोर्ट

**अमृत विचार:** रम्पुरा निवासी एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दहेज की मांग करने और उत्पीड़न करने वाले पति, सास और ससुर के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को सौंपी तहरीर में रम्पुरा वार्ड नंबर 21 निवासी प्रियंका गुप्ता ने बताया कि उसका विवाह 22 जून 2023 को शिव गार्डन कॉलोनी थाना बारादरी रुहेलखंड बरेली उत्तर प्रदेश निवासी राज गुप्ता के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय तक तो सब ठीक ठाक चलता रहा, लेकिन फिर पति दहेज को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगा। दहेज में कार नहीं मिलने पर परेशान करने लगा। इतना ही नहीं ससुर सुदेश गुप्ता भी उसके पति को दहेज में 15 लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे।

पीड़िता के अनुसार शादी में परिजनों ने 10 लाख रुपये नकद, पांच लाख रुपये का दहेज और 10 लाख रुपये का जेवर दिया था। बावजूद सास बेवी गुप्ता, ससुर सुदेश गुप्ता और पति उससे दहेज में 15 लाख रुपये लाने का मांग करते रहे। विरोध करने पर उससे मारपीट की गई और तलाक देने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि 27 दिसंबर 2023 को ससुरालियों ने उसकी पिटाई कर घर से बाहर निकाल दिया। विवाहित का यह भी आरोप है कि उसे जानकारी मिली कि उसके पति का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न करने वाले पति, सास और ससुर के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 99 प्रतिशत बड़े और 100 प्रतिशत छोटे पशुओं में मास वैक्सीनेशन का कार्य पूर्ण

**रुद्रपुर :** ऊधमसिंह नगर जनपद में 99 प्रतिशत बड़े पशु (गाय-भैंसों) और 100 प्रतिशत छोटे पशु (भेड़-बकरियों) में एफएमडी मास वैक्सीनेशन व डाटा एंट्री का कार्य पूरा कर लिया गया है। सोमवार को यह जानकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष बड़े पशुओं और छोटे पशुओं में खुरपका व मुंहपका महामारी के कारण बहुत बड़े स्तर पर पशुओं की उत्पादकता प्रभावित होती है। दूध उत्पादन में कमी आती है। उन्होंने बताया कि कुछ प्रकरणों में पशुओं की मृत्यु तक हो जाती है और गर्भपात भी होता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए पशुपालन मंत्रालय भारत सरकार ने पूरे देश में वर्ष में दो बार एफएमडी टीकाकरण महाअभियान चलाया जाता है। उत्तराखंड प्रदेश में बड़े पशु और छोटे पशुओं में एफएमडी मास वैक्सीनेशन और भारत सरकार के भारत पशुधन एप पर डाटा एंट्री महाअभियान का छठा चरण पूरा कर लिया गया है। अभियान के तहत प्रदेश में 97 प्रतिशत बड़े पशुओं और 95 प्रतिशत छोटे पशुओं में एफएमडी मास वैक्सीनेशन महाअभियान पूरा कर लिया गया है। भारत पशुधन एप पर डाटा एंट्री भी कर ली गई है।

# बगीचे में महिला कर्मचारियों से छेड़छाड़ को लेकर विवाद

- मारपीट में चार लोगों के चोटें आईं, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** आम व लीची के बगीचे में काम करने रामनगर नैनीताल गई महिला कर्मचारियों से छेड़छाड़ को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि ठेकेदार के विरोध करने पर आरोपी युवक ने अपने 9-10 साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। घटना में चार लोगों के चोटें आई हैं, जिन्हें सरकारी अस्पताल बाजपुर में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बैंतखेड़ी बाजपुर निवासी चंद्रभान ने सोमवार को रामनगर कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसने बलवीर गार्डन छोई रामनगर जनपद नैनीताल में बगीचा ठेके पर ले रखा है और बगीचे में लीची व आम तोड़कर बेचने का कार्य कर रहा है। सोमवार की सुबह करीब 9 बजे बगीचे में कार्य करने वाली कुछ महिलाएं ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर ग्राम बैंतखेड़ी बाजपुर से कार्य करने आ रही थीं। आरोप है कि इसी बीच गांव के ही एक युवक ने इन महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर दी। बगीचे में पहुंचकर महिलाओं ने शिकायत की तो चंद्रभान ने आरोपित को डांट-फटकार लगाई तो वह अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। इस पर उसने आरोपित के एक थप्पड़ जड़ दिया। आरोप है कि कुछ समय के बाद आरोपित युवक अपने 9-10 साथियों के साथ बगीचे में पहुंच गया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें चंद्रभान के साथ ही उसके बेटे प्रेम सिंह, इंद्रजीत तथा भाई नरेश के चोटें आई हैं। इनमें से तीन को सरकारी अस्पताल बाजपुर में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं तहरीर में चंद्रभान ने मारपीट के दौरान जेब में रखी करीब एक लाख रुपये की नकदी भी गायब होने की बात कही है। खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी पंजीकृत नहीं हुई थी, अलबत्ता पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।


घायल नरेश।


घायल इंद्रजीत।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# जबरखेत मॉडल आधारित इको टूरिज्म डेस्टिनेशन डेवलप करें

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में डेवलपमेंट ऑफ इको टूरिज्म की राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन विभाग तथा संबंधित अधिकारियों के साथ इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य सचिव ने वन विभाग को निर्देशित किया कि पूरे राज्य में जबरखेत मॉडल आधारित बड़े इको टूरिज्म डेस्टिनेशन डेवलप करें। इको टूरिज्म का एक बहुत बड़ा डेस्टिनेशन हो जिसके चारों ओर छोटे-छोटे डिस्टेंस पर फॉरेस्ट टूरिज्म से संबंधित छोटे-छोटे फॉरेस्ट टूरिस्ट स्टेशन हो। जहां पर इको टूरिज्म से संबंधित विविध प्रकार की एक्टिविटी (फॉरेस्ट ट्रैकिंग, बर्ड वाचिंग, वाइल्डलाइफ सफारी, हेरिटेज ट्रेल, इको कैंपिंग, नेचर एडवेंचर, नेचर गार्डन इत्यादि) मौजूद हो। इसको एक पूरे पैकेज की भांति डेवलप करें। इस बात का भी होमवर्क करें कि इसका बेहतर संचालन कैसे संभव हो, अर्थात डेस्टिनेशन के डेवलपमेंट से लेकर, उसकी मार्केटिंग और उसका प्रभावी संचालन कैसे हो इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि शुरुआती चरण में 20 से 25 ऐसे इको टूरिज्म डेस्टिनेशन डेवलप करें जिनको डेवलप करना आसान हो और जहां पर डेवलप होने की व्यापक संभावनाएं मौजूद हो।

# पूर्व सांसद विश्वनाथ राय को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** देश में आजादी के अमृत काल में लोगों ने क्रांतिकारियों को याद किया। इसी क्रम में मटकोटा मोड़ स्थित स्मारक पार्क में क्रांतिकारी और पूर्व सांसद विश्वनाथ राय को लोगों ने श्रद्धांजलि दी और याद किया।

सोमवार को क्रांतिकारी और पूर्व सांसद विश्वनाथ राय के पुत्र कर्नल प्रमोद शर्मा (वेटरन) ने बताया कि विश्वनाथ राय 1932 में विधि की शिक्षा पूरी कर के शहीद भगत सिंह के दल में शामिल हो गए और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह में भाग लिया। उनको अंग्रेज सरकार ने गिरफ्तार कर के आठ वर्षों तक देश के विभिन्न जेलों में कैद कर यातनाएं दीं। वर्ष 1952 से 1977 तक लगातार 25 वर्षों तक वह सांसद रहे।


क्रांतिकारी विश्वनाथ राय को श्रद्धांजलि देते कर्नल प्रमोद शर्मा व अन्य।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के तराई व पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहे। किसानों के उपज के दामों के लिए संसद और संसद के बाहर निरंतर संघर्ष किया। इस अवसर पर साधना शर्मा, अंकुर राय, अंश शर्मा, जर्नादन सिंह, मोहन खेड़ा, अरुण चुग, संजीव राय, गिरधर सिंह, दीपक राय, कौशल, अमन यादव, दीपक यादव आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**सितारगंज :** सिडकुल रोड स्थित पेस टू शीशमबाग के निकट सड़क हादसे में दीप प्रकाश भट्ट नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दीप प्रकाश भट्ट वाहन संख्या यू.के.03 सी.ए. 1238 को चला रहा था और 27 मई की रात लगभग 12 बजे हल्द्वानी से मरम्मत कराकर लौट रहा था, तभी सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रहे वाहन संख्या यू.पी.25 सी.टी. 4396 ने टक्कर मार दी, जिससे दीप का वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव खटीमा मोर्चरी भेजा, जबकि परिवार को दुर्घटना की सूचना अगली सुबह वाहन स्वामी पानदेव भट्ट द्वारा दी गई। मृतक के पिता नारायण दत्त भट्ट ने व्यस्तता के कारण समय पर रिपोर्ट दर्ज न करा पाने की बात कहते हुए अब घटना की विधिवत सूचना कोतवाली सितारगंज में दी है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला घायल

**सितारगंज :** ग्राम राजनगर निवासी सुचित्रा अधिकारी 18 मई 2025 को दोपहर लगभग 12 :30 बजे अपनी स्कूटी यू.के.06 ए.एल.0793 से डॉक्टर के पास सितारगंज जा रही थी। सामने से तेज रफ्तार में आई एक सफेद रंग की अपाची बाइक बिना नंबर प्लेट के चालक गौरव मंडल निवासी अरविंदनगर, ने लापरवाही से स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में सुचित्रा को गंभीर चोटें आईं जिससे उनके तीन दांत टूट गए, जबड़े और नाक की हड्डी में फ्रैक्चर हुआ, कमर और चेहरे पर भी गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

पहल — मेयर दीपक बाली के नेतृत्व में चिन्हित किये चौराहे व तिराहे

# चौराहों को सुंदर बनाने के लिए किया निरीक्षण

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहर के सौंदर्यीकरण के लिये प्रस्तावित तिराहे व चौराहों का प्राधिकरण अधिकारियों, मेयर व अन्य विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया। वहीं इससे पूर्व बैठक कर इस पर चर्चा की गई।

सोमवार की दोपहर नगर निगम सभागार में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में चिह्नित बाजपुर रोड स्थित चैती चौक, टांडा तिराहा, मंडी तिराहा, चीमा चौराहा, चैती तिराहा, स्टेडियम तिराहा, मुख्य चौराहे के सौंदर्यीकरण को लेकर डिजाइन आदि पर चर्चा हुई। बाद में मेयर दीपक बाली के साथ अधिकारियों ने चौराहों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी तिराहे पर स्थित पुलिस चौकी को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने पर भी चर्चा की गई। मेयर बाली ने बताया कि सौंदर्यीकरण के लिये प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजा गया गया था। अधिकारियों के साथ सात चौराहों व तिराहों का निरीक्षण किया गया है। इसके साथ ही प्रस्तावित अहिल्याबाई चौक को भी जोड़ा गया है। जल्द ही चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए सुंदर डिजाइन व डीपीआर बनाकर भेजी जाएगी। इन चौराहों में महापुरुषों की प्रतिमा भी लगाई जाएगी। जल्द ही यह काम धरातल पर नजर आएगा। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एएसपी अभय सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला, एआरटीओ पूजा नयाल, लोनिवि ईई अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में चौराहों का निरीक्षण करते मेयर व अधिकारी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रुद्रपुर :** पीलीभीत निवासी एक युवक ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है। आरोप है कि ट्रक चालक ने गलत दिशा में आकर उनके पिता की बाइक को टक्कर मारी दी थी। इससे उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम हाफिज नगर बन्नी अमरा करोड़ बीसलपुर पीलीभीत निवासी हरिओम गंगवार ने ट्रांजिट कैंप थाने में पुलिस को तहरीर सौंपी है। इसमें बताया कि उसके पिता चेतराम सिडकुल में बजाज कंपनी में काम करते थे और ट्रांजिट कैंप में किराए में कमरा लिया हुआ था। 31 मई की रात सवा एक बजे वह अपना काम समाप्त कर बजाज कंपनी से बाइक पर कमरे की ओर आ रहे थे। इसी बीच वोल्टास कंपनी चौक के पास गलत दिशा से आ रहे ट्रक चालक ने उसके पिता की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# वसुंधरा-एलाइंस कॉलोनी में हाईटेंशन लाइन का विरोध


हाईटेंशन लाइन का विरोध करते कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** काशीपुर फ्लाईओवर के समीप वसुंधरा और एलाइंस कॉलोनी के लोगों ने यूपीसीएल की ओर से डाली जा रही 11 केवी की हाइटेंशन लाइन डालने का विरोध किया है। कॉलोनी के लोगों ने कहा कि अगर इसे रोका नहीं गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

सोमवार को यूपीसीएल की टीम वसुंधरा कॉलोनी और एलाइंस कॉलोनी में 11 केवी की हाईटेंशन लाइन डालने पहुंची। इसकी जानकारी मिलते ही वहां स्थानीय लोग जमा हो गये और विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि कॉलोनी में लोगों के घरों के ऊपर से यह हाईटेंशन लाइन लगायी जा रही है। इससे लोगों को भविष्य में खतरा हो सकता है। इस मौके पर समरवीर सिंह, रोनिक नारंग, तान्या अरोरा, सोनू सिंह, गेदी चुघ, अमरीक चावला मौजूद रहे।

### दोबारा मुख्य बाजार में कारोबार नहीं करने की दी सख्त हिदायत, बाजार बंदी के दौरान कारोबार कर रहे थे कारोबारी

# बाहरी ठेला कारोबारियों को मुख्य बाजार से खदेड़ा

विवाद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सोमवार को बाजार बंदी के दौरान मुख्य बाजार में बाहर से आये ठेला कारोबारियों ने दुकान लगा रखी थी। इसकी जानकारी मिलते ही व्यापार मंडल और रेडीमेड यूनियन के पदाधिकारी वहां पहुंचे और ठेला कारोबारियों को वहां से खदेड़ दिया। साथ ही सख्त हिदायत दी कि दोबारा मुख्य बाजार में ठेला लगाकर कारोबार न करें।

सोमवार को मुख्य बाजार से बाहर से ठेला कारोबारियों को


मुख्य बाजार में ठेला कारोबारियों को हिदायत देते व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा। ● अमृत विचार

खदेड़ने के बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि पिछले दिनों नगर निगम की टीम ने बाजार का निरीक्षण किया था और ठेला कारोबारियों को दुकान नहीं लगाने की सख्त हिदायत दी गयी थी। बावजूद ठेला कारोबारी सोमवार को बाजार बंदी के दौरान मुख्य बाजार में कारोबार करते हुए दिखे। उन्होंने कहा कि मुख्य बाजार में कारोबार शुरू करने से आवागमन बाधित होता है और शहर का माहौल खराब होने की आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि शहर के व्यापारियों का हित देखते हुए किसी भी दशा में बाहर के ठेला कारोबारियों को मुख्य बाजार में कारोबार नहीं करने दिया जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष संदीप राव, राजेश कामरा, पवन गाबा, रेडीमेड यूनियन अध्यक्ष नवीन बांगा, मनीष ठुकराल, सुरेंद्र सिंह, संदीप कामरा, सचिन तनेजा, अमित खुराना, चिराग कालरा, रोहित सक्सेना, नरेंद्र बठला, प्रदीप कामरा, सुनील आदि मौजूद रहे।

# महिला कारोबारी को झांसा देने वाला भूटान बॉर्डर से दबोचा

### महिला कारोबारी से ऑनलाइन 34 लाख का किया था प्याज का सौदा, प्याज नहीं पहुंचने पर महिला कारोबारी ने पुलिस को सौंपी थी तहरीर

धोखाधड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्याज का कारोबार करने वाली एक महिला को पश्चिम बंगाल में प्याज का बड़े स्तर पर कारोबार करने का झांसा देने वाले एक साइबर ठग को पुलिस ने भूटान बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया है। महिला प्याज कारोबारी को झांसे में लेकर साइबर ठग ने 34 लाख रुपये का ऑनलाइन सौदा किया, लेकिन प्याज नहीं भेजा। वहीं पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सोमवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 26 अप्रैल 2024 को प्याज कारोबारी महिला माधवी पचौरी ने ट्रांजिट कैंप थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। प्याज कारोबारी ने बताया कि उनकी फर्म स्पेयर पार्ट्स और प्याज खरीद और बेचने का काम करती है। राम कृष्णा रोड इटालगाछा, उत्तरी परगना पश्चिम बंगाल निवासी अभिजीत घोष से साल 2024 में उसकी मुलाकात हुई थी। इस दौरान अभिजीत घोष ने उसे बताया कि उसकी फर्म का ईके गुहा रोड दमदम कोलकाता पश्चिम बंगाल में जीएसटी पंजीकृत है और वह प्याज का विक्रय बड़े स्तर पर करता है। इस पर माधवी पचौरी ने 34 लाख रुपये का ऑनलाइन प्याज का सौदा किया। अलग-अलग तिथि में करीब 34 लाख रुपये दे दिए। बावजूद प्याज नहीं मिला। प्याज कारोबारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना आवास विकास चौकी प्रभारी प्रकाश चंद्र को सौंपी गई थी। इस दौरान पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी को कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली।

एसएसपी ने बताया कि बीते दिनों अभिजीत घोष के संबंध में इनपुट मिले थे। वह पश्चिम बंगाल के पास भूटान बार्डर पर है। जिसके बाद थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप मोहन पांडे, आवास विकास चौकी प्रभारी प्रकाश चंद्र पुलिस कर्मियों के साथ पश्चिम बंगाल को रवाना हुई। जहां पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आरोपित अभिजीत घोष को जयगांव जिला अलीपुरद्वार पश्चिम बंगाल के पास भूटान देश के बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आरोपी ने स्थाई पता दार्जिलिंग का दिखाया था।


काशीपुर में पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### हिस्ट्रीशीटर सट्टा किंग समेत छह सटोरिये गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने एक सटोरिये के घर पर छापा मार कर हिस्ट्रीशीटर सट्टा किंग समेत सट्टा लगाने आए पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से सट्टा पर्ची समेत कैलकुलेटर, पेन व डायरी समेत 25 हजार की नगदी बरामद की। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। रविवार शाम बांसफोड़ान चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला बांसफोड़ान चुंगी पर यादव सभा वाली गली में एक मकान पर दबिश दी। सूचना मिली थी कि कई दिनों से मकान पर बहुत बड़े स्तर का सट्टा चला रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान से मोहल्ला बांसफोडान निवासी मो. तस्लीम को दबोच लिया। साथ ही पांच अन्य व्यक्तियों को कमरे में घेर लिया। पूछताछ में तस्लीम ने बताया कि सभी उसके घर पर सट्टा लगाने आए थे। गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम अबरार हुसैन निवासी मछली बाजार ठाकुरद्वारा, हैदर अली व मौ. सूफीयान निवासीगण मोहल्ला बांसफोड़ान, यशपाल सिंह निवासी महेशपुरा व अनिल कुमार निवासी कटोराताल बताया। पुलिस ने कमरे से सट्टा नोटबुक, कैलकुलेटर, सट्टे की हिसाब लिखी हुई 52 सट्टा पर्ची की रंगीन डायरियां, 111 कोरी व नई सट्टा पर्ची की रंगीन डायरियां, पैन व सट्टे में प्रयोग धनराशि कुल 25 हजार 90 रुपये बरामद किए। पुलिस टीम में एसएसआई अनिल जोशी, एसआई गणेश पाण्डेय व देवेन्द्र सिंह सामंत, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल अमरदीप, प्रेम कनवाल, महेंद्र सिंह शामिल रहे।

# साइबर ठग महिला के झांसे में आया जसपुर का युवक, 50 हजार गंवाए

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचार:** ट्रेडिंग पर लाखों रुपये कमाने और शादी करने का झांसा देने वाली एक साइबर ठग महिला के जाल में जसपुर का एक व्यक्ति फंस गया और 50 हजार रुपये ट्रेडिंग पर लगा दिए। लगायी गयी धनराशि पर कोई लाभ नहीं मिलने और महिला के टालमटोली करने पर उसे ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित ने साइबर थाने में तहरीर सौंपी और कार्रवाई की मांग की। साइबर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

भूप सिंह मोहल्ला जसपुर निवासी आलोक कुमार ने बताया कि उसने मैरिज प्रोफाइल संगम डाट काम पर पंजीकरण कराया था। 11 मार्च 2025 को प्रीति अग्रवाल का बायोडाटा और फोटो उसके पंजीकरण नंबर पर आई। इसके बाद दोनों के बीच चैटिंग के माध्यम से बातें होने लगी। इस दौरान प्रीति ने बताया कि वह ट्रेडिंग कर लाखों रुपये रोज कमाती है। ट्रेडिंग करने पर वह उससे शादी कर लेगी। तीन माह में एक करोड़ कमाने के बाद वह उसे अपने परिजनों से मिलाएगी। इसके बाद प्रीति ने उसे व्हाट्सएप पर लिंक भेजा। लिंक मिलने पर उसने 50 हजार रुपये ट्रेडिंग पर लगा लिए। जिसमें उसे नौ हजार रुपये का लाभ दिखाया गया। यही नहीं प्रीति के कहने पर उसने साइड पर जाकर कस्टमर केयर पर क्लिक किया तो टेलीग्राम से जुड़ गया। कस्टमर केयर पर बैंक खाता नंबर डिटेल मिलने पर फोन पे के माध्यम से 50 हजार रुपये की धनराशि ट्रांसफर की गई। जिसके बाद 28 अप्रैल 2025 से 28 मई 2025 तक अपने दो खातों से 40.46 लाख रुपये उनके बताए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए गए। आलोक का कहना कि ट्रेडिंग पर लगायी गयी धनराशि पर उसे करीब 34455 डालर का लाभ दिखाया गया। कई बार उसने धनराशि निकालने के लिए आवेदन किया, लेकिन उन्होंने 30 प्रतिशत टैक्स पे करने पर ही रुपये निकालने की बात कही। जब उसने कई बार प्रीति अग्रवाल से पूछा तो वह टालमटोल करने लगी। इसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ और साइबर थाना पुलिस को प्रीति के खिलाफ तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। साइबर थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

# टास्क फोर्स ने यात्रियों को बसों में बैठाया


रुद्रपुर डिपो परिसर में खड़ी बसें। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

- पांच से 10 यात्री वाली बसों को भी भेजा गया
- विगत दिवस महाप्रबंधक संचालन के निर्देश के बाद सक्रिय हुआ टास्क फोर्स

**अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में यात्रियों को बस में बैठाने के महाप्रबंधक (संचालन) के आदेश के बाद रुद्रपुर डिपो प्रबंधन ने टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सोमवार को रुद्रपुर डिपो के एआरएम केएस राणा ने बताया कि महाप्रबंधक के आदेश के बाद बसों में यात्रियों की संख्या को बढ़ाने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया। इसमें स्टेशन इंचार्ज (एसएसआई व जेएसआई) के साथ ही लिपिकों और कार्यालय सहायकों को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स की ओर से एक रजिस्टर बनाया जाएगा।

इसमें बस स्टेशन पर संचालित बस का नंबर, बस का प्रकार, मार्ग का नाम और बस में बैठाए गए यात्रियों की संख्या का विवरण अंकित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हालांकि यात्रियों की संख्या कम रही। फिर ही यात्रियों की सुविधा के लिए उन बसों को गंतव्य की ओर भेजा गया जिसमें यात्रियों की संख्या पांच से दस तक थी। पहले दिन बाहरी राज्यों की बसें भी अधिक संख्या में नहीं दिखायी दी। उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कहा कि यात्रियों की सुविधाओं के लिए यह कदम उठाया गया है।

# ठेकेदार पर मनमानी का आरोप

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नगर पालिका में कार्यरत ठेका सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए ठेका निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन तहसील को सौंपा।

सफाई कर्मचारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में ठेका सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा नियमों के विरुद्ध सफाई कार्य कराया जा रहा है। बार-बार मांग करने पर भी ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। यह भी आरोप है कि ठेकेदार द्वारा बहाना बनाकर सफाई कर्मचारियों की सैलरी जो महीने के प्रारंभ में मिलनी चाहिए महीने के अंत में दी जाती है। शासन द्वारा सफाई कर्मचारियों की दैनिक मजदूरी पांच सौ रुपये निर्धारित की गई है परंतु ठेकेदार द्वारा कम सैलरी पर काम कराया जा रहा है।

ज्ञापन सौंपने वालों में राजू वाल्मीकि, चंदन, संजीत, आशीष, ललित, किशन पाल, मोहित वाल्मीकि, संतोष कुमार, अजय आदि उपस्थित रहे।


खटीमा में ज्ञापन सौंपते ठेका सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

# दस सीसीटीवी कैमरों से संडे बाजार की निगरानी होगी

**काशीपुर:** संडे बाजार में जेब कतरों के आतंक से निजात के लिये दस सीसीटीवी कैमरे लगाए गये हैं। इन कैमरों के माध्यम से पूरे बाजार की निगरानी की जाएगी।

कुंडेश्वरी रोड स्थित साहनी रिसोर्ट के पास प्रत्येक रविवार को संडे बाजार लगाया जाता है। जहां पर दूरदराज से दुकानदार कपड़े, जूते, सौंदर्य प्रसाधन के सामान बेचने आते हैं। इस बाजार में सुबह से देर शाम तक हजारों महिला-पुरुष खरीदारी करने आते हैं। अकसर इस बाजार में महिलाओं के पर्स, थैले आदि काटकर जेबकतरे रुपये व कीमती सामान व दुकानदारों का सामान चोरी कर लेते हैं।

प्रत्येक संडे बाजार में महिलाओं के पर्स कटने की घटनाओं को देखते हुए क्षेत्रवासी संडे बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग करने लगे थे। कोतवाली प्रभारी अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि संडे बाजार में चोर-उच्चकों पर लगाम लगाने के लिए अब बाजार में दस सीसीटीवी कैमरे विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार की ओर से लगवाए गए हैं। अभी इसका कंट्रोल रूम ठेकेदार के पास ही है।

सतर्कता

### किच्छा विधायक बेहड़ ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा, सफाई कार्य को लेकर दिशा निर्देश दिए

# निरीक्षण में सफाई कार्य से असंतुष्ट नजर आए विधायक

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** आगामी मानसून के दृष्टिगत तमाम विभागीय अधिकारियों से बैठक के बाद किच्छा क्षेत्र में किए जा रहे सफाई व्यवस्था कार्य का विधायक तिलक राज बेहड़ ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक बेहड़ ने अलग-अलग क्षेत्र में पहुंचकर सफाई कार्य को लेकर दिशा निर्देश दिए।

नगर के दीनदयाल चौक से बरेली मार्ग, दीनदयाल चौक से आदित्य चौक तक नगर पालिका प्रशासन द्वारा सड़क किनारे किए जा रहे नाले की सफाई का विधायक बेहड़ ने निरीक्षण किया। नालियों की सफाई कार्य से असंतुष्ट नजर आए विधायक बेहड़ ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि 10 जून के आसपास मौसम विभाग द्वारा मानसून की संभावना जताई गई है, लेकिन नगर के मुख्य मार्गों पर पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई है। विधायक बेहड़ ने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को पत्र लिखकर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा तुरंत रुद्रपुर मार्ग, हल्द्वानी मार्ग, बरेली मार्ग, सिरौली कला क्षेत्र में बंद पड़ी नालियों एवं नालों को प्राथमिकता के आधार पर साफ किया जाना चाहिए तथा कई स्थानों पर नालियां बहुत छोटी होने के कारण भी पानी की निकासी अवरुद्ध हो रही है एवं नालियों को चौड़ा किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सफाई कार्य को पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दर्शन कोहली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश दुआ, प्रेमा भट्ट एवं नगर पालिका के सफाई निरीक्षक विजयंत चौधरी आदि मौजूद रहे।


किच्छा में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते विधायक तिलक राज बेहड़।

### जनता संवाद कार्यक्रम में सुनीं दर्जनों लोगों की समस्याएं

**किच्छा :** विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनता संवाद कार्यक्रम के तहत आवास विकास स्थित कार्यालय में दर्जनों लोगों की समस्याओं को सुना और समस्याओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। आवास विकास स्थित कार्यालय में ग्राम नजीबाबाद- कलकत्ता फॉर्म से सूरज कली एवं विजय कुमार द्वारा गांव में दो सड़कों का निर्माण, ग्राम कच्ची खमरिया के ग्रामीणों ने पक्की खमरिया नहर किनारे अधूरी सड़क का निर्माण जल्द कराए जाने का आग्रह करते हुए क्षतिग्रस्त सड़क के कारण ग्रामीणों को हो रही समस्या से अवगत कराया। मौके पर व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, एन यू खान, ठाकुर सुनील सिंह, धर्मेंद्र सिंधी, कुलदीप सिंह लक्की आदि मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह –माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक– तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# बड़ा विमानन बाजार

चार दशकों में भारत में बहुत कुछ बदल चुका है और आज का भारत पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरा हुआ है। भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है। सोमवार को इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा कि देश 2030 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने की राह पर है। देश में निवेश का यही है सही समय है और यहां भरपूर संभावनाएं हैं। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। वास्तव में भारत एक ऐसे बदलाव के दौर से गुजर रहा है जो अभूतपूर्व आर्थिक चुनौती और अवसर प्रस्तुत करता है। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए, भारत सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत कई प्रयास कर रही है। यह पहल निवेश, नवाचार, बौद्धिक संपदा की रक्षा और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देती है। सरकार हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है, जिससे विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है।

सरकार, निवेशक और उद्यमी, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के विकास के लिए आशावादी हैं। हालांकि चीन वैश्विक विनिर्माण और ऊर्जा संक्रमण पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख शक्ति है क्योंकि इसने अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और आर्थिक नीति का लाभ उठाकर रणनीतिक लाभ प्राप्त किया है। इसके बावजूद भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और इस प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव आ रहे हैं। अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और वित्तीय हितधारकों के समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण हैं। सरकार भारत की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। अभियान के तहत, भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी निर्भरता को कम करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर विमान घटक विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी वैश्विक विमानन केंद्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है। अपेक्षाकृत प्रतिकूल वैश्विक परिवेश में, भारत को एक विनिर्माण महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए सरकार को इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन देने चाहिए।

# बढ़ता तापमान जीवन के लिए संकट का सबब बना


सुनील कुमार महला
स्तंभकार

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा।

हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण–पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40–45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी।

वास्तव में धरती का तापमान का लगातार बढ़ना कहीं न कहीं गंभीर खतरों का संकेत दे रहा है। आज मानव की जीवनशैली लगातार बदलती चली जा रही है और मानवीय गतिविधियों के कारण, अंधाधुंध विकास, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औधोगिकीकरण के कारण ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, जिससे नीले ग्रह पर खतरा मंडराने लगा है। एक जानकारी के अनुसार मानवीय जीवनशैली के कारण इस सदी के अंत तक धरती का औसत तापमान 2.7 सेंटीग्रेट बढ़ जाएगा। वास्तव में धरती के तापमान के इतना बढ़ने का सीधा सा मतलब यह है कि इस सदी के अंत तक धरती के ग्लेशियरों की बस एक चौथाई बर्फ़ ही बची रहेगी तथा बाकी तीन चौथाई बर्फ़ ख़त्म हो जाएगी। ग्लेशियर बर्फ पृथ्वी पर ताजे पानी का सबसे बड़ा भंडार है, जो बर्फ की चादरों के साथ दुनिया के ताजे पानी का लगभग 69 प्रतिशत रखता है। पृथ्वी के कुल जल का लगभग दो प्रतिशत भाग ग्लेशियरों में संग्रहीत है। इतना ही नहीं, ग्लेशियर अतीत की जलवायु के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं। ये ग्लेशियर ही हैं, जिनसे कृषि, जल विद्युत एवं पेयजल हेतु जल मिलता है। समुद्र जल स्तर में ग्लेशियरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा। दरअसल यह खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि दुनिया की प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी एक ताज़ा रिसर्च में किया गया है। इस संदर्भ में ताज़ा उदाहरण स्विट्जरलैंड का है, जहां ऊंचे पहाड़ों से टूटे एक ग्लेशियर ने निचले इलाके में तबाही मचा घाटी में बसे ब्लैटन गांव (नब्बे फीसदी गांव को) बर्च नाम के ग्लेशियर ने बर्बाद कर दिया। दरअसल,ग्लेशियरों के इस तरह टूटने के पीछे सबसे बड़ी वजह है धरती के औसत तापमान का बढ़ना। कहना ग़लत नहीं होगा कि तापमान में बढ़ोत्तरी भारी बारिश (अतिवृष्टि), तो कहीं सूखा (अनावृष्टि), कभी ग्लेशियरों की झीलों के फटने तो कभी बड़े तूफ़ानों जैसे अतिमौसमी बदलावों की शक्ल में हमारे सामने आ रहा है। प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी रिसर्च के मुताबिक दुनिया के ग्लेशियर मौजूदा अनुमान से कहीं ज्यादा तेज़ी से पिघल रहे हैं और इस सदी के अंत तक अगर धरती का औसत तापमान अगर 2.7 सेंटीग्रेट और बढ़ा तो दुनिया में मौजूद ग्लेशियरों में सिर्फ़ 24 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रह जाएगी, जो कि एक बड़ा और गंभीर खतरा है। जानकारी के अनुसार ग्लेशियरों की 76 प्रतिशत बर्फ़ पिघल चुकी होगी।

पेरिस समझौते में ये तय हुआ था, कि दुनिया के तापमान को पूर्व औद्योगिक तापमान से 1.5 सेंटीग्रेट से ज़्यादा नहीं बढ़ने देना है, लेकिन आज विकसित देश ही कार्बन उत्सर्जन के अधिक जिम्मेदार हैं और कोई भी ग्लोबल वार्मिंग को कम करने को लेकर जिम्मेदार नजर नहीं आते। साइंस पत्रिका में छपी रिसर्च के मुताबिक अगर दुनिया का औसत तापमान 1.5 सेंटीग्रेट तक ही बढ़ा तो भी ग्लेशियरों की 46 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी, सिर्फ़ 54 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रहेगी, यह बहुत ही चिंताजनक है, क्यों कि ग्लेशियर पानी के बड़े स्त्रोत होते हैं और जल ही जीवन है। शोध में सामने आया है कि अगर औसत तापमान बढ़ना बंद हो जाए और उतना ही रहे, जितना कि आज है, तो भी दुनिया के ग्लेशियरों की बर्फ़ 2020 के स्तर से 39 सेंटीग्रेट कम हो जाएगी। मतलब यह है कि आज भी तापमान कुछ कम नहीं है और यह नीले ग्रह को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। शोध में पाया गया है कि यदि दुनिया का औसत तापमान 2 सेंटीग्रेट बढ़ा तो स्कैंडिनेवियन देशों यानी नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क के ग्लेशियरों की सारी बर्फ़ पिघल जाएगी। इतना ही नहीं, उत्तर अमेरिका की रॉकी पहाड़ियों, यूरोप के आल्प्स और आइसलैंड के ग्लेशियरों की क़रीब 90 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी।औसत तापमान में 2 सेंटीग्रेट की बढ़ोतरी का भारी असर दक्षिण एशिया में हिंदूकुश हिमालय पर भी पड़ने की संभावनाएं जताई गईं हैं।

हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण-पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी। वास्तव में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंदूकुश हिमालय से निकलने वाली नदियां जो गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र की घाटियों में बहती हैं वो क़रीब दो अरब आबादी के लिए अनाज, मनुष्य की आजीविका और पानी की गारंटी हैं। वास्तव में आज धरती का लगातार बढ़ता हुआ तापमान न केवल मनुष्य के लिए अपितु धरती के सभी जीवों, वनस्पतियों, हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संकट का सबब बनता चला जा रहा है।

अंत में यही कहूंगा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए हमें सामूहिक रूप से कदम उठाने होंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझना होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे नीले ग्रह को गर्म करने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना ही ग्लेशियरों के पिघलने की गति को धीमा करने का सबसे प्रभावी तरीका है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि धरती के तापमान में मामूली वृद्धि भी कहीं न कहीं मायने रखती है। मानव को समझने की जरूरत है कि विकास के नाम पर हमें प्रकृति से छेड़छाड़ और खिलवाड़ को बंद करना होगा। पर्यावरण के साथ संबंध स्थापित करते हुए भी विकास किया ही जा सकता है। एक जानकारी के अनुसार दुनिया में क़रीब पौने तीन लाख ग्लेशियर हैं।

पृथ्वी पर, 99 प्रतिशत ग्लेशियर बर्फ ध्रुवीय क्षेत्रों में विशाल बर्फ की चादरों (जिन्हें "महाद्वीपीय ग्लेशियर" भी कहा जाता है) के भीतर समाहित है। हमें ग्लेशियरों को संरक्षित करना होगा और जल प्रबंधन को बढ़ावा देना होगा, ताकि भविष्य में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## प्रसंगवश

# आम आदमी की सवारी

**विश्व साइकिल दिवस पर**


रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

साइकिल मानव ऊर्जा को गतिशीलता में बदलने के लिए अब तक का सबसे कुशल साधन है। साइकिल का व्यापक रूप से परिवहन, मनोरंजन और खेल के लिए उपयोग किया जाता है। साइकिलें उन क्षेत्रों में लोगों और सामान को ले जाने के लिए आवश्यक हैं जहां कम वाहन उपलब्ध हैं। साइकिल से वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। ऐसे में विश्व साइकिल दिवस का महत्व समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कल्याण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर साइकिल सवारी को प्रोत्साहित करना है।

3 जून 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बनी थी और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुओआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था।

भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिए बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

# मौजूदा समय में बांग्लादेश नाजुक मोड़ पर


प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात–ए–इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है।

बांग्लादेश एक बड़े राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। 8 अगस्त 2024 को 'छात्र आंदोलनों' की आड़ में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किए जाने और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार और प्रमुख के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। कट्टरपंथी तेजी से मजबूत होकर उभरे हैं। सैन्य जुंटा का दबदबा बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के संरक्षण से आतंकियों के चुनावों में भाग लेने का रास्ता साफ हुआ है तो दूसरी ओर बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध तय करने में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। बात यहीं तक आकर खत्म नहीं होती। मोहम्मद यूनुस ने चीनी निवेशकों को यह कहते हुए आमंत्रित किया है कि वे बांग्लादेश को अपना घर और उत्पादन केंद्र बनाएं। उदारवादी और लोकतंत्र समर्थक हैरान हैं कि बांग्लादेश किस ओर जा रहा है और दुनिया को इस बदलाव को कैसे समझना चाहिए।

भारत के संदर्भ में बात की जाए तो भारत पश्चिम मोर्चे पर युद्ध जैसे हालात का सामना कर रहा है। इस राजनीतिक तनाव के कोलाहल से दूर, ड्रैगन चुपचाप लेकिन निश्चित रूप से भारत के पूर्वी क्षेत्र में अपनी पैठ बना रहा है। कुछ दिन पहले ही मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि चीनी अधिकारियों ने बांग्लादेश के रंगपुर में लालमोनिरहाट एयरबेस का निरीक्षण किया है जिसे सरकार फिर से बनाने की योजना बना रही है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से बमुश्किल 20 किमी दक्षिण में स्थित ऐसा एयरबेस भारत में चिंता का विषय है, खासकर तब जब भू-राजनीतिक परिदृश्य गंभीरता का विषय बना हो। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक के रूप में भी जाना जाता है, नेपाल और बांग्लादेश दोनों की सीमाओं के पास स्थित है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दो राष्ट्रीय राजमार्ग और दो ब्रॉड-गेज रेलवे लाइनें यहां से गुजरती हैं, कई सड़क और रेलवे पुल हैं, और लाखों टन माल पूर्वोत्तर में आता-जाता है और भूटान से भी इसकी कनेक्टिविटी है। यह तथ्य भी जगजाहिर है कि 1967 में सिक्किम के नाथू ला इलाके में चीन की कई आक्रामक कार्रवाइयों के कारण सशस्त्र झड़पें हुईं, जिसका भारतीय सेना ने बहुत ही जोरदार तरीके से जवाब दिया। नाथू ला में चीन की कार्रवाइयां क्षेत्र में क्षेत्रीय दावों और प्रभाव को स्थापित करने की उसकी रणनीति का हिस्सा रही हैं। ऐसे में मोहम्मद यूनुस का यह कहना कि अंतरिम सरकार सुधारों को लागू करने, निवेश के माहौल को बढ़ाने, नियामक ढांचे को सुव्यवस्थित करने और व्यापार संचालन के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने में दृढ़ रही है, कई बड़े निहितार्थ लिए है जिस पर भारत को सतर्कता से नजर रखनी होगी।

कूटनीतिक फेरबदल और विवादास्पद नीतिगत निर्णयों से सरकार और शीर्ष अधिकारियों तथा विदेश सेवा के बीच गहरी दरारें उजागर हुई हैं। व्यापक विरोध प्रदर्शनों से नौकरशाही के कामकाज में रुकावट का खतरा उत्पन्न हो रहा है। जनता का विश्वास भी डगमगा रहा है। अनेक नागरिक, जो कभी यूनुस के सुधारवादी रुख का समर्थन करते थे, अब उम्मीद और हताशा के बीच फंस गए हैं। बांग्लादेश के नागरिक प्रशासन पर सेना का मौन प्रभाव हमेशा से ही रहा है। सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने यूनुस से दिसंबर 2025 तक चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कहा है जबकि यूनुस जून 2026 तक चुनाव कराने की बात कहते रहे हैं। अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति भी मिल गई है। जमात-ए-इस्लामी पर 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान की सेना के साथ मिलकर हत्याएं करने जैसे आरोप भी हैं। इसके पहले जमात के इस्लामी नेता अजहरुल इस्लाम को कोर्ट ने बरी कर दिया है। उस पर कई लोगों की हत्या, अपहरण जैसे संगीन आरोप थे। अंदाज लगाया जा सकता है कि जब ऐसे लोग चुनाव लड़कर वहां की संसद में पहुंचेंगे तो पड़ोसी देशों के साथ सरकार के रिश्ते कैसे होंगे? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बांग्लादेश मौजूदा समय में एक नाजुक मोड़ पर है। बांग्लादेश की राजनीति गहरे मतभेदों से अटी पड़ी है। अंतरिम सरकार नई चुनौतियों का सामना करने के लिए उभरते हुए सत्ता केंद्रों के साथ जुड़ सकती है। आगे का रास्ता आदर्शवाद पर कम और व्यावहारिक राजनीतिक बातचीत पर अधिक निर्भर करेगा। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने विकल्पों पर पुनर्विचार करना होगा।

## सोशल फोरम

# पहली बार पता चला


भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

हमें अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र से बाहर और विशेषज्ञों के दायरे में जाकर कोई विश्लेषण नहीं करना चाहिए, न उन्हें यह बताना चाहिए कि उनका कोई काम कितना सही है या गलत है। यदि जल सेनाध्यक्ष ने किसी से प्रकाश्य ढंग से कोई बात की है तो जो कुछ कहा है उसका मतलब वही नहीं होता। जो संदेश देना है और जिस दबाव में रखना है, वही ध्यान देने योग्य है, जिसको हम जान नहीं सकते। परंतु घटित होने के बाद जान भी जाएंगे।

राजनीतिक किसी भी घटना या कार्य का लाभ उठाने से बाज आए, ऐसा हो नहीं सकता। धर्म पूछ कर किए गए नरसंहार के बाद जो करना था, वह पहले तय था। विपक्षी दलों का समर्थन लेना भी उसी का हिस्सा था। दूसरे दल कठोर कार्रवाई करने की मांग के लिए नैतिक और राजनीतिक दोनों कारणों से बाध्य थे। आपरेशन सिंदूर दूसरे देशों के आकलन में और हमारे लिए भी अविश्वसनीय रूप से सफल रहा। पहली बार हमें अपने निजी आयुध विकसित करने की सफलता का पता चला, सामरिक शक्ति का पता चला। सैन्य विज्ञान के विशेषज्ञों ने यह स्वीकार किया कि यह सैन्यविज्ञान में यह एक नया और बहुत आगे बढ़ा हुआ प्रयोग है। हमारे लिए यह दूसरी सफलता गर्व की बात है।

जहां तक राजनीतिक लाभ उठाने की बात है यदि मोदी बिल्कुल चुप रहते तो इसका बहुत अधिक लाभ मिलता। ललकार भरे स्वर में और बार-बार उसको दोहराते नहीं तो उन्हें इसका अधिक लाभ मिलता। कोई इतना मूढ नहीं हो सकता कि यह न समझ सके कि उनका लक्ष्य राजनीतिक लाभ उठाना भी है। परंतु इस गलती को खरगे ने अपनी गलती से दूर कर दिया और कांग्रेस को जितनी अधिक क्षति पहुंचाई है, वह मोदी उन पर प्रहार करके भी नहीं कर सकते थे। उत्साह में कोई कुछ भी बोल जाए परंतु न तो देश की अर्थव्यवस्था बिना किसी नए उकसावे के युद्ध को जारी रखना चाहती है, न मोदी इसे चाहतें हैं। दूसरे कुछ देश हमारी आर्थिक प्रगति को रोकने के लिए देश को युद्ध में अवश्य उलझाए रखना चाहते हैं।

–फेसबुक वॉल से

# फल का नहीं कोई फ़ल


रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है।

काफी दिनों बाद एक बार फिर देवभूमि उत्तराखंड जाना हुआ। हालांकि इन दिनों मेरे मनपसंद फलों का मौसम है और अपने शहर के बाजार उनसे भरे भी पड़े हैं मगर न जाने क्या सोच कर तय किया कि इस बार जितने दिन भी पहाड़ पर रहूंगा, स्थानीय फलों का ही सेवन करूंगा। मेरी जानकारी में था ही कि इन दिनों पहाड़ के पेड़ भी फलों से लद जाते हैं और काफल, किरमोड़, घिंगारू, पांगर तथा बेडू जैसे न जाने कितने किस्म के ऐसे फलों की बहार होती है जिन्हें हम समतल जगह वाले लोगों ने आमतौर पर देखा भी नहीं होता। ये फल न केवल स्वाद में लाजवाब होते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। काफल तो उत्तराखंड का राजकीय फल ही है, जो मीठा, खट्टा और रसीला होता है और उसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और अनेक विटामिन भी होते हैं।

देवभूमि के पहाड़ों पर तिमला, मेलू, अमेज, दाड़िम, करौंदा, तूंग, जंगली आंवला, खुबानी, हिसर, किनगोड़ जैसे अनेक अन्य जंगली फल भी पाए जाते हैं, जो इंसानी सेहत के लिए बेहद मुफीद होते हैं। मगर यह क्या? चंबा, टिहरी और काना ताल के बाजारों में कहीं भी कोई स्थानीय फल ढूंढे से भी नहीं मिला। वहां के बाजार भी उन्हीं आमों, लीची, आड़ू और सेब से भरे पड़े थे जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश अथवा दिल्ली की आजाद पुर सब्जी मंडी से वहां पहुंचे थे। बेशक सवाल छोटा सा था मगर मैं उसमें अटक गया कि पहाड़ का फल जब पहाड़ पर ही नहीं मिलता तो बाकी देश के बाशिंदे उनका सेवन कैसे करेंगे? ऐसे में इन नायाब फलों के निर्यात की बात तो सोची भी कैसे जा सकती है?

स्थानीय लोगों से जब इस विषय में बात की तो पता चला कि सेब, माल्टा, आड़ू और खुबानी जैसे पारंपरिक फलों को छोड़ कर अन्य स्थानीय फलों की वहां खेती ही नहीं की जाती और प्राकृतिक रूप से जो फल जितना भी उपलब्ध होता है, उसे ही स्थानीय लोग इस्तेमाल कर लेते हैं। इन बेहतरीन फलों को बाज़ार तक पहुंचाने के लिए आज तक कोई प्रयास न तो सरकार ने किया है और न ही काश्तकारों ने। ले देकर बुरांश के फूल का रस जरूर बोतलों में बंद कर पर्यटकों को बेचा जाने लगा है। मगर बुरांश का फल तो अभी भी बाजार तक नहीं पहुंचा। जबकि यह फल भी स्वादिष्ट होने के साथ साथ अनेक बीमारियों के इलाज में भी उपयोगी होता है। दुनिया जानती है कि उत्तराखंड के अधिकांश फल जैविक रूप से उगाए जाते हैं और इन फलों के पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव-विविधता को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। काफल, हिसालू, और बेड़ू जैसे फल तो स्थानीन संस्कृति, लोकगीतों और लोककथाओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं ।

पहाड़ से लौट कर पड़ताल की तो पता चला कि साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है। वर्ष 2016 में 4551 मीट्रिक टन फलों का यहां से निर्यात होता था जो अब घटते घटते मात्र 1192 मीट्रिक टन ही रह गया है। हैरानी की बात नहीं है कि उत्तम क्वालिटी के फलों का उत्पादन करने के बावजूद राज्य से अब मात्र 4 करोड़ 68 लाख का ही निर्यात होता है? इन फलों में भी केवल वही फल हैं जो हमें आमतौर पर अपने गली मोहल्ले में भी मिल जाते हैं। केवल पहाड़ पर ही मिलने वाले फल सिरे से गायब हैं। जाहिर है कि राज्य सरकार का इस ओर कतई ध्यान नहीं है और यही कारण है कि किसान फलों की बागवानी को लेकर उदासीन हो रहे हैं। कई बार घोषणा के बावजूद राज्य में काश्तकारों को ओला वृष्टि जैसी आपदाओं से निपटने को सब्सिडी नहीं दी जा रही और किसानों को मंडियों से जोड़ने को कोई महत्वपूर्ण पहल भी अब तक नहीं की गई। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर भी राज्य सरकार का ध्यान नहीं है तो फिर उसका ध्यान कहां है? इसका सीधा सा जवाब है- धार्मिक पर्यटन और केवल धार्मिक पर्यटन। आंकड़े बताते हैं कि 66 हजार करोड़ के सालाना बजट वाली राज्य सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपए तो केवल चार धाम यात्रा पर ही खर्च कर दिए हैं। बेशक चार धाम यात्रा से राज्य को अच्छे खासे राजस्व की प्राप्ति होती है और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है मगर राजस्व और रोजगार तो फलों का उत्पादन भी दे सकता है, उस बारे में क्यों नहीं कोई सोचता?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# चार माह से वेतन नहीं मिलने पर चीनी मिल के कर्मचारी आक्रोशित

## पालिकाध्यक्ष गित्ते के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का किया घेराव, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर के चीनी मिल अतिथिगृह में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को ज्ञापन सौंपते मिल कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पिछले चार माह से वेतन न मिलने से आक्रोशित चीनी मिल बाजपुर के कर्मियों ने पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' की अगुवाई में नेता प्रतिपक्ष व क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य का घेराव कर ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को सहकारी चीनी मिल पहुंचे नेता प्रतिपक्ष आर्य ने चीनी मिल कर्मियों से मुलाकात कर उनकी समस्या को गंभीरता से सुनता। साथ ही गन्ना सचिव रणवीर सिंह व श्रम सचिव डा.पंकज पांडेय से दूरभाष पर वार्ता कर चीनी मिल श्रमिकों को वेतन उपलब्ध कराने की बात कही गई। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक गोपाल सिंह बिष्ट को मौके पर बुलाकर समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया गया। चीनी मिल अतिथि गृह में हुई बैठक में चेयरमैन गित्ते व चीनी मिल श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रमिकों की समस्या को विस्तार से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के समक्ष रखा। आर्य ने कहा कि चीनी मिल श्रमिकों के प्रत्येक सुख-दुःख में वह कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े हैं। चीनी मिल श्रमिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान करवाया जाएगा, यदि सरकार ने श्रमिक समस्याओं के निदान में हीलाहवाली बरती तो वह श्रमिकों के साथ दरी बिछाकर धरने पर बैठ जाएंगे तथा श्रमिकों का किसी भी कीमत पर अहित नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर इस मौके पर उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, डीके जोशी, मिल कर्मचारी वासवानंद जोशी, कुलवंत सिंह, योगेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, सुरेंद्र यादव, विशेष शर्मा, हरेंद्र सिंह, हरीराम सहित सैंकड़ों श्रमिक मौजूद रहे। वहीं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जनसमस्याए भी सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निदान के लिए निर्देश दिए। श्री हनुमान जी सेवा संकीर्तन मंडल बाजपुर के सेवादारों की मांग पर आर्य ने मोहल्ला बांकेनगर स्थित संकटमोचन श्री बालाजी घाटा मंदिर के द्वितीय तल के लिंटर के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। बाजपुर को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए आर्य ने सिंचाई विभाग के एई गौरव कुमार को लेवड़ा की तलीझाड़ सफाई कराने के निर्देश भी दिए।

# अवैध खनन पर रोक के बाद हरकत में प्रशासन

संवाददाता, बाजपुर

- खनन सामग्री फेंककर अपने वाहन लेकर भागे माफिया

**अमृत विचार :** उच्च न्यायालय द्वारा अवैध खनन पर रोक लगाए जाने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। सोमवार की अल सुबह की गई छापेमारी में खननकर्ताओं में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते अंधेरे का लाभ उठा रास्ते में ही खनन सामग्री फेंककर अपने वाहन भगा ले गए, लेकिन अवैध खनन सामग्री (रेता-बजरी) से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद कर धारा 303/317(2) बीएनएस व 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

सोमवार को एसआई धीरेंद्र सिंह परिहार पुलिस टीम के साथ अवैध खनन रोकथाम के लिए गश्त पर थे। तभी कोसी नदी से बाजार की तरफ ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आती दिखाई दीं, जो अवैध खनन सामग्री से भरी प्रतीत हो रही थीं। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर टार्च की रोशनी डालते हुए रोकने को कहा गया तो चालक वाहनों को वापस मोड़कर नदी के किनारे से होते हुए कोसी पुल की तरफ बेतरतीब तरीके से भगा ले गए। पुलिस ने पीछा किया तो एक चालक कोसी पुल के नीचे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठा फरार हो गया। पुलिस टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। इस मामले में कोसी नदी से चोरी कर खनन सामग्री का परिवहन करते हुए राजस्व एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाने के आरोप में अज्ञात के विरुद्ध धारा 303, 317(2) बीएनएस व 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम-1957 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### घर में घुसकर पति-पत्नी के साथ की मारपीट

**बाजपुर :** घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए पति-पत्नी के साथ मारपीट करने एवं मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने दो भाइयों के विरुद्ध कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। ग्राम मुड़िया कलां निवासी पायल पत्नी अन्नू ने पुलिस को बताया कि सोमवार की प्रातः करीब सात बजे ग्राम धनसारा निवासी दो सगे भाई उसके घर में घुस गए और बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए पति-पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी तथा पति का फोन भी छीन लिया। मारपीट में उसके पति को काफी चोटें आई हैं।

## सार-संक्षेप


महाविद्यालय में एमए के प्रथम बैच की मौखिकी परीक्षा कराती प्राचार्या।

### सितारगंज में हिंदी एमए की मौखिकी परीक्षा संपन्न

**सितारगंज :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज के हिंदी विभाग में सोमवार को एमए हिंदी विषय के प्रथम बैच की मौखिकी परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि यह कॉलेज का हिंदी विषय में पासआउट होने वाला प्रथम स्नातकोत्तर बैच है। गत वर्ष ही महाविद्यालय में कला संकाय के अंतर्गत छह विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं का शुभारंभ हुआ था। हिंदी विषय के चतुर्थ सेमेस्टर में कुल आठ विद्यार्थियों ने मुख्य परीक्षा में भाग लिया, जबकि कुछ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मौखिकी परीक्षा के लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा नामित बाह्य परीक्षक डॉ. चंद्रकला रावत (हिंदी विभाग, डीएसबी कैंपस नैनीताल) महाविद्यालय पहुंचीं। आंतरिक परीक्षक की भूमिका का निर्वहन डॉ. राजविंदर कौर (हिंदी विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सितारगंज) ने किया। परीक्षा आयोजन के दौरान हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. विमला सिंह की सक्रिय उपस्थिति रही और विभागीय सदस्य डॉ. दुर्गा तिवारी ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने विभाग को संरक्षक के रूप में हर संभव सहयोग दिया।

### हिंदी शिक्षिका डॉ. शशि जोशी को मिला सम्मान

**बाजपुर :** भव्या फाउंडेशन की से जयपुर में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन और भारतश्री सम्मान-2025 सम्मान समारोह में देश, विदेश और प्रदेश की 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें उत्तराखंड से पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बाजपुर की हिंदी शिक्षिका डॉ. शशि जोशी को भी शिक्षा, साहित्य एवं समाजसेवा के लिए पुरस्कृत किया गया। भव्या फाउंडेशन के तत्वावधान में कैंसर पीड़ितों और शारीरिक रूप से अक्षम और आटिज्म वर्रिएर्स बच्चों, लोगों को समर्पित अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन और भारत श्री सम्मान-2025 समारोह का आयोजन एक जून रविवार को 10 बजे से सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जगतपुरा जयपुर के कालिंदी आडिटोरियम में संपन्न हुआ। इसमें 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें उत्तराखंड से जीजीआईसी बाजपुर की हिंदी शिक्षिका डॉ. शशि जोशी को भी शिक्षा, साहित्य एवं समाजसेवा के लिए पुरस्कृत किया गया।

### दो माह पहले चोरी गई बाइक के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बाजपुर :** केलाखेड़ा के साप्ताहिक हाट बाजार से दो माह पहले चोरी गई बाइक के मामले में केलाखेड़ा थाने की पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम बरवाला निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका भाई कुलवीर 11 अप्रैल को उसकी बाइक संख्या (यूके18/एफ8189) से केलाखेड़ा के साप्ताहिक हाट बाजार आया था और बाइक फिदानगर मोड़ पर बने पार्क के सामने खड़ी करके बाजार में सामान लेने चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद वापस आया तो वहां पर बाइक नहीं थी। आसपास काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चल पाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।


बाजपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल।

### नशा उन्मूलन, यातायात के नियमों के प्रति किया जागरुक

**बाजपुर :** सोमवार को ग्राम नंदपुर नरकाटोपा में एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, उपनिरीक्षक प्रह्लाद सिंह द्वारा स्थानीय जनता को साइबर क्राइम, नशा उन्मूलन, यातायात के नियमों आदि के संबंध में जन जागरुकता अभियान के तहत जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही नशे से दूर रहने और नशा बेचने वालों के संबंध में स्थानीय पुलिस को सूचना देने की बात कही गई। यातायात नियमों की जानकारी के दौरान हेलमेट पहनना, तीन लोगों को दो पहिया वाहन में न बैठाने तथा गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने के बारे में बताया गया। इसके अलावा साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी गई। इस मौके पर शमशाद हुसैन, ताहिर हुसैन, कलीम अहमद, रिफाकत हुसैन, मोहम्मद हुसैन, जलील खान, अशफाक, सलामत, इरशाद हुसैन, शहादत खान, राजा गुड्डी आदि मौजूद रहे।

# आवास योजना में 1123 लाभार्थियों ने किया आवेदन

संवाददाता, काशीपुर

- पंजीकरण अब बंद किया जा चुका है

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में विकासखंड काशीपुर में कुल 1123 लाभार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। आवास योजना के तहत पंजीकरण अब बंद किया जा चुका है।

बीडीओ कमल किशोर पांडे ने बताया कि 30 मई 2025 तक विभागीय कर्मचारियों ने 310 पात्र लाभार्थियों का सर्वे किया है और 813 लाभार्थियों ने स्वयं अपना ऑनलाइन सर्वे किया है। सभी 1123 लाभार्थियों की ग्राम पंचायतवार सूची विकासखंड में सूचना पट पर चस्पा की गई है। सभी 1123 सर्वे व आवेदनों में अपात्रों को हटाने के लिये पुनः सत्यापन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जांच में अगर किसी भी मानक पर पंजीकरण खरा नहीं मिलता है तो आवेदन सत्यापन के बाद रद्द किए जाएंगे। इस मामले में आपत्तियों पर भी सुनवाई की जाएगी। आवास योजना में वह लाभार्थी अपात्र हैं जिनके 01 या 01 से अधिक पक्के कमरे हो या जिनके परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो। इसके अलावा वह परिवार जिनका कोई सदस्य 15 हजार रुपये से अधिक प्रति माह कमा रहा हो, मोटर युक्त तिपहिया वाहन धारक परिवार, वे परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या अधिक सिंचित भूमि हो।

# किसान न लगाएं रेड रॉट रोग से ग्रसित गन्ना

संवाददाता, काशीपुर

- गन्ना आयुक्त ने गन्ना प्रजातियों व विभागीय योजनाओं की समीक्षा की
- अन्य प्रजाति के गन्ने को लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा


काशीपुर में अधिकारियों की बैठक लेते गन्ना आयुक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग कार्यालय में आयुक्त प्रकाश चंद्र दुम्का की अध्यक्षता में गन्ना प्रजातियों व विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सोमवार को आयोजित बैठक में आयुक्त दुम्का ने कहा कि को. 0238 प्रजाति रेड रॉट रोग से ग्रसित है। कृषकों को इस बारे में जागरूक किया जाए और इसकी बुवाई के लिए हतोत्साहित किया जाए। उन्होंने नई गन्ना प्रजातियों को. 0118, को० पंत 12221, को. पंत 12226, को. 15023, को. 13235 और को. लख. 14201 को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने प्रत्येक जोन से दो-दो प्रगतिशील कृषकों का चयन कर इन प्रजातियों के बुवाई क्षेत्रों का भ्रमण कराने और शॉर्ट वीडियो तैयार कर कृषकों में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रसारित करने के निर्देश दिए। इससे किसान नई प्रजातियों के प्रदर्शन से अवगत होंगे।

केंद्र पोषित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम से एक-एक प्रगतिशील कृषक का चयन कर सहफसली फसल का प्रदर्शन कराया जाए एवं अन्य कृषकों को भ्रमण के लिए प्रेरित किया जाए। ताकि गन्ने की बुवाई को प्रोत्साहित किया जा सके। प्रत्येक जोन में गन्ना बीज की आधार एवं प्राथमिक पौधशालाओं के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर रोग मुक्त एवं गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिला योजना को कृषकों के मध्य और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए वर्तमान अनुदान दरों में वृद्धि का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विभाग की ओर से कृषकों को उपलब्ध कराए जा रहे कृषि यंत्रों के मानक मूल्य की समीक्षा करने के लिए सहायक गन्ना आयुक्त को निर्देशित किया और कृषक हित में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में गन्ना शोध केंद्र, काशीपुर के वैज्ञानिक एवं विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# किशोरी समेत चार लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर




**अमृत विचार :** अलग-अलग तीन सड़क हादसों में किशोरी समेत चार लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी अखलाक हुसैन गांव में ही रामराज रोड पर एक कोल्ड स्टोर के नजदीक सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच रविवार की देर रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार बाइक सवार ने चपेट में ले लिया। हादसे के बाद दौड़कर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल के बेटे राजा ने कोतवाली में आरोपित बाइक सवार के विरुद्ध नामजद तहरीर दे दी है। ग्राम कांकड़खेड़ा मुरादाबाद निवासी अमित पुत्र अशोक रविवार को बाइक से ग्राम गंगापुर बेरिया दौलत से बाजपुर की ओर आ रहा था। इसी बीच बेरिया रोड पर ग्राम शिवपुरी के सामने ई-रिक्शा की चपेट में आकर गिरकर घायल हो गया, जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा एक अन्य सड़क हादसे में मोहल्ला केशवनगर निवासी समीर वर्मा व कनिष्का वर्मा घायल हो गए।

### बाजार आए युवक को रास्ते में घेरकर हमला

**बाजपुर :** घर से सामान लेने बाजार आए युवक को रास्ते में घेरकर हमला करने का आरोप लगा पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी जोएब ने पुलिस को बताया कि एक जून की सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर पर स्वजन से बात कर रहा था, तभी मोहल्ला संजय कॉलोनी निवासी एक युवक आया और बाजपुर बाजार में देख-लेने की धमकी देकर चला गया। आरोप है कि जब वह घरेलू काम से बाजार गया तो आरोपी ने अपने भाई समेत दो-तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे डॉ. पांडेय हॉस्पिटल के चौराहे पर पकड़ लिया और लाठी-डंडों एवं ईंट आदि से हमला कर दिया।

### डायनेस्टी गुरुकुल के कृष ने पास की जेईई एडवांस परीक्षा

**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के कृष जोशी ने जेईई एडवांस की परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। ऑल इंडिया स्तर पर कृष की उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने छात्र व अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र द्वारा किए गए कठोर परिश्रम से उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, अशोक जोशी, हरीश भट्ट, ऊषा चौसाली, ऊषा भट्ट, हेमलता बोरा, लिंसी त्यागी, शिल्पा सक्सेना, कल्पना चंद, हेमा भट्ट आदि ने भी बधाई दी है।



# जेईई एडवांस में भावेश नेगी ने सफलता पाई

- पूरे देश में 9911वीं रैंक हासिल की, परिजनों में खुशी

संवाददाता, बाजपुर


भावेश नेगी।

**अमृत विचार :** मेधावी छात्र भावेश नेगी ने आईआईटी की प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने पूरे देश में 9911वीं रैंक हासिल की है। बताते चलें कि जेईई एडवांस की परीक्षा भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर की कठिनतम परीक्षाओं में से एक है। भावेश इससे पहले जेईई मेंस-2025 में 99.2 परसेंटाइल स्कोर कर चुके हैं।

वह एसआईआई में सीनियर एसोसिएट लक्ष्मण सिंह नेगी एवं सरिता नेगी के सुपुत्र हैं। पूर्व में भावेश ने सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल की प्रवेश परीक्षा में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का संकेत दिया था। दसवीं कक्षा में भी उन्होंने 98.2 प्रतिशत और बारहवीं की परीक्षा मे उन्होंने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।

उनके पिता लक्ष्मण सिंह नेगी ने कहा, यह उनकी मेहनत और समर्पण का फल है। अब आईआईटी में प्रवेश के बाद उनके इंजीनियरिंग सपनों को नई उड़ान मिलेगी। बाजपुरवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


खटीमा के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में योग करते लोग।

### योग शिविरों में बढ़ने लगी है योग करने वालों की संख्या

**खटीमा :** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश भर में योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष नमामि गंगे कार्यक्रम ने एक नई पहल करते हुए योग शिविरों के साथ-साथ आसपास स्थित मंदिरों और मठों में वेद, पुराणों और नदी सभ्यता पर विशेष चर्चा की जा रही है। इन संवादों में वेदों, पुराणों में वर्णित नदियों के महत्व, गंगा नदी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भूमिका पर चर्चा की जा रही है। आओ हम सब योग करें अभियान के तहत हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा ललिता द्वारा महाकालेश्वर मंदिर में योग शिविर लगाया गया। डॉ. नवीन भट्ट ने कहा कि योग आज हर व्यक्ति के जीवन की आवश्यकता बन चुका है प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपने जीवन में अपना कर अपने जीवन में तनाव एवं अन्य शारीरिक रोगों से मुक्ति प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. धीरज बेनीवाल ने योग आसनों के लाभों का वर्णन किया। डॉ. मोनिका भैसोड़ा ने कहा कि प्राणायाम के द्वारा हम अपने जीवन शक्ति को बढ़ा सकते हैं। इसका नियमित अभ्यास करने से हम मन की चंचलता पर भी नियंत्रण प्राप्त कर सकते हैं।


बाजपुर के ग्राम कनौरा में नेशनल हाइवे के किनारे खाली प्लाट में जमा गंदा पानी।

### मानसून से पहले सफाई व्यवस्था का बुरा हाल

**बाजपुर :** मानसून आने में चंद दिन शेष हैं और ग्रामीण क्षेत्र में जल निकासी एवं सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। नेशनल हाईवे-74 स्थित ग्राम कनौरा की मुख्य आबादी के बीच रास्तों से आ रही नालियों का पानी हाईवे किनारे बने छोटे नालों एवं पुलिया के माध्यम से निकलता है, लेकिन काफी समय से नालियां व पुलिया चोक होने के चलते पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जो हाईवे किनारे बने खाली प्लाटों एवं आसपास के घरों के सामने जमा हो रहा है, जिससे जहां आसपास के वातावरण में दुर्गंध फैल रही है, वहीं गर्मी के इस मौसम में मच्छर इत्यादि पनपने से जल जनित बीमारियां उत्पन्न हो गई हैं। उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य कामरान खान ने बताया कि नेशनल हाईवे-74 के विस्तारणीकरण के तहत हुए फोर-लेन के निर्माण के पहले से ही पुलियों के माध्यम से गांव के गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था थी। आरोप है कि सड़क के दोनों तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण एजेंसी द्वारा पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई है।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने का लिया निर्णय

**काशीपुर :** चौहान सभा समिति ने बैठक में सात जून को वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने का भी फैसला किया है। चौहान सभा भवन में रविवार शाम एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस दौरान काशीपुर तहसील के ऐसे प्रतिभाशाली छात्र जिन्होंने हाईस्कूल-इंटरमीडिएट परीक्षा-2025, 80 प्रतिशत या अधिक अंकों से उत्तीर्ण की है, राज्य/राष्ट्रीय स्तर की कोई प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण की या खेल प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुए हों, उनको सम्मानित करने का फैसला लिया है।

# हमजा क्रिकेट क्लब ने जीता मैच

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी


सुल्तानपुर पट्टी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते चेयरमैन।

**अमृत विचार :** नगर के पीएमश्री एसएन शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर आज सुल्तानपुर पट्टी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी रहे, जिन्होंने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट की विधिवत शुरुआत की। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है।

आयोजनकर्ताओं के अनुसार इस लीग में आठ लीग मैच, चार क्वार्टर फाइनल, दो सेमीफाइनल, एक फाइनल खेला जायेगा। आज का पहला मैच सुल्तानपुर पट्टी की मौर्य क्लब की टीम और दडियाल की हमजा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिसे लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मैच का टॉस हमजा क्रिकेट क्लब ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हमजा क्रिकेट क्लब के सलामी बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए 12 ओवर में 126 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुल्तानपुर पट्टी मौर्य क्लब की टीम ने सधी हुई शुरुआत की, लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गिरने के कारण वे दबाव में आ गए। मात्र 9 ओवर में 41 रन बनाकर मोर्य क्लब के टीम धराशायी हो गयी। इस तरह हमजा क्रिकेट क्लब ने यह मैच 85 रन से जीत लिया।

मैच के दौरान मुख्य अंपायर के रूप में सोनू चंद्रा और मोहम्मद सालीम ने अपनी जिम्मेदारियाँ निभाईं। दोनों अंपायरों ने खेल को निष्पक्ष और अनुशासित ढंग से संचालित किया, जिससे मैच सुचारू रूप से संपन्न हो सका।

### मुकेश अग्रवाल बने अध्यक्ष

**काशीपुर :** डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन काशीपुर शाखा का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से मुकेश अग्रवाल को अध्यक्ष बनाया गया। रविवार शाम काशीपुर में कुमाऊं प्रभारी अरविंद गुप्ता व प्रदेश मीडिया प्रभारी शुभम सिंघल के द्वारा डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन काशीपुर की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस दौरान सचिन सिंघल एवं सचिन अग्रवाल उपाध्यक्ष, रचित अग्रवाल महामंत्री, आशुतोष शर्मा कोषाध्यक्ष, विजय अग्रवाल ऑडिटर तथा सलाहकार समिति में अरविंद गुप्ता, शुभम सिंघल, अमित कुमार जैन व आशीष टंडन नियुक्त किए गए।

### भाजपा नगर मंडल कोषाध्यक्ष को किया सम्मानित

**काशीपुर :** भाजपा नगर मंडल कोषाध्यक्ष धीरज वर्मा के प्रतिष्ठान पर देवभूमि भुर्जी समाज सोशल वेलफेयर सोसाइटी की सभा हुई। जिसमें सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। वर्मा को भाजपा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा नगर मंडल कोषाध्यक्ष बनाने पर उन्हें सम्मानित किया गया। सभा में राजन, मनोज चंद्रा, भाजपा नेता राजकुमार यादव, बाबूराम, योगेश चंद्र और समाज के महामंत्री नीरज चंद्र, संजीव, सुधीर, नीरज वर्मा, शरद चंद्र, कपिल चंद्र, विजय और कानूनी सलाहकार कैलाश चंद्र प्रजापति मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



काशीपुर में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में अपने विचार रखते वक्ता।

### ईद पर्व को लेकर हुई अमन कमेटी की बैठक

**काशीपुर :** कोतवाली परिसर में बकरा ईद के संबंध में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सोमवार को बैठक में एएसपी अभय सिंह ने धर्मगुरुओं के साथ क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों को शासनादेश की जानकारी देते हुए प्रतिबंधित पशु के अलावा अन्य पशुओं की खुले में कुर्बानी न देने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेष गड्ढों में दफन करें। कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें और कुर्बानी करते समय रील न बनाएं और न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें, यह अपराध है। बैठक में ईदगाह सदर हसीन खान व शहर इमाम मुनाजिर हुसैन ने भी इन बातों का ख्याल रखते हुए कुर्बानी करने की बात कही। बैठक में शफीक अहमद अंसारी, पार्षद नौशाद हुसैन, अब्दुल कादिर, सरफराज, मोनिश, राशिद फारूकी, सादिक हुसैन व आरिफ सैफी, इल्यास माहीगीर, डॉ. एमए राहुल आदि मौजूद रहे।

### समर कैंप में उत्तराखंड के मानचित्र के बारे में बताया

**काशीपुर :** पीएमश्री जीजीआईसी में आयोजित समर कैंप में मानचित्र का उपयोग विषय पर जानकारी दी गई। प्रमिला भारती ने उत्तराखंड और भारत के मानचित्रों को विस्तार से समझाया और पढ़ना सिखाया। साथ ही छात्राओं को कुमाऊंनी भाषा में मानचित्र की जानकारी दी गई। इसके बाद छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहां पर प्रधानाचार्य गीता जायसवाल, रेणुबाला, रश्मि भारती, कुसुम, सरोज आदि मौजूद रहे। राउप्रावि सुदामा लाल के नोडल सुरेश सिंह ने बताया कि पंजाबी में ईश वंदना से कैंप का शुभारंभ हुआ। अनुदेशकों ने श्री गुरुनानक देव के तीन मूल सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी। राउप्रावि इंद्र लाल ने बच्चों को डिस्पोजल गिलास के गिफ्ट पैक बनाना सिखाया।

### तीन दिवसीय सत्संग आज से होगा प्रारंभ

**काशीपुर :** एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों का तीन दिवसीय सत्संग 3 जून से प्रारंभ होगा। सोमवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से समिति के सदस्य विजेंद्र पाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि मंगलवार, 3 जून को बाबा फुलसंदे वाले सुबह 10 बजे श्री रामलीला मैदान पहुंचेंगे। यहां 11 बजे प्रेस वार्ता के बाद दोपहर 1 बजे से भजन वाणी तथा 2 बजे से बाबा फुलसंदे वाले प्रवचन देंगे।

### मोपेड सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**शक्तिफार्म :** मोटरसाइकिल की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुग्राम गांव निवासी वृद्ध विनंद मंडल सोमवार अपनी मोपेड से बैकुंठपुर से घर लौट रहे थे। टैगोर नगर तीन पानी के समीप तेज गति से जा रही बाइक की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध सड़क पर गिर पड़े। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी।

### साढ़े 3 किलो चरस के साथ नशा तस्कर दबोचा

**किच्छा :** कोतवाली पुलिस ने कुख्यात नशा तस्कर को भारी मात्रा में चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से साढ़े तीन किलो से अधिक चरस बरामद की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना पुलिस की टीम हल्द्वानी बाइपास रोड स्थित महिला डिग्री कॉलेज के निकट गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध युवक मौके पर घूमता हुआ नजर आया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को रोक लिया। आरोपी के पास से बरामद बैग की जांच करने पर 3.360 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम पता ग्राम टीक, पोस्ट डोला, थाना कपकोट, जनपद बागेश्वर निवासी खिलाफ राम बताया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी नशा तस्कर खिलाफ राम ने बताया कि बरामद हुई चरस बदियागांव (कपकोट) निवासी कुछ युवकों द्वारा उसे बेचने के लिए दी गई थी। पूछताछ में सामने आया कि वर्ष 2021 में भी पकड़ा गया आरोपी खिलाफ राम नशा तस्करी के आरोप में जेल जा चुका है और न्यायालय द्वारा आरोपी को 10 वर्ष की सजा दी गई थी तथा करीब 6 महीने पूर्व ही वह जमानत पर बाहर आया था और वर्तमान में रुद्रपुर सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी कर रहा है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी खिलाफ राम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार के साथ वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश कुमार शर्मा, उप निरीक्षक ओमप्रकाश नेगी, पुलिस कर्मी दीपक जोशी, नवीन भट्ट, प्रशांत नेगी एवं नरेंद्र कुमार शामिल रहे।

# छात्रों की सफलता की गारंटी बनेगा सुपर-100

## विद्यालयी शिक्षा मंत्री ने किया सुपर-100 कार्यक्रम का शुभारंभ, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को एससीईआरटी सभागार, ननूरखेड़ा में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा-12 विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार करने हेतु 'सुपर 100' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जायेगी, जिसमें बच्चों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया गया है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. रावत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास को दोगुना करते हैं और उन्हें प्रतियोगी परीक्षा के लिये मजबूत करते हैं। सुपर-100 कार्यक्रम बच्चों की सफलता की गारंटी साबित होगा और इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे इंजिनियरिंग व मेडिकल के क्षेत्र में अपना परचम लहराएंगे। डॉ. रावत ने बताया कि यह कार्यक्रम 15 जुलाई 2025 तक 45 दिनों तक चलाया जाएगा और चयनित छात्र-छात्राओं को सभी सुविधाएं निःशुल्क दी जाएंगी, जिसमें भोजन, आवास, पठन सामग्री एवं कोचिंग के लिए शिक्षकों की व्यवस्था सम्मिलित है। कोचिंग के लिए अनुभवी शिक्षकों की व्यवस्था की गयी है। कोचिंग के दौरान छात्रों का निरंतर मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही, उन्हें प्रतिष्ठित संस्थानों व स्थानों का भ्रमण भी कराया जायेगा। डॉ. रावत ने शिक्षकों से अपील की कि अब प्रतिस्पर्धा व आत्मनिर्भरता का समय है और इसे चुनौती के रूप में स्वीकार कर छात्रों को तैयार करने के अवसर पैदा करें।




प्रतिभागी छात्रा को प्रवेश परीक्षा की पुस्तकें व स्टेशनरी प्रदान करते विद्यालयी शिक्षा मंत्री।

### सफलता का कोई शार्ट कट नहीं

विभागीय मंत्री ने छात्र-छात्राओं को कहा कि सफलता पाने के लिये छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होगी, इसके लिए उन्हें सिलेबस को समझना होगा और एक अध्ययन योजना बनानी होगी। साथ ही, नियमित अभ्यास, मॉक टेस्ट और समय प्रबंधन भी जरूरी है। डॉ. रावत ने कहा कि तनाव और चिन्ता से निपटने के लिए स्वस्थ जीवनशैली जैसे-पर्याप्त नींद, स्वस्थ भोजन और व्यायाम आवश्यक है। दोस्तों या सहपाठियों के साथ अध्ययन करके एक-दूसरे की सहायता कर प्रेरणा प्राप्त करें। सकारात्मक दृष्टिकोण रखें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहें।

### योजनाबद्ध तरीके से साधें लक्ष्य

महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा अभिषेक रुहेला ने बच्चों को अपने लक्ष्य साधने के लिए योजनाबद्ध तरीके से एंट्रेस एग्जाम की तैयारी करने का सुझाव दिया गया। वहीं, अपर राज्य परियोजना निदेशक कुलदीप गैरोला ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपके अध्यापक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का रास्ता दिखा सकते हैं पर तैयारी में सारी मेहनत आपको ही करनी है। संचालन स्टाफ ऑफिसर समग्र शिक्षा बीपी मैन्दोली ने किया। इस अवसर पर निदेशक एससीईआरटी वन्दना गर्ब्याल, माध्यमिक शिक्षा मुकुल सती, प्रारम्भिक शिक्षा अजय नौडियाल, एडी महानिदेशालय पदमेन्द्र सकलानी, उप राज्य परियोजना निदेशक अजीत भंडारी, प्रद्युमन रावत, अंजुम फातिमा, कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश ध्यानी, समस्त राज्य समन्वयक, एसीईआरटी के प्रवक्ता मौजूद रहे।

## सेल्समैन से मारपीट कर जबरन शराब की पेटी ले जाने का आरोप

**बाजपुरः** छोई रोड स्थित विदेशी मदिरा की दुकान संचालक ने अज्ञात पांच युवकों पर सेल्समैन से गाली-गलौज व मारपीट कर जबरन शराब की पेटी व बोतल उठाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

खटीमा निवासी पुष्पा कुशवाहा ने सोमवार को बाजपुर कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह छोई रोड बाजपुर स्थित विदेशी मदिरा की दुकान की अनुज्ञप्तिधारक हैं और उनकी दुकान पर संजीव कुमार सेल्समैन के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि एक जून की देर सायं करीब साढ़े पांच बजे दुकान पर पांच अज्ञात युवक एक वाहन से आए और बाहर खड़े होकर सेल्समैन से गाली-गलौज करने लगे। इतना ही नहीं आरोपित जबरन गेट खोलकर दुकान के अंदर घुस गए तथा सेल्समैन को जान से मारने की धमकी देकर अपनी मर्जी से शराब की बोतल की पेटियां एवं बोतल उठा कर ले गए। सेल्समैन ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गए तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# गूलरभोज में बुक्सा समाज ने मनाया ढलैया पूजन उत्सव

- चंदायन में देवालय स्थल पर हुआ पूजन कार्यक्रम

संवाददाता, गूलरभोज

**अमृत विचारः** बुक्सा जनजाति समाज ने सदियों से प्रचलित ढलैया (आषाढ़ी) पूजन की परम्परा का निर्वहन करते हुए समाज व क्षेत्र एवं देश की उन्नति की कामना की। कुलदेवी को परंपरा अनुसार जल साधन देकर व्यंजनों का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

सोमवार को चंदायन में समाज के मुखिया के निवासी पर बुक्सा समुदाय के लोगों द्वारा स्वनिर्मित ढलैया पूजन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूजन स्थल पर प्रयुक्त देवी भोग के व्यंजनों को रखकर निर्मित नगर देवता का पूजन किया गया। तत्पश्चात ग्राम के दक्षिण में आसुरी शक्तियों से रक्षा हेतु प्रतिष्ठित थान में पूजन किया गया। उत्तराखण्ड जनजाति आयोग के सदस्य बाबू सिंह तोमर ने बताया कि बुक्सा जनजाति समाज में ढैलया पूजन की परम्परा सदियों से प्रचलित हैं। विषम भौगोलिक परिस्थितियों में घने जंगलो के मध्य रक्षक के रूप में शक्ति स्वरूप कुलदेवी मां बाल सुंदरी सहित समस्त देवियों को समर्पित ढलैया पूजा बुक्सा समाज की पूर्व से चली आ रही परम्परा है 1 पूजन के दिन डोगर के माध्यम से देवियों की जल साधना और रात्रि में जागरण किया जाता है। तत्पश्चात कुलदेवी के आशीर्वाद स्वरुप घर-घर में प्रसाद वितरण किया जाता है। अनुष्ठान में बसन्त सिंह, आदित्य सिंह, अमित सिंह, उदय सिंह, कमलेश देवी, कौशल्या देवी, तुलसी देवी, विमला देवी, करम सिंह, कैलाश सिंह, नंदन सिंह, जगत सिंह, मंगल सिंह, अमित सिंह सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



गूलरभोज के चंदायन में ढलैया पूजन करते बुक्सा समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

# आईपीएस तृप्ति भट्ट ने गोद लिया श्री बदरीनाथ थाना

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप राज्य में पुलिस व्यवस्था को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने और 'आदर्श थाने' की अवधारणा को साकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण और अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी अब अपनी प्रथम नियुक्ति स्थल के एक पुलिस थाने (कोतवाली/थाना) को 'गोद' लेकर उसे विकसित करने का कार्य करेंगे।

इसी क्रम में आईपीएस तृप्ति भट्ट ने अपने प्रथम नियुक्ति स्थल श्री बदरीनाथ थाने को गोद लिया है। वर्तमान में सेनानायक, 40वीं वाहिनी पीएसी, हरिद्वार एवं जीआरपी/एटीएस के पद पर तैनात भट्ट ने आगे बढ़कर यह काम किया है। उनकी प्रथम नियुक्ति वर्ष 2017 से 2019 के बीच जनपद चमोली में हुई थी जिसके अंतर्गत बदरीनाथ धाम आता है। उस दौरान उन्होंने पुलिस कल्याण और कार्य प्रणाली में सुधार के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए थे। इनमें राज्य का पहला वर्चुअल पुलिस स्टेशन शुरू करना उनकी एक प्रमुख और अभिनव पहल रही थी, जिसने पुलिसिंग के क्षेत्र में डिजिटल नवाचार का मार्ग प्रशस्त किया। सोमवार को बदरीनाथ पहुंचने पर आईपीएस भट्ट ने विधिवत कोतवाली श्री बदरीनाथ को गोद लेने की प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने थाने का गहन निरीक्षण किया जिसमें एक चेकलिस्ट के माध्यम से वर्तमान व्यवस्थाओं, मौजूद कमियों, क्षेत्र के क्राइम ग्राफ, सुरक्षा प्रबंधन और पुलिसकर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने मन्दिर सुरक्षा में तैनात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) के जवानों को भी ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और एटीएस द्वारा तैयार टास्क की मॉनिटरिंग की।



पुलिस अधिकारियों के साथ भ्रमण करतीं आईपीएस अधिकारी तृप्ति भट्ट।

## धर्म दर्शन

### गंगाः भारतीय संस्कृति की प्रतीक

श्रीरामचरित मानस के अयोध्या कांड में गोस्वामी तुलसीदास ने जीवनदायिनी मां गंगा का मनुहारी वर्णन करते हुए कहा है कि 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनि हरनि सब सूला।' अर्थात गंगा समस्त आनंद-मंगलों की मूल हैं। वे सब सुखों को करने वाली और सब पीड़ाओं को हरने वाली हैं। पुराणों में कहा गया है कि राजा भगीरथ वर्षों की तपस्या के उपरांत ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए। भारतीय शास्त्र, पुराण एवं उपनिषद इत्यादि सभी ग्रंथों में गंगा की महिमा और महत्ता का बखान किया गया है। गंगा भारतीय संस्कृति की प्रतीक एवं हजारों साल की आस्था की पूंजी है। शास्त्रों में कहा गया है कि गंगा का पानी अमृत व मोक्षदायिनी है।

'गंगा दशहरा' हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो गंगा नदी की पूजा के लिए समर्पित है। यह त्योहार हिन्दू माह ज्येष्ठ के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर गंगा की स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति की जाती है। भक्त नदी के किनारे एकत्र होते हैं, पवित्र स्नान करते हैं, रीति-रिवाज करते हैं और आशीर्वाद के लिए प्रार्थनाएं करते हैं। माना जाता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से पापों का नाश होता है और इच्छाओं की पूर्ति होती है। यह त्योहार गंगा को संरक्षित और सुरक्षित रखने के महत्व को भी दर्शाता है, जो हिन्दू धर्म में अत्यधिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा जी के कमंडल से राजा भागीरथ द्वारा देवी गंगा को धरती पर अवतार दिवस को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। पृथ्वी पर अवतार से पहले गंगा नदी स्वर्ग का हिस्सा थीं। गंगा दशहरा के दिन भक्त देवी गंगा की पूजा करते हैं और गंगा में डुबकी लगाते हैं, और दान-पुण्य, उपवास, भजन और गंगा आरती का आयोजन करते हैं। मान्यता है इस दिन मां गंगा की पूजा करने से भगवान विष्णु की अनंत कृपा प्राप्त होगी।



पं.मनोज कुमार द्विवेदी
कानपुर

हिन्दू धर्म में तो गंगा को देवी मां का दर्जा दिया गया है। यह माना जाता है कि जब मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई तो वह ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि थी, तभी से इस तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में भौतिक जीवन जी रहे मनुष्य से जाने अनजाने जो पापकर्म हो जाते हैं उनकी मुक्ति के लिए मां गंगा की साधना करनी चाहिए कहने का तात्पर्य है जिस किसी ने भी पापकर्म किये हैं और जिसे अपने किए का पश्चाताप है और इससे मुक्ति पाना चाहता है तो उसे सच्चे मन से मां गंगा की पूजा अवश्य करनी चाहिए।

#### गंगा दशहरा का महत्व

गंगा दशहरा को लेकर यह धार्मिक मान्यता है कि इस दिन ही मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा पर पवित्र गंगा नदी में स्नान जरूर करना चाहिए। अगर आपके लिए ऐसा कर पाना संभव न हो तो आपको घर पर ही स्नान करते हुए पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर लेना चाहिए। इस दिन मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाती है। गंगा दशहरे के पर्व पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को दान करने का विशेष महत्व होता है। ऐसा कहा जाता है कि गंगा दशहरा पर दान की जाने वाली वस्तुओं की संख्या 10 होनी चाहिए। इस दिन आप 10 फल, 10 पंखे, 10 सुराही, 10 छाते या फिर 10 हिस्से अन्न का दान कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली- 450

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।

5. डरावना, भयानक।

6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।

7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।

2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।

3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक्कारख़ाना।

5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।




### वर्ग पहेली -449 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | | | म | | वी |
| मा | | 4 वि | ल | स | न |
| ला | | | ता | | ता |
| | 5 सु | खा | स | न | |
| | दि | | | | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | | लू |

## सुडोकू -174

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 5 | | | | | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 6 | | | | | | | | 5 |
| | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू - 173 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 4 | 9 | 3 | 5 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 2 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 2 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 09.56 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- पूर्वा फाल्गुनी 4 जनू 12.58 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** - आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आज आप नव समाचारों को लेकर अति उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष** - आज अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आयेगा। अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है।

**मिथुन** - आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें। आपकी सलाहों से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाये रखें। अविवाहित महिला जातकों को विवाह की चिन्ता रहेगी।

**कर्क** - आज दूरस्थ परिजनों के साथ गंभीर चर्चा हो सकती है। जॉब इन्टरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में आज अधिक व्यस्त हो सकते हैं।

**सिंह** - आज नई संपत्ति खरीदने का विचार बनायेंगे। आज आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मीटिंग्स में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** - आज आपको उधार लेने से आपको बचना चाहिए। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है।

**तुला** - आज जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण अत्यन्त सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** - आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे। मार्केटिंग पर आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा।

**धनु** - आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती हैं। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जायेंगे। विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होंगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

**मकर** - आज आवश्यक कार्य दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। हित शत्रु आपकी भावनाओं का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। एनीमिया और विटामिन की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।

**कुंभ** - आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा। वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मीन** - आज अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर अधिक सोच-विचार न करें। कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिल सकता है। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण परिवर्तित सकता है।

# पपरशैली- भुल्यूड़ा मोटर मार्ग निर्माण को लेकर ग्रामीण मुखर

## लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता का घेराव कर किया प्रदर्शन, लंबे समय से मोटर मार्ग का कार्य पूरा नहीं होने से नाराज हैं ग्रामीण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पपरशैली-भुल्यूड़ा मोटर मार्ग के निर्माण कार्यों को पूरा करने की मांग को लेकर ग्रामीण मुखर हो गए है। चार साल बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से नाराज ग्रामीण लोनिवि कार्यालय पहुंचे। अधिशाषी अभियंता के कार्यालय में नहीं मिलने पर धरना शुरु कर दिया।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि पपरशैली के समीप से जुलाई 2021 से ग्राम भुल्यूड़ा तक तीन किलोमीटर सड़क मार्ग का कार्य प्रारंभ किया गया। कहा कि इस काम को नियमानुसार जुलाई 2022 में पूर्ण हो जाना चाहिए था। लेकिन विभागीय लापरवाही और उदासीन कार्यशैली के चलते चार साल बाद भी सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कहा कि आधा अधुरा काम होने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई है। पैदल रास्ते तक ध्वस्त हो गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार विभाग को इस बारे में अवगत करा शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन विभाग सिर्फ आश्वासन दे रहा है, जिसके चलते अब धरना प्रदर्शन को बाध्य होना पड़ा। ग्रामीण काफी देर तक धरने प्रदर्शन पर अड़े रहे। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए 20 जुलाई से सड़क का निर्माण काम शुरू करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता विनय किरौला, पुष्पा देवी, अनीता देवी, सूरज बिष्ट, कमल बिष्ट, गीता बिष्ट, ममता मेहता, जगदीश बिष्ट, किशन सिंह, पवन सिंह, गोपाल सिंह, सागर बिष्ट, जीवन सिंह बिष्ट, संजय बिष्ट, मोहित बिष्ट, ग्राम प्रशासक वैशाली टम्टा, कमल बिष्ट, गौरव बिष्ट, आशा देवी, बहादुर सिंह, हरीश बिष्ट, जमन सिंह, जगदीश बिष्ट समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।


लोनिवि कार्यालय अल्मोड़ा में सोमवार को धरना-प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### ईई के कार्यालय में नहीं होने से भड़के ग्रामीण

**अल्मोड़ा :** सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों का आक्रोश उस समय भड़क गया जब अधीशासी अभियंता कार्यालय में नहीं मिले। ग्रामीण विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। मांगों के लिखित आश्वासन पर अड़ गए। लिखित आश्वासन नहीं मिलने पर आत्मदाह की चेतावनी दी। ग्रामीणों की कई बार विभागीय अधिकारियों के साथ नोक-झोंक होती रही। आत्मदाह के चेतावनी से कार्यालय में भी अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना था कि वह विभाग के कोरे आश्वासनों से मानने वाले नहीं है।

# गल्ला विक्रेताओं का धरना जारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के आह्वान पर जिले भर में गल्ला विक्रेताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को भी जारी रही। दुकानें बंद होने से लोगों को राशन नहीं मिल सका।

लंबित देयकों समेत अन्य मांगों का लंबे समय से निस्तारण नहीं होने से सस्ता गल्ला विक्रेताओं में रोष बना हुआ है। विक्रेताओं ने बताया कि कोरोना काल के बकाए बिलों का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। भुगतान नहीं होने से उनके सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है। मांग के बावजूद बकाया बिलों का भुगतान नहीं किया गया। विक्रेताओं पर नए-नए नियम थोपे जा रहे हैं।

वहीं, सोमवार को हड़ताल पर रहने से जिले में सस्ता गल्ला दुकाने बंद रहीं। दुकानों के बंद रहने से लोगों को राशन का वितरण नहीं हो सका। सस्ता गल्ला की दुकानों में राशन लेने आए लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष संजय साह ने बताया कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी जब तक ई पोस मशीन नहीं लगाई जाएगी। जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो जिले के 900 से अधिक डीलर सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को भी बाध्य होंगे।


रानीखेत में संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते गल्ला विक्रेता संघ के पदाधिकारी।

### गल्ला विक्रेताओ ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**रानीखेत, अमृत विचार :** सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर सयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में चेतावनी दी की जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा। सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर कहा कि वह अपनी तीन सूत्रीय मांगों का समाधान न होने से वह विगत दिवस से आंदोलनरत हैं। जब तक उनकी मुख्य मांगों का निस्तारण नहीं हो जाता गल्ला विक्रेता राशन विक्रय का काम नहीं करेंगे। कहा कि उनकी माग मानदेय देने, गोदाम से राशन तोल कर देने, पुराने बिलों का भुगतान करने को लेकर वह आंदोलनरत है। उन्होंने चेतावनी दी की उनकी मांगे अति शीघ्र पूरी नहीं की गई तो सभी गल्ला विक्रेता सामूहिक त्यागपत्र दे देंगे। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों गाड़ी, पिलखोली, पातली, कुवाली, द्वारसों, तिपोला, बैना, मजखाली, चमड़खान, सौंनी, वलन, कारचूली आदि से करीब दो दर्जन राशन विक्रेता मौजूद रहे।

# डिजिटल अरेस्ट कर 2.15 लाख की ठगी

**टनकपुर, अमृत विचार:** टनकपुर का एक व्यक्ति डिजिटल अरेस्ट की चपेट में आया है। डिजिटल अरेस्ट कर डर दिखाकर 2.15 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित व्यक्ति ने टनकपुर कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

टनकपुर के पीलीभीत रोड निवासी दरबान सिंह के मुताबिक उनके मोबाइल नंबर पर एक प्राइवेट कंपनी के नाम से एक व्हाट्सएप मैसेज मिला। मैसेज में उन्हें कंपनी में धन निवेश कर कंपनी का कार्य पूर्ण कर कमीशन के रूप में लाभ प्राप्त करने की बात कही गई थी। इससे संबंधित लिंक, फोटो सहित कुछ ब्योरे आदि उन्हें भेजे गए। जिस पर टेलीग्राम लिंक के माध्यम से उनकी बात होने लगी। इससे संबंधित फर्जी शपथपत्र टेलीग्राम के माध्यम से भेज उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर डराने धमकाने लगे। दरबान का कहना है कि बदनामी से बचने के लिए उन्होंने मजबूरन गूगल पे और फोन पे के जरिए पांच ट्रांजिक्शन से 2.15 लाख रुपये का 24 मई को भुगतान किया। दरबान ने फर्जी कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और धनराशि वापस दिलाने का आग्रह किया है।

## सार-संक्षेप



नशे से दूर रहने की शपथ लेते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

### नशीली दवाओं का सेवन न करने की ली शपथ

**पिथौरागढ़ :** नशामुक्ति जागरुकता अभियान के अंतर्गत संत नारायण स्वामी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायण नगर में शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राओं ने नशीली दवाओं के सेवन व अवैध तस्करी से दूर रहने की शपथ ली। प्राचार्या प्रोफेसर प्रेमलता पंत की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नशे को ना और जीवन को हां कहने का संकल्प लिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. अनुलहुदा ने नशीली दवाओं और अवैध तस्करी के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। मीडिया प्रभारी मनोज कुमार आर्य ने भी युवाओं को नशे से दूर रहने एवं समाज में व्यापक जागरुकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस अभियान के वाहक बनकर समाज में सार्थक परिवर्तन लाने की दिशा में आगे आना चाहिए।

### नाबालिग सौंपी परिजनों को

**पिथौरागढ़ :** थाना जाजरदेवल क्षेत्र के हल्दू इलाके में पुलिस को एक नाबालिग बालिका मिली। वह हरियाणा की रहने वाली थी और अपने घर से यहां पिथौरागढ़ पहुंच गई थी। पुलिस ने बालिका के पिता देवेंद्र सूर्यवंशी से संपर्क स्थापित किया और उन्हें बालिका के यहां होने की सूचना दी। बालिका को सुरक्षा की दृष्टि से बाल कल्याण समिति के संरक्षण में रखा गया। सोमवार को बालिका को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

### जेवरात लेकर फरार हुई पत्नी

**टनकपुर :** 33 साल की एक महिला अपने पति को बताए बिना घर से भाग गई। लंबे समय तक पता नहीं चलने के बाद पति ने कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अनवर खान द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसकी पत्नी 13 मई की सुबह से बिना बताए कहीं चली गई। वह अपने साथ 7 तोला सोना और 70 हजार रुपये नकद ले गई है। मोबाइल छोड़ गई है। खोजबीन और रिश्तेदारों से पूछताछ करने पर भी पता नहीं चल सका।


केंद्रीय विद्यालय में आयोजित पंजाबी भाषा शिविर में मौजूद छात्र। ● अमृत विचार

### भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

**रानीखेत :** केंद्रीय विद्यालय रानीखेत में चल रहे भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का सोमवार को रंगारंग समारोह के साथ समापन हो गया। इस शिविर में विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा और पंजाब की सांस्कृतिक धरोहर के विषय मे महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। समापन का शुभारंभ केआरसी स्थित गुरुद्वारा साहिब में पवित्र अरदास के साथ हुआ। गुरुद्वारा के जगदीप सिंह ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षिका करिश्मा चंदेल ने विद्यार्थियों से पंजाबी भाषा और पंजाब प्रांत से संबंधित प्रश्न पूछकर उनके ज्ञान का परीक्षण किया। प्राचार्य राकेश दूबे ने संबोधित करते हुए नई भाषाएं सीखने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने के महत्व पर जोर दिया।

# पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए उठाएं जरूरी कदम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में पर्यटन विभाग की विभिन्न परिसंपत्तियों के संचालन एवं उनके रखरखाव को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में जनपद में पर्यटन गतिविधियों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने तथा पर्यटन का सुनियोजित विकास करने, पर्यटन की वार्षिक योजना तथा उनके क्रियान्वयन में सहयोग पर चर्चा हुई। साथ ही मार्गीय सुविधा केंद्र कोसी, चितई पार्किंग, पार्किंग शॉप विद रेस्टोरेंट आरतोला, रत्खाल गेस्ट हाउस समेत पर्यटक आवास गृह भतरौजखान के संचालन को लेकर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जितनी भी विभागीय परिसंपत्तियों हैं, उनमें यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी का संचालन नियमित हो। सभी में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करके उनका संचालन किया जाए जिससे पर्यटकों को उनका लाभ मिल सके तथा पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। कहा कि जनपद में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ाने तथा पर्यटकों को आकर्षित किए जाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। जनपद के समुचित विकास के लिए पर्यटन को मजबूत करने के लिए हमें पर्यटन केंद्रों का विकास करना होगा। यहां बैठक में सीडीओ दिवेश शाशनी, मुख्य कोषाधिकारी पूजा नेगी, डीटीडीओ प्रकाश खत्री रहे।

# आपदा उपकरणों के बारे में दी जानकारी

**पिथौरागढ़, अमृत विचार:** आगामी मानसून के दृष्टिगत प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी रूप से निपटने के लिए जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन तैयारियों को सुदृढ़ किया जा रहा है।

सोमवार को थानाध्यक्ष बेरीनाग महेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में थाना परिसर में एसडीआरएफ टीम ने पुलिस बल को आपदा उपकरणों के संचालन, बचाव तकनीक व आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में जलभराव, भूस्खलन, भवन ध्वस्तीकरण तथा सड़क दुर्घटनाओं जैसी संभावित आपदा परिस्थितियों में आवश्यक कार्रवाई के लिए टीम को व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही उपकरणों की कार्यप्रणाली, उपयोग विधि व समन्वयात्मक कार्य शैली पर विशेष बल दिया गया।

# नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर हुई चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नगर में सुव्यवस्थित यातायात व सुगम आवागमन को लेकर सोमवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एसडीएम संजय कुमार व सीओ गोपाल दत्त जोशी ने व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में यातायात को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। लिंक रोड पर लगने वाले टैक्सी वाहनों को टैक्सी तिराहे पर स्थित पार्किंग में लगाने के लिए विचार विमर्श किया गया। जिससे लिंक रोड पर वाहनों का आवागमन सुगम होने के साथ ही जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। जल्द ही टैक्सी यूनियन और नगर निगम द्वारा वाहनों की पार्किंग क्षमता के आकलन को लेकर ट्रायल करने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान मुख्य बाजार में वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा नगर निगम के प्रतिनिधियों को फड़ आदि के अतिक्रमण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, नगर अध्यक्ष अजय वर्मा, जिला देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, नगर अध्यक्ष संजय शाह, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष शैलेंद्र तिलारा, महासचिव नीरज पवार, संरक्षक अनूप साह, एआरटीओ रश्मि भट्ट, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक यातायात दरबान सिंह मेहता, प्रभारी इंटरसेप्टर सुमित पांडे मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# वेद, पुराणों पर हुई विशेष चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एसएसजे विवि के योग विज्ञान विभाग की ओर से नंदा देवी मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर पुजारी पंडित तारा चंद जोशी, सीताराम बाबा, लल्लन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पंडित ताराचंद जोशी ने बताया वेद हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद में बताया गया है। योग शिक्षक लल्लन सिंह ने ऋग्वेद में हमारी राष्ट्रीय नदियों का वर्णन मिलता है जिसमें गंगा, यमुना, सरस्वती व सिंधु नदी की चर्चा की। रजनीश जोशी ने बताया किस प्रकार योग हमें वेद पुराणों उपनिषदों की ओर ले जाता है।

योग शिक्षक डॉ. गिरीश अधिकारी ने बताया कि ऋग्वेद की दसवें मॉडल में माता भूमिः पुत्रो हम पृथिव्याः की बात कही गई अर्थात् यहां पृथ्वी मेरी माता है और मैं इसका पुत्र हूं यह मंत्र हमें पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति कर्तव्य का बोध साथी हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने की प्रेरणा देता है। योग में शोधरत स्कॉलर रोबिन हिमानी ने आयुर्वेद और योग के समन्वय को वर्तमान जीवनशैली में अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन भट्ट की संरक्षण में चल रहा है। नंदा देवी मंदिर परिसर के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए। इस अवसर पर आदित्य गुरुरानी, कविता खनी, अंजलि किरन, किरन बिष्ट, शालिनी बिष्ट, गीतांजलि सिजवाली, यशिका जोशी, अनंत बिष्ट, भावना उपाध्याय, मोहिता पंत, अंकित बिष्ट, गीताश्री तिवारी, मोहित खनी, अंजलि आदि रहे।


नंदा देवी मंदिर परिसर में आयोजित योग शिविर के दौरान मौजूद प्रतिभागी।

# 18 तक रात में वाहनों की आवाजाही पर रोक

**अल्मोड़ा:** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे में क्वारब पुल के पास बने डेंजर जोन में रात्रि में आवाजाही की मियाद एक बार फिर बढ़ा दी है। क्वारब पुल के पास बन रहे खतरे को देखते हुए आगामी 18 जून तक रात में 11 से सुबह पॉच बजे तक वाहनों की आवाजाही पूर्ण रुप से बंद रहेगी।

डीएम आलोक कुमार पांडे की ओर से आदेश जारी किया गया है। बीते सात माह से अधिक समय से यहां रात में वाहनों का संचालन पूरी तरह ठप हैं, लेकिन इसके बाद भी अब तक कोई मार्ग के पास दरक रही पहाड़ी का कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। वहीं, पहाड़ी से खतरे की आशंका को देखते हुए फिर एक बार जिला प्रशासन को क्वारब मार्ग के पास रात के समय आवाजाही बंद कर दी है।

# पुलिस का अभियान जारी कई लोगों पर हुई कार्रवाई

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** थानाध्यक्ष थल शंकर सिंह रावत के निर्देशन में पुलिस टीम ने ग्राम हराली के पास चेकिंग के दौरान एक दुकान में अवैध रूप से शराब बेचने व परोसने वाले दुकान संचालक गोविंद सिंह अधिकारी को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 21/60 के तहत थाना थल में अभियोग पंजीकृत किया गया। देवराडी पंत निवासी संतोष राम द्वारा अपनी पत्नी के साथ लडाई-झगड़ा करने की सूचना पर थानाध्यक्ष बेरीनाग महेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में एचसीपी गिरीश चंद्र व टीम ने मौके पर पहुंचकर बीएनएसएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष गंगोलीहाट हीरा सिंह डांगी व टीम ने चारू उप्रेती निवासी कुजनपुर को शराब के नशे में सरेआम उत्पात मचाने के आरोप में धारा 81 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पिथौरागढ़ ललित मोहन जोशी के निर्देशन में टीम ने चंडाक क्षेत्र में शराब पीकर वाहन चला रहे चौधरी यशदीप निवासी मुरादाबाद उप्र. व विनोद कापडी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। साथ ही मिशन मर्यादा के तहत 04 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त कुल 112 व्यक्तियों के विरुद्ध एमवी एक्ट, पुलिस एक्ट एवं कोटपा एक्ट के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई।

# कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषक संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वीपीकेएएस संस्थान हवालबाग के वैज्ञानिकों के चार दलों ने जिले के 25 ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया। 534 कृषकों के साथ संवाद किया।

उत्पादन एवं फसल सुरक्षा तकनीकों, खरीफ फसलों की उन्नत किस्मों और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से विकसित कृषि यंत्रों एवं उपकरणों की जानकारी दी। मौके पर केंद्रीय एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कृषकों ने भी क्षेत्रों में पानी की कमी और बंदर व जंगली सुअरों से फसलों को नुकसान पहुंचाने की समस्याएं विशेषज्ञों के साथ साझा की गयी। अभियान के तीसरे दिन चमोली जिले के कैलाशपुर, जोशीमठ के 52 कृषकों के साथ वैज्ञानिकों ने वार्ता कर दूरस्थ एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वाइब्रेंट हिमालयी गांवों में जागरूकता और बुवाई पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। अभियान के चौथे दिन वैज्ञानिकों के दल द्वारा चमोली जिले के उच्च हिमालयी गांव फरकिया, बंपा एवं कैलाशपुर के 146 कृषकों के साथ संपर्क किया गया। इधर, कृषि विज्ञान केंद्र मटेला के प्रभारी अधिकारी (नोडल अधिकारी) डा. आरके शर्मा ने बताया कि विकासखंड द्वाराहाट के ग्राम मुजहोली, धारकोटली, रोलाखोरक, भीतरकोट में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। वहीं लमगड़ा के ग्राम ढैली एवं सिरसौड़ा में विज्ञानी डॉ. उमा नौलिया ने स्वरोजगार परक व्यवसाय के बारे में जानकारी दी।


अल्मोड़ा जिले के सुदूरवर्ती गांव में कृषकों से संवाद करते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

**बैठक** — अनुसचिव ने पेयजल, क्रीड़ा, युवा कल्याण, सूचना, पशुपालन, लोक निर्माण, उद्योग आदि विभागों की विस्तार से की समीक्षा

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं को प्राथमिकता दें : सुभाष चंद्रा

संवाददाता,चम्पावत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणाओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में अनुसचिव सुभाष चंद्रा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं को प्राथमिकता से लेते हुए प्रत्येक अधिकारी व्यक्तिगत रुचि के साथ दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें।

चंद्रा ने कहा कि जिन घोषणाओं में बजट स्वीकृत हो चुका है, उनकी कार्यवाही अविलंब प्रारंभ की जाए। वहीं जिन कार्यों के लिए डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) आवश्यक है, उनकी समयबद्ध तैयारी कर अमल में लाया जाए। उन्होंने पेयजल,क्रीड़ा, युवा कल्याण, सूचना, पशुपालन, लोक निर्माण, उद्योग आदि विभागों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो घोषणाएं पूर्णता के निकट हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। साथ ही, पूर्ण हो चुके कार्यों की लोकार्पण के लिए पृथक सूची तैयार की जाए।

बैठक में डीएम नवनीत पांडेय ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित समस्त विकास कार्यों को बेहतर गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ निष्पादित किया जाए। बैठक में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी नवीन चंद्र पंत, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी दीप्तकीर्ति तिवारी, जिला विकास अधिकारी दिनेश दिगारी आदि रहे।


चम्पावत में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के अनुसचिव, डीएम और जनप्रतिनिधि।

### वर्षा का जल जब भी गिरे, जहां भी गिरे वहीं संरक्षित करें

**टनकपुर :** जल संरक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत एवं स्प्रिंग एंड रिवर रीजुवनेशन अथॉरिटी के तत्वावधान में जल उत्सव पखवाड़ा (1 से 15 जून) के तहत एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला सभागार चम्पावत में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यमंत्री के अनुसचिव सुभाष चंद्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएम नवनीत पांडेय ने कहा कि 'जल संरक्षण अभियान' मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, पुनर्भरण और पुनर्जीवन सुनिश्चित करना है। कहा कि 'वर्षा का जल जब भी गिरे, जहां भी गिरे, उसे वहीं संरक्षित करें', यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है। डीएम ने बताया कि जनपद में 98 महत्वपूर्ण जल स्रोतों की पहचान की गई है, जिनका शीघ्र पुनर्जीवन किया जाना है। यदि इन जल स्रोतों की रक्षा नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, डॉ. वसुंधरा गर्ब्याल, कमलेश सिंह बिष्ट, विमी जोशी, नेहा चौधरी, दिनेश सिंह दिगारी, मोहित मल्ली, उमेद जोला, कवींद्र रावत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वायदा बाजार में सोने का भाव 1300 रुपये चढ़ा

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों के ताजा सौदों से वायदा कारोबार में सोमवार को सोना 1300 रुपये तेजी के साथ 97,175 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून में आपूर्ति वाले सोने की कीमत 1300 रुपये यानी 1.36 प्रतिशत तेजी के साथ 97,175 प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 14,336 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि प्रतिभागियों के ताजा सौदे करने से सोने के कीमतों में तेजी आई है।

### इन्फोसिस के सीईओ का वेतन 80.62 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इन्फोसिस के सीईओ सलिल पारेख का वेतन 2024-25 में 21.6 प्रतिशत बढ़कर 80.62 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष में पारेख को 66.25 करोड़ रुपये का वेतन मिला था। पारेख ने 2024-25 में मूल वेतन के रूप में 7.45 करोड़, सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में 49 लाख, बोनस और प्रोत्साहन के रूप में 23.18 करोड़, शेयर विकल्पों के इस्तेमाल से 49.5 करोड़ रुपये अर्जित किए।

# छोटी कारों के बाजार को बचाए सरकार

## मारुति ने सरकार से की मांग, कहा- दाम ऊंचा होने से आ रही है गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● पिछले 10 साल में 30 प्रतिशत से भी कम रह गई बाजार में छोटी कारों की हिस्सेदारी

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को देश में छोटी कारों की बिक्री को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहनों की मांग की। कंपनी का कहना है कि छोटी कारों का दाम ऊंचा होने की वजह से इस खंड में धीरे-धीरे गिरावट देखी जा रही है।

कभी भारतीय यात्री वाहन बाजार में छोटी कारों का दबदबा था। आज कुल यात्री वाहन बाजार में इस खंड की हिस्सेदारी घटकर 30 प्रतिशत से भी कम रह गई है। पांच लाख रुपये से कम कीमत वाली प्रवेश स्तर की कारें जो वित्त वर्ष 2015-16 में लगभग 10 लाख इकाई (9,34,538 यूनिट) हुआ करती थीं, 2024-25 में यह घटकर सिर्फ 25,402 इकाई रह गई हैं।

मारुति सुजुकी के ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसे मॉडल की बिक्री मई में घटकर 6,776 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,902 इकाई रही थी। यहां तक कि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री भी मई, 2025 में घटकर 61,502 इकाई रह गई जो पिछले साल इसी महीने 68,206 इकाई की हुई थी।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बढ़े हुए विनियमन के साथ, छोटी कार मॉडलों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है, जिसका असर उन खरीदारों पर पड़ा है जो दोपहिया वाहनों से प्रवेश स्तर की कारों तक जाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए कहीं न कहीं सरकार को यह समझना होगा कि अगर वे वाहन उद्योग को गति देना चाहते हैं, तो उन्हें यह समझने की जरूरत है कि समस्या कहां है और छोटी कारों की बिक्री का आकार कैसे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा, कुछ प्रोत्साहनों की आवश्यकता है ताकि जो ग्राहक कार खरीदने में सक्षम नहीं है, वे आ सकें और दोपहिया वाहन से चार पहिया वाहन की ओर जा सकें।

### मारुति सुजूकी और हुंदै की मई में बिक्री घटी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया और हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मई में घट गई है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने भारत-पाकिस्तान संघर्ष और छोटी कारों की बिक्री में गिरावट के बीच उद्योग के खुदरा बिक्री अनुमानों के अनुरूप डीलरों को आपूर्ति को संतुलित किया है। हुंदै ने कहा कि पिछले महीने कंपनी ने चेन्नई स्थित विनिर्माण संयंत्र को एक सप्ताह तक नियमित अर्धवार्षिक रखरखाव के लिए बंद रखा, जिससे बिक्री में गिरावट आई। मारुति की कुल बिक्री मई में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,80,077 इकाई पर पहुंच गई। मई, 2024 में कंपनी ने कुल 1,74,551 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,35,962 इकाई रह गई।

### सेंसेक्स 77 अंक टूटा निफ्टी में भी गिरावट

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भी सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 77 अंक टूट गया। वैश्विक व्यापार को लेकर ताजा चिंता से दुनिया के अन्य बाजारों में गिरावट का रुख रहा जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखा।

इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध, ब्रेंट क्रूड के दाम में तेज वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 796.75 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 77.26 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.10 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,716.60 अंक पर बंद हुआ।

# रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● एसबीआई की शोध रिपोर्ट में दावा- ऋण चक्र को बहाल करने के लिए किया जा सकता है ऐसा


भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को अपनी मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत की भारी कटौती कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण चक्र को फिर से बहाल करने और अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए ऐसा किया जा सकता है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को बैठक में लिए गए निर्णय की घोषणा करेगी। केंद्रीय बैंक ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह घटकर छह प्रतिशत पर आ गई है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने अपनी अप्रैल की नीति में रुख को तटस्थ से बदलकर उदार करने का भी फैसला किया था। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की शोध रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमें जून की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत कटौती की उम्मीद है, क्योंकि बड़ी दर कटौती अनिश्चितता का मुकाबला करने के काम आ सकती है।' रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी दर कटौती ऋण चक्र को फिर से सक्रिय कर सकती है।

# एआई, मशीन लर्निंग में भर्तियां 25% बढ़ीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● एक रिपोर्ट ने पेश किया मई का आंकड़ा, आईटी में नौकरियां घटीं

मई माह में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) क्षेत्र में भर्तियों की संख्या में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नौकरी के अवसरों में गिरावट देखी गई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'नौकरी जॉबस्पीक मई 2025' रिपोर्ट कहती है कि आईटी क्षेत्र से जुड़ी नई नौकरियां मई, 2025 के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले पांच प्रतिशत घट गईं। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, 'मई के दौरान महानगरों में एआई एवं मशीन लर्निंग से जुड़ी भूमिकाओं पर भर्तियों में लगातार तेजी देखी गई। इसी के साथ वरिष्ठ पेशेवरों की मांग भी स्थिर बनी रही। यह प्रवृत्ति पिछले एक साल से मजबूत बनी हुई है।'

रिपोर्ट के मुताबिक, मई, 2025 में कुल भर्ती परिदृश्य स्थिर रहने के बीच रियल एस्टेट पांच प्रतिशत और बीमा छह प्रतिशत बढ़कर अपेक्षाकृत चमकदार क्षेत्र के रूप में उभरे। इसके उलट खुदरा, दूरसंचार और बैंकिंग, वित्त एवं ब्रोकिंग क्षेत्रों में भर्तियां आठ-नौ प्रतिशत तक घट गईं।

हालांकि, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में यूनिकॉर्न कंपनियों की भर्तियों में 29 प्रतिशत तक तेजी देखी गई। शहरों के लिहाज से हैदराबाद और कोच्चि में क्रमशः सात प्रतिशत और आठ प्रतिशत की भर्ती वृद्धि देखी गई, जिसमें से अधिकांश वृद्धि 16 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले पेशेवरों की थी।

### यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सोमवार को यह कहा। अप्रैल में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 23.94 लाख करोड़ रुपये था। मात्रा के लिहाज से बात करें तो मई में 1,867.7 करोड़ लेनदेन किए गए, जबकि इससे पिछले महीने 1,789.3 करोड़ लेनदेन हुए थे। एनपीसीआई ने कहा कि लेनदेन का मूल्य मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 20.44 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समीक्षाधीन महीने में दैनिक लेनदेन औसतन 81,106 करोड़ रुपये रहा, जो अप्रैल के 79,831 करोड़ रुपये के स्तर से 1.5 प्रतिशत अधिक है।

# कॉरपोरेट दिवाला संबंधी संशोधन अधिसूचित

**नई दिल्ली, एजेंसी**




● आईबीबीआई ने कहा- संशोधनों का उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना और लेनदारों के हितों की रक्षा करना

आईबीबीआई ने कॉरपोरेट दिवाला प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधनों को अधिसूचित कर दिया है, जिसका उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना, लेनदारों के हितों की रक्षा करना और समाधान प्रक्रियाओं में अधिक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 26 मई को कॉरपोरेट इकाइयों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया से संबंधित चौथे संशोधन विनियम, 2025 को अधिसूचित किया। इस संशोधन के महत्वपूर्ण बदलावों में कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की मंजूरी के साथ समाधान पेशेवरों को न केवल पूरे कॉरपोरेट देनदार के लिए बल्कि व्यक्तिगत परिसंपत्तियों या दोनों के संयोजन के लिए भी अभिरुचि पत्र आमंत्रित करने की अनुमति देना शामिल है।

आईबीबीआई ने कहा कि दोनों समूहों के लिए आवेदनों को सक्षम बनाने से समाधान प्रक्रिया समयसीमा में कमी ला सकती है, व्यवहार्य खंडों में मूल्यह्रास को रोक सकती है और व्यापक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित कर सकती है। विनियमों ने चरणों में निष्पादित समाधान योजनाओं के तहत भुगतान के लिए रूपरेखा को भी संशोधित किया है।

ऐसे मामलों में, वित्तीय लेनदार जो समाधान योजना का समर्थन नहीं करते थे, उन्हें अब कम से कम आनुपातिक आधार पर और पक्ष में मतदान करने वालों से पहले भुगतान प्राप्त होगा। बोर्ड ने कहा कि यह दृष्टिकोण चरणबद्ध कार्यान्वयन की व्यावहारिक बाधाओं के साथ असहमत लेनदारों के वैध अधिकारों को संतुलित करता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### केरल तट के पास से दो यमनी छात्र लापता

**कोच्चि।** नौ यमनी नागरिकों के एक समूह के दो व्यक्ति सोमवार को यहां के निकट समुद्र में लापता हो गए। यह जानकारी एर्णाकुलम जिला अधिकारियों ने दी। यह घटना कोच्चि तालुक के एलमकुन्नापुझा गांव के वलप्पु समुद्र तट की है। लापता व्यक्ति तमिलनाडु के कोयम्बटूर स्थित कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के छात्र हैं। अधिकारियों ने बताया कि तटीय पुलिस दल नजारक्कल पुलिस और वाइपिन फायर फोर्स की मदद से घटनास्थल पर खोज अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग की नौकाएं और भारतीय नौसेना का एक हेलीकॉप्टर भी इस अभियान में शामिल हो गया है।

### दुष्कर्म पीड़िता की मौत पर बिहार सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दुष्कर्म और क्रूर शारीरिक हमले की शिकार नौ वर्षीय लड़की की पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मृत्यु पर बिहार सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग ने मेडिकल कॉलेज में उपचार में देरी के कारण हुई मौत का स्वतः संज्ञान लिया है और बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी से दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अस्पताल पर आरोप है कि पीड़ित बच्ची का इलाज शुरू करने के लिए बिस्तर मिलने से पहले उसे कई घंटों तक एम्बुलेंस में ही इंतजार करना पड़ा था।

### पंजाब मंत्रिमंडल ने लैंड पूलिंग नीति को मंजूरी दी

**चंडीगढ़।** पंजाब मंत्रिमंडल ने सोमवार को लैंड पूलिंग नीति (जमीन इकट्ठा करने की नीति) को मंजूरी दे दी। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि भूमि मालिकों से एक गज भी जमीन, जबरन अधिग्रहीत नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अक्षय ऊर्जा मंत्री अरोड़ा ने विपक्षी दलों पर राज्य सरकार की 'लैंड पूलिंग नीति' के बारे में पिछले कई दिन से लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। अरोड़ा ने दावा किया कि इससे बेहतर लैंड पूलिंग नीति न केवल राज्य में बल्कि देश में भी नहीं है।


### दिल्ली में दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एनडीआर टीम ने पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में अवैध रूप से रह रहे दो बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मामून खान (30) और उसकी पत्नी माऊ खान (24) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ बंगलादेशी नागरिक अवैध रूप से मंडावली में रह रहे हैं। इस पर टीम ने जाल बिछाकर दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# कोरोना के केस बढ़कर हुए चार हजार

## पिछले 24 घंटे में चार की मौत, स्वास्थ्य मंत्रालय ने की भीड़ में मास्क पहनने की अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● केरल में सर्वाधिक 1435 कोरोना के सक्रिय मामले, 506 केसों के साथ महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर

देशभर में कोराना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं, सोमवार सुबह तक कुल सक्रिय मामलों की संख्या 3961 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार मरीजों की मौत हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर आज सुबह साढ़े आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कुल 3961 सक्रिय मामले हैं। अभी तक 2188 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 32 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 203 सक्रिय मामले सामने आये हैं और 370 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है लेकिन इस अवधि के दौरान चार लोगों की जान चली गई।

राष्ट्रीय राजधानी के अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु और केरल में एक-एक मरीज की कोरोना से मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड संक्रमण की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं और लोगों से भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का इस्तेमाल करने और कोरोना से सावधानी बरतने की जरूरत है।

कुल सक्रिय मामलों के सबसे अधिक 1435 केरल में और उसके बाद 506 महाराष्ट्र में हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 483 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 338, पश्चिम बंगाल में 331, कर्नाटक में 253, तमिलनाडु में 189, उत्तर प्रदेश में 157, राजस्थान में 69, पुडुचेरी में 38, आंध्र प्रदेश में 30, हरियाणा में 28, मध्य प्रदेश में 23, गोवा में 10, झारखंड में 11, ओडिशा में 12, जम्मू-कश्मीर में नौ, छत्तीसगढ में सात, बिहार और असम में पांच-पांच, पंजाब में छह, सिक्किम में चार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में तीन-तीन, मिजोरम में दो और चंड़ीगढ़ में कोरोना का एक सक्रिय मामला है।

### दिल्ली में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 483 हुई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार से कोविड-19 के 47 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 483 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। संक्रमण के चलते चार लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि एक पुरानी बीमारी से पीड़ित 22 वर्षीय युवती की कोरोना वायरस से संक्रमण के कारण मौत हो गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछले सप्ताह कहा था कि दिल्ली में कोविड के 19 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा था कि दिल्ली सरकार सतर्क है और अस्पताल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

### ओडिशा: पति को पेट्रोल डालकर जला दिया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नयागढ़ जिले में पति की हत्या के आरोप में एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान नयागढ़ जिले के शिशिर साहू के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि शिशिर की पत्नी नमिता और पुत्र अभिषेक को गिरफ्तार किया गया है। किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद नमिता ने अभिषेक की मदद से शिशिर पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि दमकल कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घर के अंदर से शिशिर का अधजला शव बरामद किया गया, इसके बाद पत्नी और पुत्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान मृतक की पत्नी और पुत्र ने अपराध कबूल कर लिया।

# ठग लाइफ की रिलीज से पहले कोर्ट पहुंचे कमल हासन

**बेंगलुरु, एजेंसी**

● कर्नाटक में फिल्म के लिए सुरक्षा और संरक्षण की मांग की

अभिनेता कमल हासन ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य में फिल्म 'ठग लाइफ' की सुचारू रिलीज सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा देने का अनुरोध किया है।

यह कदम कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) की हाल की घोषणा के जवाब में उठाया गया है, जिसमें उसने कहा था कि वह कर्नाटक में फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति तब तक नहीं देगा, जब तक हासन अपने उस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांग लेते, जिसमें उन्होंने कहा था कि कन्नड़ तमिल से विकसित हुई है।

कर्नाटक में फिल्म निर्माताओं, वितरकों-प्रदर्शकों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था केएफसीसी ने पांच जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म के बहिष्कार की घोषणा की है। चैंबर ने हासन की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि जब तक अभिनेता माफी नहीं मांगते, तब तक राज्य में फिल्म को प्रदर्शित नहीं होने दिया जाएगा। उसने दावा किया कि उसका रुख कर्नाटक के सांस्कृतिक गौरव और भाषाई विरासत की रक्षा के लिए है।

### दोनों राकांपा में विलय पर कोई चर्चा नहीं: अनिल देशमुख

**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने शरद पवार और उनसे अलग हुए भतीजे अजित पवार के बीच हाल में हुई बैठकों के बाद दोनों की अगुवाई वाले दलों के विलय की अटकलों को तवज्जो नहीं देते हुए सोमवार को कहा कि दोनों गुटों के साथ आने पर कोई चर्चा नहीं हुई। राकांपा (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने हाल के दिनों में कई मौकों पर मुलाकात की है जिससे राजनीतिक हलकों में उनके फिर से एक होने की अटकलें तेज हो गईं। इस बारे में पूछे जाने पर देशमुख ने यहां संवाददाताओं से कहा, दोनों राकांपा के फिर से एक होने पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

### तमिलनाडु: अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न मामले में अभियुक्त को उम्रकैद

**चेन्नई।** चेन्नई की एक महिला अदालत ने पिछले साल दिसंबर में अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में अभियुक्त ज्ञानशेखरन को सोमवार को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

महिला अदालत की न्यायाधीश एम. राजलक्ष्मी ने 28 मई को ज्ञानशेखरन को मामले में दोषी ठहराया था। अदालत ने उस पर कुल 90,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि बहुत कड़ी सज़ा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने अदालत को धन्यवाद दिया और फैसले का स्वागत किया। याद दिलाया कि हाल में सरकार ने यौन अपराधियों के लिए छूट को खारिज करते हुए संशोधन किए थे। मुख्यमंत्री का कहना था कि इस मामले में अदालत ने छूट की गुंजाइश के बिना सज़ा सुनाई और पुलिस विभाग की सराहना की।

**राहत अभियान**



भारी बारिश से अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों में लोग फंस गए हैं। आईटीबीपी के जवानों को उन्हें खाद्य वस्तुएं, दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने के लिए दुर्गम इलाकों से गुजरना पड़ रहा है। एजेंसी

# शीर्ष कोर्ट का असम में निर्वासन के विरुद्ध दायर याचिका पर विचार करने से इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें आरोप लगाया गया है कि असम सरकार ने राष्ट्रीयता सत्यापन किए बिना या सभी कानूनी उपायों के समाप्त हुए बिना संदिग्ध विदेशी लोगों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता को इस मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने याचिकाकर्ता 'ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा, आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं। हेगड़े ने कहा कि यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के एक आदेश पर आधारित है। पीठ ने कहा, कृपया गुवाहाटी हाईकोर्ट जाएं।

हेगड़े ने कहा कि याचिकाकर्ता हाईकोर्ट के समक्ष उचित कदम उठाने के लिए याचिका वापस लेंगे। पीठ ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। अधिवक्ता अदील अहमद के माध्यम से दायर याचिका में शीर्ष अदालत के चार फरवरी के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें एक अलग याचिका पर विचार करते हुए असम को 63 घोषित विदेशी नागरिकों, जिनकी राष्ट्रीयता ज्ञात है, उनके निर्वासन की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया गया था।

### दिल्ली बार काउंसिल ने शर्मिष्ठा की तत्काल रिहाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली बार काउंसिल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में कथित टिप्पणियों के लिए कोलकाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार 'इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली की तत्काल रिहाई की सोमवार को मांग की। कोलकाता निवासी एवं पुणे के विधि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली शर्मिष्ठा को 30 मई देर रात हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें कोलकाता की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने इन्फ्लूएंसर को 13 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। काउंसिल के चेयरमैन सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा, 'दिल्ली बार काउंसिल सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने को लेकर 22 वर्षीय विधि छात्रा शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी की घटना की कड़ी निंदा करती है। कुछ लोगों के आहत होने के बाद शर्मिष्ठा ने तुरंत वीडियो को डिलीट कर दिया था और माफी भी मांगी थी, इसके बावजूद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# पेशेवर संस्थानों में घुसपैठ कर उन्हें बर्बाद कर रहा है संघ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद में गड़बड़ियों का लगाया आरोप

कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) से जुड़ी कथित अनियमतताओं का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पेशेवर संस्थानों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की व्यवस्थित 'घुसपैठ' हो रही है और इन्हें बर्बाद किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना (एबीआईएसवाई) नामक आरएसएस संगठन है। कांग्रेस के आरोपों पर फिलहाल आईसीएचआर और एबीआईएसवाई की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मई, 2014 के बाद से पेशेवर संस्थानों में आरएसएस की व्यवस्थित घुसपैठ हुई है और ऐसा एक उदाहरण भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद है।' उन्होंने आरोप लगाया, अब इन कार्यकर्ताओं पर केंद्रीय सतर्कता आयोग जैसी किसी संस्था द्वारा वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया गया है। यह 14 करोड़ रुपये का घोटाला है, जो आईसीएचआर के लिए एक बड़ी रकम है। घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक आरएसएस संगठन है।

**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 39 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 38 छक्के |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

## खेल डायरी

### शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे। 65 वर्षीय शुक्ला वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं।

### श्रीलंका के अनुरोध पर महिला एमर्जिंग एशिया कप स्थगित

**लाहौर।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण 6 जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार के बाद लिया गया, जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

### डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर कायम

**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स नैतिकता इकाई (एआईयू) ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन से प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्य रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है, जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों से अयोग्य रहे। कई वर्षों से भारत सबसे अधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के शीर्ष अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

### नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस खिलाड़ी ने सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48:66 सेकेंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

# 18 साल का इंतजार खत्म करने उतरेंगे बेंगलुरु-पंजाब

## सभी की निगाहें टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर रहेंगी, पहले क्वालीफायर में पंजाब को हराकर आरसीबी ने किया है फाइनल में प्रवेश

**अहमदाबाद, एजेंसी**



रजत पाटीदार | श्रेयस अय्यर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं।

आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया। इस वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है।

फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड चोटिल होने से आरसीबी के दो मैचों में नहीं खेल पाए इसलिए यह देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है।

प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है। युजवेंद्र चहल अब भी हाथ की चोट से जूझ रहे हैं और दूसरे क्वालीफायर में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे, लेकिन पंजाब को उनसे अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी।

पंजाब और मुंबई के बीच दूसरा क्वालीफायर बारिश से प्रभावित रहा था लेकिन फाइनल के दिन बारिश की कोई भविष्यवाणी नहीं है, लेकिन खेल समय में एक अतिरिक्त घंटा जोड़कर अवधि को 120 मिनट तक बढ़ाया गया है तथा फाइनल में एक रिजर्व दिन रखा गया है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

**मैच शाम 7:30 बजे।**

### पंजाब किंग्स ने खुद को पहले स्थान पर रहने के लिए किया है तैयार : होप्स

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। होप्स ने कहा, हम पिछले कुछ महीनों से इस तरह से खेल रहे थे कि हम तीसरे स्थान पर न आएं। हम पहले स्थान पर आने का मौका चाहते थे और अब हमने खुद को वह मौका दे दिया है। साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में विराट कोहली के समर्थकों से निपटने के लिए भी उनकी टीम को तैयार रहना होगा।

## 30 सितंबर से शुरू आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप

**दुबई, एजेंसी**

महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत-श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जाएगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था, लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान भारत नहीं आएगा और चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा, यह टूर्नामेंट बेंगलुरू में 30 सितंबर से शुरू होगा। भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरू में खेला जाएगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे।



## मैक्सवेल ने लिया वनडे क्रिकेट से संन्यास

**मेलबर्न, एजेंसी**

- **भारत-श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर अब करेंगे ध्यान केंद्रित**

आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 वनडे खेले।

मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली, जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी है। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, मुझे लगा कि मेरा शरीर जिस तरह से परिस्थितियों के अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था, उससे मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा था। मैंने (चयनसमिति के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। मैक्सवेल ने कहा, हमने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप पर चर्चा की। मैंने उनसे कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें सफल हो पाऊंगा। अब समय आ गया है कि आप अन्य खिलाड़ियों के लिए योजना बनानी शुरू करें। मैक्सवेल को हाल में उंगली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग को बीच में ही छोड़ना पड़ा था।

### क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**केपटाउन।** द. अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकताएं तय करने की कवायद में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। 33 वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी-20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे लिए यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है।

## कार्लसन को हराकर गुकेश ने चुकता किया बदला

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

**स्टावेंजर, एजेंसी**

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है। रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं।

NORWAY CHESS

प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया।



डी गुकेश

## अय्यर और पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**अहमदाबाद।** पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगा है। अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया क्योंकि आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख का जुर्माना लगाया गया।

बयान अनुसार, पंजाब किंग्स का यह आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों के तहत इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसमें कहा गया है, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का तीसरा अपराध था, इसलिए पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। पंजाब किंग्स की अंतिम एकादश में शामिल खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

**सात्विक-चिराग करेंगे इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का नेतृत्व**

## खिताब जीतने को बेकरार भारतीय

**जकार्ता, एजेंसी**

पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 1,450,000 डॉलर राशि के इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का नेतृत्व करते हुए वापसी की लय जारी रखना चाहेगी। अभी सात्विक और चिराग की जोड़ी रैंकिंग में 27वें स्थान पर है लेकिन सिंगापुर के सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद उनके शीर्ष 20 के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया ओपेन में अपने अभियान की शुरूआत लियो रोली कार्नांडो और बागस मौलाना की इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ करेगी। सात्विक स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग पीठ की चोट के कारण पिछले कुछ सप्ताह से खेल से दूर थे।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस साल खराब प्रदर्शन के बाद अब इस टूर्नामेंट में आगे तक पहुंचने का लक्ष्य बनाएंगी। इंडोनेशिया के नए कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ सिंधू फिर से वही लय हासिल करने की कोशिश करेंगी। महिला एकल में अन्य खिलाड़ियों में अनुपमा उपाध्याय का सामना कोरिया की किम गा यून से, रक्षिता श्री रामराज का सामना थाईलैंड की सुपानिदा काटेथोंग से जबकि मालविका बंसोड़ का सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। पुरुष एकल में एचएस प्रणय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, लक्ष्य सेन चीन के शि यू की से भिड़ेंगे। किरण जॉर्ज लोह कीन यू से मुकाबला करेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद जापान की युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो से भिड़ेंगी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो, रोहन कपूर और रुथविका गाडे शिवानी, सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ तथा असिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां होंगी।



## अल्काराज चौथे दौर में, एलिना भी आगे

**पेरिस, एजेंसी**

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष एकल के तीसरे दौर में बेन शेल्टन को शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला वर्ग में एलिना स्वितोलिना ने पिछले साल की उपविजेता जैस्मिन पाओलिनी को पराजित किया। दूसरे वरीय और चार बार ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने शेल्टन पर तीन घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (8), 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। अब क्वार्टरफाइनल में अल्काराज का सामना अमेरिका के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से होगा।

महिला वर्ग में 13वीं वरीय स्वितोलिना ने 2024 की उप विजेता पाओलिनी को 4-6, 7-6 (6), 6-1 से हराकर पांचवीं बार रोलां गैरां के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा। स्वियातेक ने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलिना रिबाकिना को 1-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। महिला वर्ग में अन्य क्वार्टरफाइनल में नंबर एक आर्यना सबालेंका का सामना झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका ने अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 7-5, 6-3 से हराया जबकि 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग ने लियूडमिला सैमसोनोवा को 7-6 (5), 1-6, 6-3 से मात दी।



कार्लोस अल्काराज



एलिना स्वितोलिना

## रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने जीती वेस्टइंडीज से श्रृंखला

- **सात गेंद शेष रहते सात विकेट पर इंग्लैंड ने बनाएं 312 रन**

**कार्डिफ।** जो रूट की नाबाद 166 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने 139 गेंदों की पारी में 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। रूट अपनी पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से 2-4 से हारी

**रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच (11वें और 45वें मिनट) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज़ गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइग्नेट गुनाज़ू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।

## खाने के लिए संघर्ष



गाजा में दिन-प्रतिदिन हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। सोमवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में सामुदायिक रसोई में दान में भोजन पाने के लिए संघर्ष करते फलस्तीनी। एजेंसी

# ब्रिटेन ने कहा- आतंकवाद के खिलाफ वह भारत के साथ

## हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन ने भाजपा सांसद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के समक्ष जताया समर्थन

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन वेस्ट ने सोमवार को लंदन में विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में एक बैठक में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ब्रिटेन आतंकवाद से निपटने के भारत के प्रयासों में उसके साथ है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प का उल्लेख किया और कहा कि पूरी मानवता के हित में इसे खत्म किया जाना चाहिए।

कैथरीन वेस्ट ने ब्रिटेन की ओर से एक बार फिर अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए भारत के योगदान की सराहना की। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में भारतीय उच्चायोग ने कहा, प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से अपने दम पर निपटने के भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद सभी देशों के लिए खतरा बना हुआ है और इसलिए दुनिया को पूरी मानवता के हित में इस संकट को मिटाने की जरूरत है। बयान में कहा गया है, मंत्री ने एक बार फिर भारत में हुए आतंकवादी हमलों की ब्रिटेन की ओर से निंदा की। उन्होंने वैश्विक रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता व वैश्विक आर्थिक विकास में योगदान पर बात की।



लंदन में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल।

### मलेशिया में प्रतिनिधिमंडल ने कहा पानी-खून साथ नहीं बह सकते

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की यात्रा पर पहुंचे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति पर जोर देते हुए कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग ने ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया में प्रधानमंत्री के विभाग (कानून एवं संस्थागत सुधार) में उप मंत्री वाईबी एम. कुला सेगरन के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक एक्शन पार्टी और 'पार्टी केदिलन राक्यत इन मलेशिया' के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण और राष्ट्रीय संकल्प से अवगत कराया।

## एक नजर

### त्रिनिदाद-टोबैगो में मनाया भारतीय आगमन दिवस

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मिशन ने कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय प्रवासियों के पहले समूह के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय आगमन दिवस मनाया। रविवार को आयोजित यह कार्यक्रम उच्चायोग द्वारा 1845 में भारतीयों के पहले समूह के आगमन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया पहला ऐसा उत्सव है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, करीब 15 लाख की आबादी वाले कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय मूल के 5,48,279 व्यक्ति निवास करते हैं।

### गाजा: बच्चों और महिलाओं समेत 14 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल द्वारा एक आवासीय इमारत पर किए गए हमले में 14 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला जबालिया शरणार्थी शिविर पर किया गया। शिफा और अल-अहली अस्पतालों ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मरने वालों में पांच महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ पर आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ लोगों पर सोमवार को जालसाजों को कथित तौर पर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के आरोप लगाए गए। द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के मुताबिक, आरोपियों में युवन थिरुमारन (24) और अमरजीत सिंह जुगिंदर सिंह (50) समेत छह पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं।

### जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** छह साल में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित होने वाले आगामी जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना नहीं है। मामले से परिचित लोगों ने सोमवार को यह बात कही। कनाडा 15 से 17 जून तक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। ओटावा द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री को शिखर सम्मेलन के लिए अभी तक निमंत्रण नहीं भेजा गया है।

# अमेरिका के मॉल में आतंकी हमला

## कार्यक्रम के दौरान पेट्रोल बम फेंका, 8 जख्मी, फलस्तीन आजाद करो का नारे लगाए

**बोल्डर (अमेरिका), एजेंसी**

अमेरिका में फलस्तीन को आजाद करो का नारे लगाते हुए गाजा में इजराइली बंधकों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए जमा हुए समूह पर पेट्रोल बम फेंक दिया जिसमें आठ लोग जख्मी हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एफबीआई ने इसे आतंकी हमला बताया है। हमले को कथित रूप से अंजाम देने वाले संदिग्ध की पहचान 45 वर्षीय साबरी सोलिमन के तौर पर हुई है और एफबीआई हमले की जांच आतंकी कृत्य के तौर पर कर रहा है।

सोलिमन को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि उसे अदालत में कब पेश किया जाएगा। यह हमला बोल्डर शहर के लोकप्रिय पर्ल स्ट्रीट पेडेस्ट्रेन मॉल में हुआ है। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में यह घटना हुई। इस जंग ने वैश्विक तनाव को बढ़ा दिया है और इसकी वजह से अमेरिका में यहूदी विरोधी हिंसा में वृद्धि हुई है। हमला यहूदी पर्व शवोत की शुरुआत पर हुआ है। इस घटना से ठीक एक हफ्ते पहले वाशिंगटन में एक यहूदी संग्रहालय के बाहर फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाने वाले एक व्यक्ति पर इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वह, उनकी पत्नी और पूरा इजराइल कोलोराडो में हुए भयंकर आतंकवादी हमले में घायल लोगों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहा है। यह हमला शांतिपूर्ण लोगों के खिलाफ था जो हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करना चाहते थे, क्योंकि वे यहूदी थे।



बोल्डर में आतंकी हमले के बाद तैनात सुरक्षाबल।

### हमले पूरे देश में आम होते जा रहे : मिचलेक

एफबीआई के प्रभारी विशेष एजेंट मार्क मिचलेक ने कहा, इस तरह के हमले पूरे देश में आम होते जा रहे हैं। हिंसा करने वाले देश भर में लोगों को डरा रहे है। घायलों की उम्र 52 से 88 वर्ष के बीच है तथा कुछ लोग गंभीर जख्मी हुए हैं। यह हमला उस समय हुआ जब रन फॉर देयर लाइव्स नामक स्वयंसेवी समूह के लोग गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के वास्ते अपना साप्ताहिक प्रदर्शन समाप्त कर रहे थे।

### वीडियो में में एक के बाद एक बम फेंकते दिखा आरोपी

घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में एक प्रत्यक्षदर्शी चिल्लाता हुआ दिखाई दे रहा है, वह 'मोलोटोव कॉकटेल' (पेट्रोल बम) फेंक रहा है। वहीं, एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक तानकर संदिग्ध व्यक्ति की ओर बढ़ रहा है, जिसने दोनों हाथों में कंटेनर पकड़ रखे हैं। सैन डिएगो के एलेक्स ओसांटे ने बताया कि वह मॉल के सामने एक रेस्तरां के बाहर दोपहर का भोजन कर रहे थे, तभी उन्होंने जमीन पर बोतल टूटने की आवाज सुनी, जिसके बाद एक 'धमाका' हुआ और उसके बाद लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। उसने फिर पेट्रोल बम फेंका, लेकिन इसे फेंकते समय वह गलती से आग की चपेट में आ गया।

### लॉस एंजिलिस काउंटी में गोलीबारी में एक अधिकारी की मौत, एक घायल

**अमेरिका।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस काउंटी में एक व्यक्ति के राइफल से गोलीबारी करने और एक घायल व्यक्ति के सड़क पर पड़े होने की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंचे एक पुलिस अधिकारी की गोलीबारी में मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि अधिकारी रविवार रात को जब घटनास्थल पहुंचे तो संदिग्ध ने उन पर गोलीबारी की। एक अधिकारी ने इसके जवाब में गोलियां चलाईं। लॉस एंजिलिस शेरिफ के कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक संदिग्ध घायल हो गया जिसे हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी की पहचान अभी नहीं हो पाई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने मारे गए अधिकारी की पहचान सैमुएल रिवेरोस के रूप में की है।

# भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं: मोदी

- प्रधानमंत्री ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की।

पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं। मोदी ने कहा, हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मर्कोसुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया। कहा, हम इसे आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। मर्कोसुर या दक्षिण का साझा बाजार अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे से मिलकर बना एक व्यापारिक समूह है। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे एकजुट हैं।



पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग

प्रधानमंत्री ने पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा, भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं। और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि भारत कोविड महामारी के दौरान अपने टीके साझा करके पराग्वे को सहायता प्रदान कर सका। हम अपनी क्षमताओं को और अधिक साझा करके सहयोग की इस भावना को जारी रखने के लिए तत्पर हैं। भारत और पराग्वे के बीच 13 सितंबर 1961 को राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।

# पुतिन कर रहे नए हमले की तैयारी

- जेलेंस्की से मैक्रों की मुलाकात के बाद अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने दी जानकारी


**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में एक नए सैन्य हमले की तैयारी करते हुए शांति वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो सप्ताह उस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं जिसके कारण कई शहर पहले ही तबाह हो गये हैं और लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने तथा रूस की बमबारी से तबाह हुए इलाकों का दौरा करने के बाद पेरिस में एसोसिएटेड प्रेस से बात की। पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वार्ता के लिए पहुंचे सीनेटरों ने चेतावनी दी कि नए हमले को रोकने का अवसर समाप्त हो रहा है।

### यूक्रेन-रूस ने तुर्किये में अगले दौर की शांति वार्ता शुरू की

**इस्तांबुल :** रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों ने दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता सोमवार को तुर्किये में शुरू की। हालांकि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में इस वार्ता में किसी भी महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद कम है। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव कर रहे हैं जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल पुतिन के करीबी सहयोगी व्लादिमीर मेदेंस्की के नेतृत्व में बैठक में शामिल हुआ। तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान ने शहर के सिरागन पैलेस में वार्ता की अध्यक्षता की तथा शुरुआती संबोधन दिया। दोनों देशों के अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि वे युद्ध को रोकने के लिए प्रमुख शर्तों के मामले में बहुत दूर हैं। इस बीच 1,000 किमी (620 मील) के अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई जारी रही और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के क्षेत्र पर भीतर तक हमले किए। यूक्रेन ने कहा कि रविवार को यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में रूस के भीतर 40 से अधिक रूसी विमानों को नष्ट कर दिया गया, जबकि मॉस्को ने मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया।



## पाकिस्तान में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन

**कराची।** सिंध प्रांत में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने हैदराबाद शहर में एक ऐतिहासिक मंदिर की छह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन कराची से 185 किमी दूर मूसा खातियान जिले के टांडो जाम कस्बे में रविवार को हुआ। हिंदू समुदाय की नेता सीतल मेघवार ने मीडिया से कहा, इन लोगों ने मूसा खातियान में शिव मंदिर शिवाला की जमीन पर पहले ही अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। महिलाओं व बच्चों सहित प्रदर्शनकारी पाकिस्तान दलित इत्तेहाद-पाकिस्तान द्रविड़ गठबंधन (पीडीआई) के आह्वान पर बाहर आए, जो हिंदू समुदाय के कल्याण और अधिकारों के लिए लड़ता है। अन्य नेता राम सुंदर ने कहा, मंदिर हमारे लिए पवित्र है और इन बिल्डरों ने समुदाय के श्मशान घाट सहित मंदिर के आसपास की जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया है।

# नकल पर उतारू पाकिस्तान, अपने सांसदों के दल को भी भेजा विदेश

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान ने भारत के साथ हालिया संघर्ष के बाद अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने वैश्विक कूटनीतिक प्रयास का ब्योरा जारी किया और दोनों देशों के बीच समस्याओं से निपटने के लिए बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिये दो प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग दिशाओं में भेजे हैं।

यह कदम भारत द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अपने कूटनीतिक संपर्क के तहत 33 वैश्विक राजधानियों में सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के बाद उठाया गया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गये थे। विदेश कार्यालय ने कहा, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर एक उच्च-स्तरीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लंदन और ब्रसेल्स का दौरा कर रहा है।

### पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में दर्शाना वास्तविकता से दूर

**इस्लामाबाद।** विदेश कार्यालय (एफओ) ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में चित्रित करने का कोई भी प्रयास वास्तविकता से अलग है। एफओ आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की भारतीय नेतृत्व द्वारा की गई आलोचना का जवाब दे रहा था। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भारतीय नेताओं ने हाल के दिनों में सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल और 3 कोड़े मारने की सजा

**सिंगापुर।** यहां की एक अदालत ने 16 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने, इस कृत्य का वीडियो बनाने और उससे जबरन धन वसूली के मामले में भारतीय मूल के सिंगापुर के एक नागरिक को तीन साल से अधिक की जेल और तीन कोड़े मारने की सजा सुनाई है। 27 वर्षीय मार्क जस्टिन लैंड्रियो चंद्रमोहन की सजा शुक्रवार से शुरू होगी क्योंकि उसे अपना कर्जा चुकाने के लिए कुछ समय दिया गया है। पीड़िता 'शुगर डैडी' व्यवस्था से पीछे हट गई थी जिसके बाद चंद्रमोहन ने उस पर दबाव बनाया। शुगर डैडी' शब्द का प्रयोग आमतौर पर एक वृद्ध, धनी व्यक्ति के लिए किया जाता है जो किसी कम उम्र की महिला या व्यक्ति से संबंध रखने, यौन संबंध के बदले में वित्तीय या भौतिक सहायता प्रदान करता है।

## फलस्तीन के पक्ष में भाषण के बाद भारतीय-अमेरिकी छात्रा दीक्षांत समारोह में भाग लेने से प्रतिबंधित

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में पढ़ाई कर रही एक भारतीय-अमेरिकी छात्रा को गाजा में जारी युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोक दिया गया। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। छात्रा मेघा वेमुरी का नाम गाजा में जारी युद्ध का विरोध करने के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने वाले छात्रों की सूची में नवीनतम है।

वेमुरी ने बताया कि उसके भाषण के बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उसे बताया कि उसे शुक्रवार को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं है तथा कार्यक्रम समाप्त होने तक उसे परिसर में भी आने की अनुमति नहीं है। स्कूल के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, एमआईटी स्वतंत्र अभिव्यक्ति का समर्थन करता है लेकिन वह अपने उस निर्णय पर कायम है, जो उस छात्रा के जानबूझकर और बार-बार समारोह के आयोजकों को गुमराह करने और मंच से विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के जवाब में लिया गया है।

**सहयोग** भारत का रक्षा कवच होगा और मजबूत, रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने दी जानकारी

# रूस 2026 तक देगा बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस 2025-2026 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की बाकी इकाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाबुश्किन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष में एस-400 मिसाइल प्रणाली ने बेहद प्रभावी ढंग से काम किया।

बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों के क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के संकेत भी दिए। उन्होंने कहा, हमने सुना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष के दौरान एस-400 ने बहुत ही प्रभावी ढंग से काम किया। हमारे बीच सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। यूरोप और यहां की स्थिति के मद्देनजर, हम महसूस कर रहे हैं कि वायु रक्षा प्रणाली सामान्य रूप से रक्षा तैयारी में हमारी साझेदारी के सबसे आशाजनक पहलुओं में से एक है। बाबुश्किन ने इस बात की पुष्टि की कि बाकी दो एस-400 इकाइयों के लिए अनुबंध प्रगति पर है और इनकी आपूर्ति सार्वजनिक रूप से घोषित समयसीमा के अनुरूप 2025-26 तक पूरी होने की उम्मीद है। भारत ने 2018 में रूस के साथ एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन के लिए 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। यह एक अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणाली है।



### रूसी राजदूत ने कहा- उनका देश कई वर्षों से खतरे का कर रहे सामना

उन्होंने कहा, हम वायु रक्षा प्रणालियों पर वार्ता को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए इस साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। बाबुश्किन ने मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिवेश में इस तरह के सहयोग के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। ड्रोन के बढ़ते खतरे का जिक्र करते हुए, खास तौर पर भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान उनके व्यापक इस्तेमाल के मद्देनजर, बाबुश्किन ने ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने में रूस के अनुभव को रेखांकित किया। बाबुश्किन ने कहा, हम कई वर्षों से इस खतरे का सामना कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हमारी प्रणालियों का लगातार आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों के साझा हित में होगा कि इस खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए और कुछ अन्य सहयोग कायम किए जाएं।" उन्होंने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणालियां पहले से जारी भारत-रूस रक्षा वार्ता में शामिल हैं। बाबुश्किन ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संभावित भारत यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, सटीक तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह किसी भी समय हो सकती है। हम इसके (यात्रा के) इसी महीने होने की उम्मीद कर रहे हैं।

## पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रूढ़िवादी करोल की जीत

- नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हुए हासिल



**वारसॉ (पोलैंड)।** पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रुढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। सोमवार को मतगणना के अंतिम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।

इस चुनावी मुकाबले में उदारवादी यूरोपीय संघ समर्थक त्राज्स्कोव्स्की का मुकाबला दक्षिणपंथी लॉ एंड जस्टिस पार्टी द्वारा समर्थित रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से था। करीबी मुकाबले पर दो सप्ताह पहले शुरू हुए चुनाव के पहले दौर से लेकर सोमवार की सुबह तक देश की नजर रही और इससे स्पष्ट हुआ कि इस देश में गहरे मतभेद मौजूद हैं। प्रारंभिक एग्जिट पोल में त्राज्स्कोव्स्की जीत की ओर अग्रसर दिखाने के कुछ घंटे बाद नतीजों ने तस्वीर उलट दी।